निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, रविवार, 19 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 153 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




श्रीलंकाई प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की






## संक्षिप्त समाचार

### बस की ठोकर से अधेड़ की मौत

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के लुकैया में शनिवार को एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय रामचंद्र महतो की मौके पर ही मौत हो गई। रांची-बोकारो मुख्य मार्ग पर हुई इस घटना में एक बस ने मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में शिवलाल सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें बेहतर इलाज के लिए बोकारो सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### घाटशिला विस उपचुनाव के लिए तीन अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि घाटशिला (अ.ज.जा) विधानसभा उप चुनाव हेतु आज शनिवार को 3 अभ्यर्थी द्वारा कुल 4 नामांकन पत्र भरे गए है। इस प्रकार अब तक कुल 7 अभ्यर्थियों द्वारा 11 नामांकन पत्र भरे गए। विदित हो कि उम्मीदवारों द्वारा उप चुनाव में भाग लेने के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर है, वहीं उम्मीदवारों द्वारा भरे गए नामांकन प्रपत्र की स्क्रुटनी 22 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवारों द्वारा अभ्यर्थिताएं वापस लेने की अंतिम तारीख 24 अक्टूबर है।

### जमीन विवाद में हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक की हत्या

**गोड्डा(नबिटा ब्यूरो)।** हनवारा थाना क्षेत्र के परसा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। मृतक की पहचान महागामा कन्या प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक हिदायत सिद्दीकी के रूप में हुई है। मृतक के पिता हारून रसीद ने बताया कि हिदायत सिद्दीकी सुबह टहलने निकले थे और अपने खेत पर गए थे। वहां पहले से घात लगाए बैठे मोहम्मद शरीफ और अन्य लोगों ने उन्हें गाली देना शुरू कर दिया और मारपीट करने लगे।

### ऑटो पलटने से महिला की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र में शनिवार को यात्रियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। यह दुर्घटना बांसडीह घाटी में हुई। इस हादसे में मौके पर ही एक वृद्ध महिला की ऑटो के नीचे दबकर मौत हो गई जबकि करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक महिला की पहचान पालकोट डिपाटोली निवासी 70 वर्षीय सुकरी देवी के रूप में हुई है। घायलों में अमन लकड़ा, कमला देवी, राजेश उरांव, सुरेश कुमार, राजू लकड़ा और अनूप कुमार शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### मुन्ना सिन्हा हत्याकांड का आरोपित गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में मुन्ना सिन्हा उर्फ जितेंद्र प्रसाद की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी अरुण ठाकुर उर्फ डोमन ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह घटना 14 अक्टूबर को हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक मुन्ना सिन्हा और आरोपी अरुण ठाकुर के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के दौरान दोनों में बहस हुई। गुस्से में आकर अरुण ठाकुर ने कुल्हाड़ी से हमला कर मुन्ना सिन्हा की हत्या कर दी।

# सरकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने में पंचायत सचिवों की भूमिका महत्वपूर्ण : वित्त मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** भ्रम की स्थिति होने पर वैधानिक परामर्श, विधि विभाग से मांगा जाता है। विधि विभाग द्वारा जब परामर्श दिया जाता है तो उसके विपरीत कार्य होता है। यह बात झारखंड सरकार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पलामू में पंचायत सचिवों के सम्मेलन में कहीं। वित्त मंत्री ने कहा कि मंत्री रहते उन्होंने विधि विभाग के परामर्श के मामले में अनुभव किया है। पलामू में पंचायत सचिवों का प्रमंडल स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड सरकार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पंचायत सचिवों की



सेवा नियमावली में संशोधन को लेकर वह सरकार को पत्र लिखेंगे। वित्त मंत्री ने कार्मिक विभाग के कार्यों को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि तय समय पर सभी को प्रमोशन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह गलत है कि एक डिपार्टमेंट के जुड़े लोगों को प्रमोशन मिलता है जबकि दूसरे लोग कुंठित रह जाते हैं। पंचायत सचिव विकास योजनाओं की जड़ है, इन्हें मजबूत करना बेहद जरूरी है। ग्राम स्तर पर शासन की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने में पंचायत सचिवों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके समर्पण और कार्यनिष्ठा से ही विकास की धारा गांव-गांव तक पहुंच रही है। दरअसल पंचायत सचिव के सम्मेलन में कई मुद्दों को उठाया गया है। सम्मेलन में पंचायत सचिवों ने कहा कि राजस्व कर्मचारी और पंचायत सचिव एक ही तरह से नियुक्त होते हैं। राजस्व कर्मचारी अंचल निरीक्षक, अंचल पदाधिकारी, स्कूटी मजिस्ट्रेट के पद से रिटायर हो होते हैं लेकिन एक पंचायत सचिव, पंचायत सचिव के पद पर भर्ती होता है और वहीं से रिटायर हो जाते हैं। पंचायत सचिव के कंधे पर राज्य सरकार के विकास योजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी होती है।

# अपहृत युवक सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**देवघर।** देवघर पुलिस ने फिरौती के लिए अपहरण किए गए एक युवक को सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। मोहनपुर थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी 26 वर्षीय मुन्ना कुमार मंडल का अपहरण फिरौती के लिए किया गया था। मुन्ना की पत्नी मधु कुमारी ने अपने मोबाइल से थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार ने पुलिस बल के साथ जांच और छापेमारी अभियान शुरू किया। पुलिस की तेज कार्रवाई के बाद अपहृत मुन्ना कुमार मंडल को भौरा-जमुआ जंगल क्षेत्र से अपराधियों का पीछा करते हुए सकुशल बरामद किया गया। मुन्ना कुमार मंडल के लिखित बयान के आधार पर मोहनपुर थाना में 15 अक्टूबर 2025 को कांड संख्या 257/2025, धारा 140 (2/3)(5) (भा.न्या.स. 2023) के तहत मामला दर्ज किया गया। तकनीकी साक्ष्यों और गहन अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मोहनपुर निवासी जामुन यादव उर्फ यमुना यादव (28), दुमका के पिपराडंगाल निवासी प्रदीप खिरहर उर्फ प्रदीप यादव (25, वर्तमान पता रिखिया, देवघर) और मोहनपुर के धावाटांड़ निवासी अरुण कुमार यादव उर्फ ब्लास्टर शामिल हैं। गिरफ्तार प्रदीप यादव के स्वीकारोक्ति बयान पर पुलिस ने अपहृत मुन्ना की लूटी हुई बाइक को धावाटांड़ जंगल से बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी है। एसपी ने इस मामले में टीम की तत्परता की सराहना की है।

# होटल में दो नाबालिगों से सामूहिक दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची थाना क्षेत्र स्थित कैलाश होटल में दो 12 वर्षीय नाबालिग बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस घटना में चार युवकों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों पीड़िता पड़ोस की ही रहने वाली हैं। वे एक परिचित के बहकावे में आकर होटल पहुंची थीं, जहां उनके साथ यह वारदात हुई। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही साकची थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और सभी चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में सोनारी थाना क्षेत्र के बिहार ग्रिन निवासी कैलाश मिश्रा, चतरा ईटखोरी के करण कुमार राणा, कदमा शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर-4 के रौनक कुमार दास उर्फ श्रेयश और सोनारी सीपी क्लब के पास रहने वाले तरुण शर्मा उर्फ गोलू शामिल हैं। पुलिस ने दोनों नाबालिग पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया है और कोर्ट में उनके बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अन्य संभावित आरोपियों या सहयोगियों की भूमिका की भी पड़ताल जारी है। स्थानीय लोगों ने घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सभी दोषियों को कड़ी कानूनी सजा देने की मांग की है।

# चाईबासा में दो नक्सली गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चाईबासा।** जिला पुलिस और सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। एक संयुक्त अभियान के तहत दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है जिससे रातामाटी पुलिया पर हुए आईईडी ब्लास्ट मामले का खुलासा हुआ है। यह कार्रवाई महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड, रांची के निर्देश पर झारखंड पुलिस, कोबरा, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर द्वारा की गई। एसपी अमित रेणु ने बताया कि यह मामला छोटानागरा थाना क्षेत्र के रातामाटी इलाके में 9-10 अक्टूबर की मध्य रात्रि को हुई घटना से जुड़ा है। नक्सलियों ने यहां एक पुलिया को आईईडी लगाकर क्षतिग्रस्त कर दिया था।



इस संबंध में छोटानागरा थाना में कांड संख्या 21/2025, 10 अक्टूबर को दर्ज किया गया था, जिसमें विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीकृत किया गया। मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इस घटना में शामिल दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अलब्रेट लोमगा उर्फ रेंगो लोमगा (19) और विकास लोमगा उर्फ रापा लोमगा उर्फ गबरी लोमगा उर्फ बालका लोमगा (20) के रूप में हुई है। इनके पास से 22 पीस 9 बोल्ट की बैटरी और लगभग 200 मीटर बिजली का तार बरामद किया गया है। एसपी अमित रेणु ने यह भी बताया कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्तों के साथ कोल्हान व सारंडा क्षेत्र में सक्रिय हैं। ये नक्सली पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने तथा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के उद्देश्य से लगातार क्षेत्र में घूम रहे हैं। इन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल लगातार अभियान चला रहे हैं।

# बिहार की तर्ज पर मिले चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को प्रोन्नति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सरकारी कार्यालयों में कार्यरत चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को प्रोन्नति देने की मांग तेज हो गई है। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ ने केंद्र सरकार के फैसले के अनुरूप बिहार की तरह झारखंड में भी चतुर्थवर्गीय कर्मियों को तृतीय श्रेणी में प्रोन्नति देने की मांग की है। महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि झारखंड गठन के बाद से किसी भी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को प्रोन्नति नहीं दी गई है जबकि केंद्र सरकार के फैसले के अनुसार अब चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की नियुक्ति सरकारी कार्यालयों में नहीं होगी। ऐसे में जो भी कर्मचारी पूर्व से नियुक्त हैं उन्हें प्रोन्नति देकर तृतीय वर्ग की श्रेणी में लाने का निर्णय है। इस संबंध में सरकार से पिछले दिनों शिष्टमंडल के द्वारा मांग भी की गई थी लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। हमें उम्मीद है कि सरकार सकारात्मक रूख अपनाते हुए 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर जरूर कोई फैसला लेगी। राज्य सरकार के कार्यालय में करीब 30 हजार चतुर्थवर्गीय कर्मचारी हैं, जो सचिवालय से लेकर जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति देकर समायोजित करना है। बिहार ने इस संबंध में बड़ी पहल करते हुए वहां के सभी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में समायोजित करते हुए कार्यालय एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट पद पर पदस्थापित किया गया है। झारखंड में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को पद पर प्रोन्नति देने के मामले में सरकार ने पहल तो की है लेकिन नियमावली में विसंगति होने की वजह से अभी भी यह मामला लटका हुआ है। ऐसे में वैसे कर्मचारियों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बंधक बनाकर व्यवसायी के घर से छह लाख कैश व जेवर की लूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** जिले में अपराधी बेलगाम होते जा रहे हैं। उसे अब कानून का भी डर नहीं है। आलम यह है कि अपराधी बंधक बनाकर परिवारजनों की पिटाई भी कर रहे हैं और बंदूक की नोक पर लूटपाट कर फरार हो जा रहे हैं। ताजा घटना हजारीबाग के बरकट्ठा के गोरहर थाना क्षेत्र में सीमेंट व्यवसायी सुनील कुमार पांडेय के साथ हुई है। बीती रात अपराधियों ने सीमेंट व्यापारी सुनील कुमार पांडेय के घर और दुकान में डकैती की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने पहले सुनील कुमार पांडेय और उनके परिवारवालों को बंधक बना लिया और फिर बंदूक की बट से मारकर घायल कर दिया। घर में रखे लगभग छह लाख रुपये और जेवर लूट कर फरार हो गए। सीमेंट व्यवसायी सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि रात में छह नकाबपोश अपराधी कार और बाइक से 'सूर्यकुंड ट्रेडर्स' दुकान में पहुंचे और उन्हें बंधक बना लिया। अपराधियों ने उन्हें हथियार के बल पर दुकान के ऊपरी तल में ले जाकर हाथ-पैर बांध दिए और बेटे सुमित पांडेय को भी बंदूक की बट से मारकर घायल कर दिया। इसके बाद अपराधी घर में घुसकर नकदी और गहनों की लूटपाट कर फरार हो गये।


बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com


# झारखंड-बिहार सीमा पर पुलिस की निगरानी चौकस : आइजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** बिहार में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे झारखंड से सटे बिहार सीमा पर निगरानी को कई गुना बढ़ा दिया गया है। झारखंड-बिहार सीमा पर सुरक्षा की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी डॉ माइकल राज की अध्यक्षता में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड राज्य के सीमावर्ती जिले हजारीबाग, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, गोड्डा, पलामू, कोडरमा, देवघर, साहिबगंज और दुमका के पुलिस अधीक्षकों के साथ व्यापक रूप से समीक्षा की गई। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में ताया गया है



कि बैठक में आईजी अभियान ने बिहार-झारखंड के सीमावर्ती जिलों में अपराधियों, असामाजिक तत्वों एवं नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाने के साथ-साथ अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध आग्नेयास्त्र, अवैध धन के अंतर्राज्यीय संचारण की रोकथाम के लिए स्थापित किए गए अंतरराज्यीय चेक पोस्ट/मिरर चेक पोस्ट के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बिहार राज्य से सटे झारखंड राज्य के जिले हजारीबाग, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, गोड्डा, पलामू, कोडरमा, देवघर, साहिबगंज एवं दुमका में मिरर चेक पोस्ट सक्रिय करने, अंतरराज्यीय वांछित अपराधियों, वारंटियों और हिस्ट्रीशीटरों के बारे में संयुक्त रूप से सूचना साझा करते हुये वांछित कार्रवाई करने एवं सक्रिय अंतरराज्यीय संगठित अपराध एवं आपराधिक गिरोहों के सरगना समेत एवं उनके सदस्यों तथा बिहार राज्य के वांछित अपराधी, जो झारखंड राज्य के निवासी हैं, उनके खिलाफ संयुक्त कठोर कारगर कार्रवाई करने के लिए संबंधित पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है ताकि बिहार विधानसभा चुनाव-2025 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके।

# अफीम की खेती पर रोक के लिए चौपारण में चला जागरूकता अभियान

## एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने की ग्रामीणों से वैकल्पिक खेती अपनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण हजारीबाग।** बरही अनुमंडल के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह, अहरी एवं सीलोदर गांवों में शनिवार को अफीम की अवैध खेती के रोकथाम को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार विमल ने किया।

कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक बरही अंचल चंद्रशेखर कुमार समेत चौपारण थाना के पुलिस बल भी उपस्थित थे।

एसडीपीओ विमल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अफीम की खेती से समाज और परिवारों पर गहरा नकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि अफीम के मामलों में जेल जाने के बाद कई परिवार बिखर जाते हैं—महिलाओं पर घर की जिम्मेदारियाँ बढ़ जाती हैं और बच्चों की पढ़ाई छूट जाती है। कई नाबालिग बच्चे मजदूरी करने के लिए विवश हो जाते हैं।

उन्होंने ग्रामीणों को अफीम की खेती के कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी और नशे की इस जड़ को समाप्त




करने के लिए सभी को एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया। पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार ने ग्रामीणों से नशीली फसलों की जगह वैकल्पिक एवं लाभकारी खेती अपनाने की अपील की। अभियान के दौरान सैकड़ों ग्रामीण—महिलाएं और पुरुष—उपस्थित रहे और उन्होंने पुलिस अधिकारियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना।

# व्यक्ति विशेष से प्रभावित होकर अनैतिक निर्णय ले रहे थे सहायक नगर आयुक्त : आशीष भारद्वाज

## ■ नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त को हटाने पर मेदिनीनगर के व्यवसायियों ने मंत्री को दिया धन्यवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा शहर में किये जा रहे कार्य अनैतिक, त्रुटिपूर्ण व भ्रष्टाचारयुक्त रहे हैं। फिलहाल दो करोड़ उनचालीस लाख रुपये का स्ट्रीट लाईट लगाने का मामला जो उजागर हुआ, इसमे टेंडर शर्तों को ताक पर रख दिया गया। न कार्य गुणवतापूर्वक हुआ ना सप्लाई। और तो और जिस पदाधिकारी को वित्तीय निर्णय लेने का अधिकार नहीं है, वह पदाधिकारी निविदा तय कर वित्तीय निर्णय लेने जैसा घोर अपराध कर रहा था। ऐसे पदाधिकारी को मेदिनीनगर नगर निगम से हटाया जाना शहर वासियों के साथ न्याय है। उक्त बातें

युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने कही। उन्होंने कहा कि विगत दिनों शहर में मची अव्यवस्था को रोकने के ख्याल से व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल, उनके नेतृत्व में श्रवण गुप्ता व गौरी शंकर गुप्ता आदि के साथ झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को सभी बातों से अवगत कराया। सहायक नगर आयुक्त द्वारा की जा रही मनमानी का जानकारी दी। इन बातों को ध्यान में रखते हुए मंत्री ने सहायक नगर आयुक्त को हटाने का आदेश दिया था। बीते दिन सहायक नगर आयुक्त का पलामू से स्थानांतरण कर दिया गया। इस मामले पर विस्तृत जानकारी देते हुए आशीष भारद्वाज ने कहा कि सहायक नगर आयुक्त की कार्यप्रणाली कतई ठीक नहीं थी। शहर के कुछ पूंजीपतियों के प्रभाव में आकर उन्हें लाभ पहुचाने की मंशा से वे लगातार अनैतिक कार्य कर रहे थे। उनसे मिलकर भी कुछ मामलों पर बात करना चाहा था पर उन्हें लगा कि वे किसी सल्तनत के महाराज हैं। सहायक नगर आयुक्त की कार्यप्रणाली व्यक्ति विशेष से प्रभावित रही थी। इसकी वजह से नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है। ऐसे में शहर के प्रबुद्ध व्यवसाइयों के आग्रह पर वे सभी नगर विकास एवं आवास मंत्री से मिलकर नगर निगम में व्याप्त भीषण अराजकता का जिक्र किया व उनसे सहायक नगर आयुक्त को हटाने का आग्रह किया था। मंत्री ने एसपर कल संज्ञान लेकर मेदिनीनगर नगर निगम से हटा दिया। इसके लिए सभी व्यवसायी उन्हें धन्यवाद देते हैं। कहा कि मंत्री व विभागीय सचिव को बाजार के चीर परिचित मांग - दूकान किराया दर पर भी ध्यान आकर्षित कराया है। आशा है उसका भी समाधान जल्द होगा।

# रेनबो स्कूल बरही में दीपावली पर्व पर सजी सृजनात्मकता की रंगीन छटा

## रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने बिखेरे कला के रंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** दीपावली के पावन अवसर पर शिवपुर गड़लाही स्थित रेनबो स्कूल, बरही में रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगे रंगों और विद्यार्थियों की रचनात्मक कलाकृतियों से उत्सव का माहौल छा गया।

इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पारंपरिक, धार्मिक तथा सामाजिक संदेशों पर आधारित आकर्षक रंगोलियाँ बनाई। बच्चों की सृजनशीलता और कला कौशल ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कार्यक्रम के दौरान कहा



कि रंगोली हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो त्योहारों में सौंदर्य और आनंद का वातावरण बनाती है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सच्चाई, परिश्रम और सद्भाव का दीप जलाएं, ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो सके। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों की रंगोलियों का मूल्यांकन किया और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन की सक्रिय भूमिका रही।

## हजारीबाग उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 1200 किलो जावा महुआ नष्ट, 40 लीटर अवैध शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**■ उपायुक्त के निर्देश पर इचाक थाना क्षेत्र में छापामारी, आरोपी फरार**

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर उत्पाद विभाग, हजारीबाग ने शनिवार को इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत अलोंजकला ग्राम में अवैध शराब निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापामारी में विभागीय टीम ने 1200 किलोग्राम जलमिश्रित जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया तथा 40 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की।

छापामारी के दौरान अवैध शराब निर्माण में शामिल आरोपी मौके से फरार हो गए। सभी फरार अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में उत्पाद विभाग की टीम में अवर निरीक्षक कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक भुनेश्वर नायक एवं प्रतिनियुक्त गृहरक्षक दल शामिल रहे। विभाग ने अवैध शराब निर्माण और व्यापार में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# कैंसर से जूझ रही किरण की जिंदगी पर टूटा दुखों का पहाड़, आर्थिक तंगी बनी इलाज में बाधा

## सहायता की आस में दर-दर भटक रही बक्शीडीह की महिला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रखंड के बक्शीडीह गांव की रहने वाली किरण देवी, पति बेनी राम, आज जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। कभी स्वस्थ और प्रसन्न रहने वाली किरण अब कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ रही हैं, लेकिन आर्थिक तंगी ने उनके इलाज की राह में बड़ी दीवार खड़ी कर दी है।

करीब सात-आठ महीने पहले पेट दर्द की शिकायत पर किरण ने हजारीबाग के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. ओमप्रकाश से इलाज कराया था, जहाँ अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद भी तकलीफ बढ़ती गई, जिसके बाद वह कर्ज लेकर रांची



पहुंचीं। वहीं जांच के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें कैंसर से पीड़ित बताया। बीमारी का पता चलते ही किरण और उनके परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शुरूआत में कर्ज लेकर इलाज शुरू किया गया, परंतु अब कीमोथेरेपी के लिए 50 हजार रुपये की जरूरत है, जिसका इंतजाम वह तीन महीने से नहीं कर पा रही हैं। किरण ने बताया कि उनका कैंसर अभी शुरूआती अवस्था में है और यदि समय रहते इलाज हो जाए, तो उनकी जान बच सकती है। वह हर दिन किसी मददगार या मसीहा के इंतजार में दरवाजे की ओर नजर लगाए रहती हैं, ताकि कोई उनकी सहायता कर सके और उन्हें जीवन का दूसरा मौका मिल सके।

# दीपावली में भी लाइट नहीं लगने से निगम क्षेत्र में रहेगा अंधेरा : रूचिर तिवारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**■ भाजपा के विधायक सांसद पूर्व मेयर एवं बड़े रसूखदार के घर लग गया है निगम के द्वारा लाइट : भाकपा**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि मेदनी नगर नगर निगम में शामिल किए गए नए क्षेत्र रेड़मा ,बारालोटा, हनुमान नगर, परशुराम नगर, रामनगर, सिंगरा, चैनपुर ,शाहपुर सहित कई इलाकों में नगर निगम के द्वारा इस दिवाली के मौसम में भी लाइट नहीं लगाया गया जबकि निगम प्रशासन यह कहती है कि लाइट की कमी हमारे पास नहीं है लेकिन न जाने वह लाइट कहां बंदर बांट हो जा रहा है और कहां चल जा रहा है क्या लाइट केवल बड़े-बड़े अफसर और रईस लोगों के घर पर ही लगने के लिए है आम आदमी गरीब आम जनता का दिवाली क्या है क्या अंधेरा में ही बीतेगा इसका जवाब कौन देगा बड़े ही बेशर्म भाजपा के सांसद और विधायक भी है जो निगम क्षेत्र में दिवाली के समय भी लाइट नहीं लगने पर चुप्पी साधे हुए हैं वहीं पूर्व के जन प्रतिनिधि पूर्व मेयर एवं डिप्टी मेयर सहित कई बड़े रसूखदार एवं नेता अपने घर पर निगम के द्वारा ही अपने रसूक के बल पर बड़े-बड़े लाइट लगवा करके हैप्पी दीपावली एवं हैप्पी धनतेरस कर रहे हैं लेकिन आम जनता के घर में भी प्रकाश आए लाइट लगे उनकी उन्हें तनिक भी चिंता नहीं है। यही हाल नगर निगम का रहा तो आने वाला समय में मेदनी नगर नगर निगम सबसे निचले पायदान पर पहुंच जाएगी।

# बड़ी दुकानों से ही नहीं बल्कि जरूरतमंदों की दुकान से खरीदें दीपावली की सामग्रियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नावाटोली स्थित लिलिपुट ए प्ले स्कूल में दिवाली बड़ी खुशियों के साथ मनाई गयी। खास दिन के मौके पर स्कूल को दिवाली थीम पर आकर्षक रूप से सजाया गया। स्कूल में दिवाली पर भावुक कर देने वाला सामाजिक संदेश देता हुआ एक नाटक मंचन किया गया। इसमें दिखाया गया कि हमें दिवाली की खरीददारी सिर्फ बड़े दुकानों से ही नहीं बल्कि जरूरतमंदों की दुकान से सामान लेने चाहिए। जिसे देखकर सभी की आंखों मे आंसू आ गए। नाटक में अन्वी गुप्ता, चिराग पांडेय, मन्नत सिंह बग्गा, निधि गुप्ता, नमिता भद्रा, लक्ष्मी अग्रवाल ने अहम भूमिका निभाई।




मौके पर बच्चों ने खूब मौज मस्ती की। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बच्चों के संग मिलकर पटाखे जलाए । स्कूल के डायरेक्टर राजीव गोयल ने दिवाली का त्यौहार क्यों मनाते हैं, पर सभी बच्चों को अवगत कराया। कहा कि इस दिन भगवान राम ने लंकापति रावण का वध करके अयोध्या वापस लौटे थे। इसी खुशी पर अयोध्या वालों ने दीपों से पूरी अयोध्या को सजाया था। इसीलिए हम हर साल दिवाली मनाते हैं। इस दिन माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा की जाती है । दिवाली के शुभ अवसर पर स्कूल परिवार ने सभी अभिभावकों को दीवाली की बधाई दी। सभी बच्चों एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं ने मिलकर कर तस्वीरें खिंचवाई। सभी बच्चों को स्कूल की प्राचार्य ने उपहार भेंट किए। मौके पर अनुज सिंह, फलक, अश्विनी कुमार, गणेश, मुस्कान, करनाली, नगमा, तृप्ति, नन्दिनी, ईशा, अरीबा, आयुषी, तनु, वंशिका, सपना, आंचल, पलक, नैंसी, अश्विनी, दीक्षा, मेघा, गुनगुन, शिखा, जानवी सक्रिय थे।

# विवेकानंद विद्यालय चार माइल में लेखन व रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की चमक

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड के खोडाहार स्थित विवेकानंद विद्यालय, चार माइल में शनिवार को लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कला कौशल की झलक हर ओर देखने को मिली।

कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया और अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। लेखन प्रतियोगिता में मानवी कुमारी (वर्ग 5), सुशांत कुमार (वर्ग 9), प्रिया कुमारी (वर्ग 10), सागर कुमार (वर्ग 7), दीपक कुमार (वर्ग 9) और आराध्य कुमारी (वर्ग 4) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में वर्ग 10वीं, 8वीं, 7वीं और 5वीं के विद्यार्थियों ने बेहतरीन कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं।कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक रामचंद्र यादव एवं प्राचार्य बीरेंद्र कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। निदेशक ने



सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने इस सफल आयोजन के लिए शिक्षकों की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर शिक्षक अविनाश कुमार, सुमित राणा, अनुज राणा, राखी राणा, मीरा सिंह, ऋषभ जी, नेहा सिंह और पुष्पा यादव सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मंच पर चमकीं हजारीबाग की बेटियां

# योगासन चैंपियनशिप में दिखाया दमखम पांचों खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**■ सृष्टि जैन ने हासिल किया राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान अब एशियन योगा चैंपियनशिप में करेंगी प्रतिनिधित्व**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग की बेटियों ने एक बार फिर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में जिले की पांचों प्रतिभाशाली बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का मन जीत लिया। इनमें से सृष्टि जैन ने शानदार प्रदर्शन कर चौथा स्थान हासिल किया और अब वे एशियन योगा चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने की प्रबल दावेदार बन गई हैं।

इस उपलब्धि पर नगर के खेल प्रेमियों और नागरिकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। बेटियों के इस अद्भुत प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें सम्मानित करने के लिए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी पाँचों खिलाड़ियों को सम्मान पत्र और अभिनंदन स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी एवं व्यवसायी हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा—'हजारीबाग की योग प्रतिभाएं हमारे जिले का गौरव हैं। ये बेटियां न केवल योग में निपुण हैं, बल्कि पूरे देश को यह संदेश दे रही हैं कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से कोई भी शिखर हासिल किया जा सकता है।'

उन्होंने कहा कि योग न सिर्फ एक खेल है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और आंतरिक शक्ति का प्रतीक है। सृष्टि जैन सहित सभी खिलाड़ियों ने जिले का नाम ऊँचा कर पूरे हजारीबाग को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में स्थानीय खेल प्रशिक्षकों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और आगामी एशियन योगा चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा व्यक्त की।

## 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत चुरचू में कांग्रेस की बैठक

# निसार खान बोले, भाजपा व चुनाव आयोग कर रहे हैं लोकतंत्र पर प्रहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

## जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस चलाएगी राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल के निदेर्शानुसार चुरचू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में चुरचू प्रखंड के चनारो पंचायत सचिवालय में ह्वोट चोर गद्दी छोड़ह्व अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला मीडिया अध्यक्ष सह प्रखंड पर्यवेक्षक निसार खान उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए निसार खान ने कहा कि भाजपा द्वारा वोटों की चोरी कर सरकार बनाने के षड्यंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने संवैधानिक मूल्यों की हत्या कर लोकतंत्र को कमजोर करने का




काम किया है। उन्होंने कहा कि इसी विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा 'वोट चोर गद्दी छोड़' राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, जिसे जन-जन तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम ने कहा कि अब समय आ गया है जब कांग्रेस कार्यकताओं को एकजुट होकर भाजपा की केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जन-आंदोलन खड़ा करना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर आमादा है और चुनाव आयोग भी उसकी मिलीभगत में काम कर रहा है। कार्यक्रम के पश्चात पर्यवेक्षक निसार खान द्वारा चुरचू प्रखंड के आठों पंचायतों के चुने हुए सदस्यों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष चोलेश्वर महतो ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड उपाध्यक्ष आरिफ अंसारी ने दिया। मौके पर एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव रवि कुमार, जिला महासचिव जय प्रकाश यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष देवकी महतो, चुरचू मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, युवा नेता कैफ रजा, प्रखंड महासचिव सज्जाद हुसैन समेत कई पंचायत अध्यक्ष और सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धनतेरस पर धनवर्षा! बाजारों में रौनक, महंगाई के बावजूद लोगों ने की जमकर खरीदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। धनतेरस के अवसर पर राजधानी रांची के बाजारों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली। त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह इस कदर था कि हरमू सहित प्रमुख बाजारों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे कई जगहों पर ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित हुई। महंगाई के बावजूद लोगों ने परंपरागत रूप से पीतल के बर्तन, झाड़ू, सोने-चांदी के आभूषण और गाड़ियों की जमकर खरीदारी की।



**सोने-चांदी की दुकानों पर लगी लंबी कतारें**

दोपहर बाद बाजारों में खरीदारी का सिलसिला तेज हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। राहत की बात यह रही कि कई दिनों बाद सोने-चांदी के दामों में हल्की नरमी देखी गई। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में दाम अब भी ऊंचे हैं, लेकिन श्रद्धा के आगे महंगाई का असर फीका पड़ गया। आभूषण दुकानों पर लंबी कतारें लगी रहीं और ग्राहकों का उत्साह देखने लायक था।

हरमू स्थित आभूषण विक्रेता संजीव कुमार ने बताया कि इस बार ग्राहकों की भीड़ पिछले साल से अधिक रही। दामों में तेजी के बावजूद लोग बड़ी संख्या में खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, ग्राहक नीतू ने बताया कि उन्होंने इस बार सोना नहीं, बल्कि चांदी के सामान की खरीदारी की है। उन्होंने कहा कि चांदी के दाम भी बढ़े हुए हैं, जिससे बजट पर असर पड़ा है।

**25 हजार करोड़ से अधिक के कारोबार की उम्मीद**

व्यापारिक संगठनों का अनुमान है कि धनतेरस पर रांची सहित पूरे झारखंड में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होगा। परंपरा के अनुसार झाड़ू को लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है, इसलिए लोग झाड़ू की भी खूब खरीदारी कर रहे हैं।

**वाहन बाजार में भी दिखा उत्साह**

आभूषण और बर्तन के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बिक्री में भी इस वर्ष रिकॉर्ड वृद्धि देखने को मिल रही है। जीएसटी दरों में कमी की वजह से गाड़ियों के दाम घटे हैं, जिससे ग्राहकों में उत्साह और बढ़ गया है। कई लोगों ने धनतेरस के अवसर पर गाड़ियों की डिलीवरी के लिए पहले से ही बुकिंग कर रखी थी। सुबह से ही शोरूमों में नए वाहन लेने वालों की भीड़ लगी रही। कुल मिलाकर, धनतेरस और दीपावली को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य का बाजार गुलजार है। लोग अपनी क्षमता और आवश्यकता के अनुसार जमकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे पूरे शहर में उत्सव का माहौल बना हुआ है।

# दीपावली को लेकर रांची में फायर ब्रिगेड और पुलिस अलर्ट, बाजार बंद होने तक रहेगी कड़ी निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। दीपावली को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा और सतर्कता के विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। पुलिस से लेकर फायर ब्रिगेड तक सभी विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में हैं। धनतेरस से दीपावली तक शहर के सभी थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों के बंद होने तक लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटा जा सके।



**पुलिस की चौकसी बढ़ी, क्यूआरटी की तैनाती**

रांची एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। शहर में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 14 स्थानों पर अग्निशमन वाहन और 13 स्थानों पर एंबुलेंस तैनात की गई हैं। वहीं, शहर के कई इलाकों में काली पूजा पंडालों का निर्माण हो चुका है। सभी पंडालों में मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है। दीपावली के दौरान तेजी से कार्रवाई के लिए पुलिस की क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT) भी पांच प्रमुख स्थानों—अल्बर्ट एक्का चौक, पिस्का मोड़, बिरसा चौक, चांदनी चौक और कांके रोड—पर तैनात की गई है।

**फायर ब्रिगेड भी तैयार, जारी हुई गाइडलाइन**

झारखंड फायर ब्रिगेड विभाग ने भी दीपावली के लिए व्यापक तैयारी की है। रांची के सभी फायर स्टेशनों को अलर्ट पर रखा गया है। इस बार फोम युक्त अग्निशमन वाहनों की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही, विभाग की ओर से लोगों को सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए हेल्पलाइन नंबर और दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। डोरंडा, आड्रे हाउस, धुर्वा और पिस्का मोड़ स्थित चारों फायर स्टेशनों में चार-चार बड़े दमकल वाहन, चार छोटे दमकल वाहन और फोम टेंडर तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और पटाखा बाजारों को केंद्र में रखते हुए 12 स्थानों पर अतिरिक्त दमकल वाहन और हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म भी तैनात किए गए हैं। आपात स्थिति में आग बुझाने के लिए पर्याप्त फोम और अन्य संसाधनों का इंतज़ाम किया गया है।

**हेल्पलाइन नंबर जारी**

आग लगने की स्थिति में 112 या 100 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा फायर ब्रिगेड के अलग-अलग स्टेशनों के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं —

डोरंडा फायर स्टेशनः 9304953404

पिस्का मोड़ फायर स्टेशनः 9304953405

आड्रे हाउस फायर स्टेशनः 9304953406

धुर्वा फायर स्टेशनः 9304953407

प्रशासन ने अपील की है कि लोग दीपावली के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

# रंगोली व चित्रकला के माध्यम से 'हमारा वोट, हमारा भविष्य' का मतदाताओं को दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड जहानाबाद के द्वारा पी.पी.एम. स्कूल जहानाबाद एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जहानाबाद में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्काउट- गाइड के द्वारा चित्रकला एवं रंगोली के माध्यम से हमारा वोट- हमारा भविष्य, हम मतदान करेंगे- मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करेंगे का संदेश मतदाताओं को दिया। जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार ने मतदाता जागरूकता के अंतर्गत उपस्थित शिक्षक/शिक्षिकाओं को लोकतंत्र के मजबूती

के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं स्काउट- गाइड और विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपने अभिभावकों एवं आसपास के लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने के लिए संकल्प लेने की बात कही।मौके पर उपस्थित भारत स्काउट और गाइड के एडल्ट रिसोर्स पर्सन डॉक्टर एस.के. सुनील ने उपस्थित सभी को मतदान के महत्व को बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम जन जागरूकता का सशक्त माध्यम है, आप सभी अपने आसपास के लोगों को 11 नवंबर 2025 को पहले मतदान फिर जलपान का संदेश देने हेतु प्रेरित किया। वहीं दूसरी ओर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जहानाबाद में दीपोत्सव के अवसर पर स्काउट-गाइड ने विद्यालय परिसर में मतदान करें- देश बढ़े मतदाता जागरूकता के अंतर्गत रंगोली के माध्यम से लोगों को प्रेरणा रूपी संदेश दिया। मौके पर उपस्थित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान सुष्मिता भारद्वाज ने सभी को दीपावली और छठ पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि स्काउट-गाइड के द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता गतिविधियों से छात्र-छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरणा मिलती है एवं समाज के मतदाताओं को अपनी मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश भी जाता है।कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय के संभाग प्रभारी जयंत कुमार आचार्य , प्रियंका कुमारी वार्डन -सह- शिक्षिका एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।




# नगर पंचायत क्षेत्र में जदयू प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह का ऐतिहासिक स्वागत

**रफीगंज/नबिटा संवाददाता**। नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार को जदयू के एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह का ऐतिहासिक स्वागत हुआ। नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद श्री सिंह ने नगर पंचायत क्षेत्र में भव्य जनसंपर्क यात्रा का आगाज़ किया। इस दौरान सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की भीड़ अपने नेता की एक झलक पाने को आतुर दिखी। जगह-जगह पुष्पवर्षा, फूल-मालाओं से स्वागत, ढोल-नगाड़ों की थाप और गगनभेदी नारों से पूरा इलाका चुनावी रंग में रंग गया। जनसंपर्क यात्रा में छात्र, युवा, महिलाएं, व्यापारी वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों की व्यापक भागीदारी रही। सभी ने श्री सिंह के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि वह एक ज़मीनी नेता हैं, जिन्होंने हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़े रहकर उनका विश्वास जीता है। सभा को संबोधित करते हुए प्रमोद कुमार सिंह ने कहा, "जनता का जो स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है, उससे साफ है कि 2025 में बिहार में एनडीए की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। हम 225 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। यह चुनाव विकास बनाम वादाखिलाफी का है। जनता अब जान चुकी है कि किसने उनके लिए काम किया और कौन सिर्फ वादे करता रहा।" उन्होंने कहा कि जनता ने यदि उन्हें सेवा का अवसर दिया तो नगर पंचायत क्षेत्र को "मॉडल क्षेत्र" बनाया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, स्वच्छता और युवाओं के रोजगार के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने का वादा किया। उन्होंने कहा, "यह चुनाव सिर्फ एक कुर्सी का नहीं, बल्कि क्षेत्र के सम्मान, विकास और भविष्य का चुनाव है। आप सभी एकजुट होकर एनडीए को मजबूत करें और मुझे सेवा का अवसर दें।" इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, मुखिया संजय कुमार, पंचायत समिति सदस्य मंटू शर्मा, पूर्व मुखिया भोला चौधरी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, हम के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, महामंत्री शिवनारायण साव समेत अनेक पार्टी पदाधिकारी और हजारों समर्थक मौजूद रहे।

## महिलाओं को लोकतंत्र में भागीदारी के लिए किया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। लोकतंत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'हैंड इन हैंड इंडिया' संस्था द्वारा रजौली-नवादा के जोगियामारन पंचायत के सतगीर गांव में एक महत्वपूर्ण मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उनके मतदान के अधिकार, इसकी महत्ता और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में उनकी भागीदारी के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम ने महिलाओं में सामाजिक-राजनीतिक समझ को मजबूत करने और उन्हें सक्रिय नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने का काम किया।


## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/38, दिनांक: 16.10.2025।**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल में 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए स्टेशन परिसर तथा सर्कुलेटिंग एरिया पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटेलॉग संख्या: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-38। नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 31.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू. संख्या; लॉट संख्या** एवं **विवरण** निम्नानुसार हैं : **1;** एए/1; **एडीवीटी-आईएनटी-269353-2-25-1** (एडवरटाइजिंग - ट्रेन इंटीरियर) एवं ट्रेन संख्या 22303/22304 (हावड़ा-गया-हावड़ा) वन्दे भारत एक्सप्रेस के सभी 16 कोचों में फैक्टरी फिटेड 32 इंच एलसीडी टीवी के जरिये वाणिज्यिक विज्ञापन के अधिकार का अनुबंध प्रदान करना। **2;** एए/2; **एडीवीटी-आईएनटी-174407-2-25-1** (एडवरटाइजिंग - ट्रेन इंटीरियर) एवं ट्रेन संख्या 22301/22302 (हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा) वन्दे भारत एक्सप्रेस के सभी 16 कोचों में फैक्टरी फिटेड 32 इंच एलसीडी टीवी के जरिये वाणिज्यिक विज्ञापन के अधिकार का अनुबंध प्रदान करना। **3;** एए/3; **एडीवीटी-आईएनटी-249813-2-25-1** (एडवरटाइजिंग - ट्रेन इंटीरियर) एवं ट्रेन संख्या 22309/22310 (हावड़ा-जमालपुर-हावड़ा) वन्दे भारत एक्सप्रेस के सभी 08 कोचों में फैक्टरी फिटेड 32 इंच एलसीडी टीवी के जरिये वाणिज्यिक विज्ञापन के अधिकार का अनुबंध प्रदान करना। **4;** एबी/1; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-133-24-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) एवं कटवा, खागड़ाघाट रोड एवं आजिमगंज जंक्शन स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 06 ग्लोबॉल टॉवरों की स्थापना के जरिये वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **5;** एबी/2; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-55-25-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) एवं हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझाकरण के आधार पर रेलवे स्थापित 01 (एक) अदद वीडियो वाल के जरिये रेलवे सूचना एवं विज्ञापन के प्रदर्शन का अधिकार प्रदान करना। **6;** एबी/3; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-54-25-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) एवं हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझाकरण के आधार पर रेलवे स्थापित 01 (एक) अदद वीडियो वाल के जरिये रेलवे सूचना एवं विज्ञापन के प्रदर्शन का अधिकार प्रदान करना। **7;** एबी/4; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीबीएई-ओएच-139-25-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) एवं बैद्यबाटी, मानकुण्डू, चुंचुड़ा एवं बैंडेल स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 09 (नौ) ग्लोबॉल टॉवरों की स्थापना के जरिये वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **8;** एबी/5; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-ओएच-137-25-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) एवं डानकुनी, बेलूरमठ एवं सेवड़ाफुली स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 07 (सात) ग्लोबॉल टॉवरों की स्थापना के जरिये वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **9;** एबी/6; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीईए-ओएच-140-25-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) एवं दियाड़ा, नालिकुल, हरिपाल, कैकाला एवं आरामबाग स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 06 (छह) ग्लोबॉल टॉवरों की स्थापना के जरिये वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **10;** एबी/7; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-ओएच-131-24-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) एवं सैंथिया एवं रामपुरहाट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 04 (चार) ग्लोबॉल टॉवरों की स्थापना के जरिये वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **11;** एबी/8; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-ओएच-132-24-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) एवं गुसकरा, बोलपुर एवं प्रान्तिक स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 09 ग्लोबॉल टॉवरों की स्थापना के जरिये वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **12;** एसी/1; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-ओएसडी-120-24-1** [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (डिजिटल)] एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के अवसर सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर-2 (अनुलग्नक-I में वर्णित अनुसार सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुण्डू, चंदननगर, चुंचुड़ा एवं तारकेश्वर) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान सहित यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों एवं अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। **13;** एसी/2; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-ओएसडी-121-24-1** [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (डिजिटल)] एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के अवसर सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर-3 (अनुलग्नक-I में वर्णित अनुसार बैंडेल, नबद्वीपधाम एवं कटवा) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान सहित यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों एवं अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। **14;** एसी/3; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसडी-148-25-1** [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (डिजिटल)] एवं 50 : 50 समय/जगह साझाकरण के आधार पर वणिज्यिक विज्ञापन एवं रेलवे संदेशों के अवसर सहित हावड़ा रेलवे स्टेशन (ओल्ड कॉम्प्लेक्स) के प्लेटफॉर्मों पर एलईडी/एलसीडी टीवी की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। **15;** एडी/1; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-25-1** [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)] एवं हावड़ा मंडल के क्लस्टर-IV [(क) झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, (ख) अदालपहाड़ी से कुर्वा स्टेशन तक, (ग) आजिमगंज सिटी स्टेशन से तकिपुर स्टेशन तक, (घ) चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक] के अधीन स्टेशनों के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार हेतु अनुबंध प्रदान करना। **16;** एडी/2; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-ओएसएन-25-22-1** [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)] एवं 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के जनाई रोड स्टेशन के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **17;** एडी/3; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीपीएई-ओएसएन-26-25-1** [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)] एवं 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के बेगमपुर स्टेशन के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **18;** एडी/4; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीआरपीए-ओएसएन-27-22-1** [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)] एवं 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के बारुईपाड़ा स्टेशन के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु अनुबंध प्रदान करना। **19;** एडी/5; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएन-127-24-1** [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)] एवं 03 वर्षों की अवधि के लिए विज्ञापन (नॉन-डिजिटल) के अवसर सहित हावड़ा स्टेशन (ओल्ड कॉम्प्लेक्स एवं न्यू कॉम्प्लेक्स) पर मोबाइल चार्जिंग किऑस्क की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करना। **20;** एडी/6; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएन-129-25-1** [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)] एवं 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म (पीएफ 8 से 15) पर एलईडी फ्लैंज के जरिये वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार हेतु अनुबंध प्रदान करना।

(HWH-350/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter**


# सिंहपुर गांव पहुंचे जिलाधिकारी, ग्रामीणों को विद्यालय निर्माण का दिया आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा**। शनिवार को ओबरा प्रखंड के सिंहपुर गांव में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। यह कदम उस घोषणा के बाद उठाया गया, जिसमें ग्रामीणों ने "विद्यालय नहीं तो वोट नहीं" का नारा देते हुए विधानसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार करने का ऐलान किया था। इससे पहले प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनुस सलीम और प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जूही कुमारी ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को मतदान के महत्व और प्रक्रिया की जानकारी दी थी, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। शनिवार को जिला पदाधिकारी के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों — जिनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल थे — ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि सिंहपुर गांव पूर्ण रूप से महादलित परिवारों का निवास स्थान है, जहां अब तक किसी सरकारी विद्यालय भवन का निर्माण नहीं हुआ है। फिलहाल बच्चों की पढ़ाई गांव के सामुदायिक भवन



में कराई जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव में भी मतदान बहिष्कार किया था, लेकिन तब स्थानीय प्रशासन ने केवल आश्वासन दिया था और कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वार्ता के दौरान जिला पदाधिकारी ने धैर्यपूर्वक ग्रामीणों की बातें सुनीं और कहा कि फिलहाल विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए नया निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस संबंध में शिक्षा विभाग के सचिव से बातचीत की है और चुनाव समाप्त होते ही सिंहपुर गांव में विद्यालय भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जूही कुमारी को विद्यालय भवन निर्माण से जुड़ी प्रारंभिक कार्यवाही और योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और चुनाव के बाद इस दिशा में ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्वक मतदान करें। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि वे चुनाव में मतदान करेंगे, लेकिन यदि चुनाव के बाद विद्यालय निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे धरना और प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी अंतरा कुमारी, महिला पदाधिकारी रतना प्रियदर्शी और प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जूही कुमारी भी उपस्थित थीं। जिला प्रशासन के इस हस्तक्षेप से उम्मीद जगी है कि लंबे समय से लंबित सिंहपुर गांव के विद्यालय भवन निर्माण की मांग अब शीघ्र ही पूरी होगी।

# इडी का शिकंजा : सुप्रीमो दिनेश गोप समेत 20 आरोपितों पर पूरक चार्जशीट दायर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई तेज हो गई है। ईडी ने संगठन के सुप्रीमो दिनेश गोप समेत 20 लोगों और कई शेल कंपनियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत पूरक चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में दिनेश गोप की दोनों पत्नियों के नाम भी शामिल हैं।

**20 करोड़ की अवैध संपत्ति का खुलासा**

ईडी की जांच में सामने आया है कि दिनेश गोप और उसके साथियों ने हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी वसूली और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देकर लगभग 20 करोड़ की अवैध संपत्ति अर्जित की थी। इनमें से अब तक 3.36 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि हो चुकी है। पीएलएफआई द्वारा झारखंड और पड़ोसी राज्यों में ठेकेदारों, व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों से व्यवस्थित रूप से लेवी (रंगदारी) वसूली जाती थी। यह वसूली हिंसा, आगजनी और धमकी के जरिए की जाती थी।

**पत्नी के नाम पर शेल कंपनियों का जाल**

जांच में पता चला है कि दिनेश गोप ने अपनी पत्नियों शकुंतला कुमारी और हीरा देवी को आगे कर शेल कंपनियों का नेटवर्क तैयार किया। इन कंपनियों का कोई वास्तविक व्यवसाय नहीं था, लेकिन इनके जरिए बड़ी मात्रा में अवैध नकदी को बैंकिंग प्रणाली में जमा कराया गया। अवैध धन को वैध दिखाने के लिए हवाला नेटवर्क, स्थानीय मनी ट्रांसफर ऑपरेटरों और तीसरे पक्ष के व्यापारिक खातों का इस्तेमाल किया गया। बाद में इन पैसों से लग्जरी वाहन, फिक्स्ड डिपॉजिट जैसी उच्च-मूल्य की संपत्तियां खरीदी गईं और परिवार के व्यक्तिगत खर्चों को पूरा किया गया।



**2024 में हुई थी गिरफ्तारी**

दिनेश गोप पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था। उसे 25 मई 2024 को एनआईए की टीम ने गिरफ्तार किया था। झारखंड के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और चाईबासा जैसे जिलों में पीएलएफआई का गहरा प्रभाव रहा है। इन इलाकों में ठेकेदारों और कारोबारियों से वसूली कर दिनेश गोप ने अकूत संपत्ति खड़ी की थी। ईडी की इस कार्रवाई से नक्सली नेटवर्क की आर्थिक रीढ़ पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है। एजेंसी की जांच आगे भी जारी रहेगी और अन्य अवैध संपत्तियों का पता लगाया जाएगा।

# दीपावली व छठ पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में शनिवार को जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी दीपावली, काली पूजा तथा छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के पुख्ता प्रबंधों पर चर्चा की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों और थाना अध्यक्षों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और तत्परता से करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था का महापर्व है। इस दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं की फोटो खींचने या अन्य अनुचित गतिविधियों की शिकायतें आती हैं। ऐसे में सभी छठ घाटों पर महिलाओं के लिए तंबू या कपड़े से बैरिकेडिंग कर अस्थायी चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। धनतेरस व दीपावली के दौरान बाजारों और मंदिरों में भीड़भाड़ के समय असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि दोअर्थी गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की किसी भी घटना पर तत्काल रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं भारतीय विस्फोटक नियमावली 1983 के तहत बिना लाइसेंस के पटाखा दुकानें न चलें। जिलाधिकारी ने सभी दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं प्रतिनियुक्त बलों को अपने-अपने कार्यस्थलों पर सतर्कता के साथ डटे रहने का निर्देश दिया। किसी भी असामान्य परिस्थिति में तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना देने को कहा गया। दीपावली के दौरान जुआ खेलने और नशाखोरी की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने तथा कार्रवाई करने का आदेश भी दिया गया। 112 रिस्पॉन्स गश्ती वाहनों को किसी दुर्घटना की स्थिति में मेडिकल टीम को सहयोग देने के निर्देश दिए गए। थाना और अंचल स्तर पर अधिकारियों को सामुदायिक बैठकों के माध्यम से सौहार्द का वातावरण बनाए रखने और तनातनी की आशंका होने पर तुरंत मौके पर पहुंचने को कहा गया। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि पूजा के दौरान ड्यूटी पर तैनात सभी मेडिकल टीमों की रोस्टरवार सूची नियंत्रण कक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। अग्निशमन विभाग को भीड़भाड़ वाले स्थलों पर फायर ब्रिगेड और टीम की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। बिजली विभाग और भवन प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि धनतेरस और दीपावली के दौरान पंडालों में लगाए गए विद्युत तारों और टेंट की सुरक्षा की अग्रिम जांच कर ली जाए। अंत में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिसकर्मियों को दीपावली, काली पूजा एवं छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और पर्वों के साथ-साथ निर्वाचन कार्यों को भी निष्ठा व समयबद्धता से संपन्न करने की अपील की।




## नामांकन के छठे दिन जहानाबाद में आठ उम्मीदवारों ने दाखिल किया पर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन एवं नाम निर्देशन पत्र देने की प्रक्रिया इस माह के 13 अक्टूबर चल रही है। इस क्रम में नामांकन दाखिल करने के निर्धारित तिथि के छठे दिन शुक्रवार को कुल आठ अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। प्राप्त सूचना के अनुसार 216-जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में पांच अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन किया गया है, जिसमें अभिराम सिंह (जन सुराज पार्टी) की ओर से दो सेट में नामांकन दाखिल किया गया। वहीं अविनाश कुमार के द्वारा विकास वंचित इंसान पार्टी दल से नामांकन किया गया है। पप्पु कुमार ने जागरुक जनता पार्टी दल से नामांकन दाखिल किया है। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से रम्भा कुमारी (समाजवादी लोक परिषद दल) एवं निवास शर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। जहानाबाद जिले के 217- घोषी विधानसभा क्षेत्र से शनिवार को तीन अभ्यर्थियों के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है जिनमें सरयू प्रसाद सिंह (किसान संघर्ष समिति दल), सुधीर कुमार (जागरूक जनता पार्टी) एवं सत्येन्द्र प्रसाद यादव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।

# महागठबंधन में आठ सीटों पर होगी फ्रेंडली फाइट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया खत्म हो गई। अब तक केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने सीट बंटवारे की घोषणा की है। महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला अब तक तय नहीं हुआ है। सभी दलों ने पहले चरण की सीटों पर अपने-अपने प्रत्याशी उतार दिए। इनमें राजद ने 72, कांग्रेस ने 26, वामदल ने 21 और वीआईपी ने छह सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि आठ ऐसी सीटें हैं, जहां महागठबंधन के ही घटक दलों के उम्मीदवार एक-दूसरे को चुनौती देंगे। इनमें वैशाली, लालगंज, राजापाकड़, बछवाड़ा, रोसड़ा, बछवाड़ा, तारापुर और कहलगांव विधानसभा सीट है। इन सीटों पर फ्रेंडली फाइल से स्पष्ट हो गया है कि महागठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं है।

***कहलगांव विधानसभा सीट***- यहां पर राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। राजद की ओर से रजनीश यादव ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। वहीं कांग्रेस की ओर से प्रवीण कुशवाहा ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। ***तारापुर विधानसभा सीट***- यहां पर राजद और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रत्याशी आमने सामने हैं। राजद से अरुण शाह ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। वहीं वीआईपी की ओर से सकलदेव सिंह ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है।

***बछवाड़ा विधानसभा सीट***- यहां पर कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। कांग्रेस से प्रकाश दास ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। वहीं सीपीआई से अवधेश कुमार राय ने नामांकन किया है।

***बिहारशरीफ विधानसभा सीट***- यहां पर भी कांग्रेस और सीपीआई के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। कांग्रेस से उमैर खान ने नामांकन किया है। वहीं सीपीआई के शिव प्रसाद यादव ने नामांकन किया है।

***रोसड़ा विधानसभा सीट***- यहां पर कांग्रेस और सीपीआई के उम्मीदवार आमने-सामने हैं। कांग्रेस से बीके रवि ने नामांकन किया है। वहीं सीपीआई से लक्ष्मण पासवान ने नामांकन दाखिल किया है।

***राजपाकर विधानसभा सीट***- यहां से कांग्रेस और सीपीआई के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। कांग्रेस से प्रतिमा कुमारी ने नामांकन किया है। वहीं सीपीआई से मोहित पासवान ने नामांकन किया है।

***वैशाली विधानसभा सीट***- यहां राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। राजद से अजय कुशवाहा ने नामांकन किया है। वहीं कांग्रेस से ई.संजीव सिंह ने नामांकन किया है।

***लालगंज विधानसभा सीट***- सबसे ज्यादा चर्चित यही सीट है। यहां राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। राजद पूर्व विधायक बाहुबली मुन्ना शुक्ला की बेटी शिवानी शुक्ला को टिकट दिया। उन्होंने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया। वहीं कांग्रेस से आदित्य कुमार राजा ने भी अपना नामांकन कर दिया है।

# राजद के बागी को तेज प्रताप का मिला साथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सोनपुर।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का राजनीतिक कर्मभूमि रहे सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी में नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को बगावत देखने को मिला।

राजद से बगावत कर पार्टी के प्रदेश महासचिव रहे सुरेंद्र प्रसाद यादव ने सोनपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल से शुक्रवार को नामांकन किया है।

सुरेंद्र के नामांकन के साथ ही राजद खेमे में हलचल बढ़ गई है। सुरेंद्र ने इसके पूर्व सोनपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के टिकट के लिए काफी प्रयास किया।

यहां तक कि वह लगभग अपने 500 समर्थकों के साथ पटना लालू-राबड़ी आवास तक भी पहुंचे और टिकट की गुहार लगाई लेकिन उनके सारे प्रयासों पर पानी फेरते हुए राजद ने सोनपुर के सीटिंग कैंडिडेट डॉ. रामानुज प्रसाद को सिंबल दे दिया।

डॉ. रामानुज को राजद का सिंबल मिलने के बाद सुरेंद्र ने अपने बगावत का बिल्कुल फूंकते हुए पर्चा दाखिल किया। इधर, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गुरुवार को रमेश कुमार ने अपना पर्चा दाखिल किया। इस बार महागठबंधन के उम्मीदवार को सोनपुर में अपने ही लोगों से जूझना पड़ेगा।

दूसरी ओर गुरुवार को एनडीए प्रत्याशी विनय कुमार सिंह की नामांकन सभा में मंच पर एक भी वह चेहरा नहीं दिखा जो कल तक सिंह के खिलाफ बिगुल फूंककर स्वयं एनडीए की टिकट की दावेदारी कर रहा था लेकिन पार्टी नेतृत्व ने पूर्व विधायक सिंह का ही चयन किया।

भाजपा के इस कदम से टिकट के अन्य दावेदारों में भारी निराशा है। इस स्थिति से एनडीए और महागठबंधन में भितरघात की संभावना बढ़ गयी है। जनशक्ति जनता दल के उम्मीदवार सुरेंद्र यादव टिकट की घोषणा होने से पूर्व तक राजद के समर्पित वर्कर हुआ करते थे।

इस बार आई बाढ़ के दौरान उन्होंने बढ़-चढ़कर इस उम्मीद से पीड़ितों की मदद की थी कि पार्टी नेतृत्व यह सब देख रहा है और टिकट उन्हे ही मिलेगा, लेकिन राजद ने उनके उम्मीदों पर पानी फेर दिया और पार्टी के निर्णय से खफा सुरेंद्र राजद से बगावत कर तेज प्रताप के दल में चले गए।

## एलजेपी प्रत्याशी का नामांकन रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मढ़ौरा।** मढ़ौरा सीट से बड़ी खबर सामने आई है। यहां चार प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। इनमें एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) की उम्मीदवार व फिल्मी कलाकार सीमा सिंह, बसपा के आदित्य कुमार, जदयू के बागी व पूर्व जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू तथा निर्दलीय विशाल कुमार शामिल हैं। 177 मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ निधि राज ने इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की।

लोजपा (आर) उम्मीदवार सीमा सिंह का नामांकन फॉर्म इ में तकनीकी गड़बड़ी के कारण रद्द किया गया है। उन्होंने अंतिम दिन दोपहर करीब 3 बजे नामांकन दाखिल किया था। निर्वाचन आयोग की ओर से उन्हें गड़बड़ी सुधार कर शाम तक पुनः जमा करने का मौका दिया गया था, लेकिन वे समय पर संशोधित फॉर्म जमा नहीं कर सकीं। इस कारण उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई।

सीमा सिंह मूल रूप से बरबीघा की रहने वाली हैं। उन्हें लोजपा के प्रमुख चिराग पासवान ने पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था।

इसी तरह बसपा प्रत्याशी आदित्य कुमार, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू जिन्होंने बागी होकर निर्दलीय नामांकन किया था और निर्दलीय विशाल कुमार का भी नामांकन जांच के दौरान खामियों के चलते रद्द कर दिया गया है।

# चुनाव आते ही याद आने लगे अटल-आडवाणी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** पारू विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले अशोक सिंह ने कहा अब भाजपा में अटल-आडवाणी वाली बात नहीं रही।

वह पारू से विधायक भी हैं, लेकिन इस बार भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। यह सीट रालोमो के खाते में चली गई और वहां से मदन चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया गया।

शुक्रवार को नामांकन करने के बाद अशोक सिंह ने अपनी भड़ास मीडिया के सामने पार्टी पर और इससे जुड़े नेताओं पर निकाली। उन्होंने पार्टी से जुड़े एक बड़े नेता पर भी टिकट की खरीद-फरोख्त में शामिल होने का आरोप लगाया।

कहा कि वह उनके आगे-पीछे करने वालों में से नहीं हैं, जो लोग ऐसा किए हैं। उन्हें टिकट नहीं मिला है। इसलिए अब वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। जनता की अदालत में इसका फैसला होगा। पारू की जनता ने पिछले चार बार से उन्हें आशीर्वाद दिया है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के प्रथम चरण के नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई है। वहीं दूसरे चरण की चल रही है। नामांकन से पहले बिहार के दोनों प्रमुख गठबंधनों यानी एनडीए और महागठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर घटक दलों में जबरदस्त खींचतान देखने को मिला।

इस बीच कई लोगों को पुराने दिन याद आने लगे। जिसमें सीटों के बंटवारे और दलों के बीच समझौते के वक्त एक-दूसरे की परिस्थितियों और सम्मान किया जाता था। विशेष कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के समय। यही वजह है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का काम अभी शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन राजनीति के इन दो महापुरुषों को लोग याद करते हैं। शुक्रवार को मुजफ्फरपुर में कुछ ऐसा ही दिखा।

# विधान सभा चुनाव में बागियों की इंट्री से चुनावी पारा पहुंचा चरम पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के प्रथम चरण का नामांकन कल समाप्त हो गया। इस चरण में महागठबंधन और एनडीए के साथ कई निर्दलीय उम्मीदवार ने भी चुनावी मैदान में उतरकर जीत का दावा किया है। मुजफ्फरपुर जिले के 94 मुजफ्फरपुर नगर विधानसभा क्षेत्र से दो बागी उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें जन सुराज पार्टी के बागी नेता संजय केजरीवाल और युवा सामाजिक कार्यकर्ता संजय रजक शामिल हैं।

संजय केजरीवाल, जो नगर निगम के वार्ड पार्षद भी रह चुके हैं, लगातार जन संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मुजफ्फरपुर में जन सुराज को खड़ा करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। संजय केजरीवाल ने कहा कि पार्टी टिकट बेचने और खरीदने में लगी है, जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ेगा।

संजय रजक ने बताया कि शहर को एनडीए और महागठबंधन दोनों ने शुरू से ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के बल पर जीत हासिल कर शहर के विकास का काम करेंगे।

## पत्रकारों को दी गयी मीडिया की भूमिका व दायित्व की जानकारी

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***बिहारशरीफ।*** *आसन्न विधानसभा चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग मीडिया की भूमिका व दायित्व क्या तय किया है इसकी जानकारी शनिवार को प्रशिक्षण कोषांग के तत्वावधान में हरदेव भवन उपस्थित पत्रकार प्रतिनिधियों को दी गई।मीडिया के लिए चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों की जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गुप्तेश्वर कुमार की उपस्थिति में स्टेट स्तर के मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र प्रसाद व जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दिया। इस अवसर पर बताया गया कि विधानसभा चुनाव में मीडिया की भूमिका यह है इसके द्वारा ही सूचना प्रसार होता है। चुनाव की घोषणा के बारे में आम लोग को जानकारी होती है। नामांकन व उसकी जांच के उपरांत कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में किस विधानसभा क्षेत्र से है इसकी जानकारी आम से लेकर खास सभी को मिल जाती है।इसके अतिरिक्त चुनाव को ले किए गए सुरक्षा व्यवस्था, चुनाव अभियान की स्थिति, मतगणना कब और कहां होना है आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, दुर्घटना तथा अशांति की जानकारी आम से लेकर चुनाव आयोग को मिल जाती है।*

*इसके अलावा महत्वपूर्ण यह है कि कोई प्रत्याशी अगर किसी अपराध का मामला दर्ज है और वह हलफनामा में छिपाया है तो मीडिया उसको उजागर करता है तथा आयोग उस पर संज्ञान लेता है।इस तरह मीडिया की कई जिम्मेदारी निर्धारित किया है वहीं रिपोर्टिंग के दौरान कई कार्य नहीं करने की बंदिश भी लगाया है।*

# पुलिस की नजर में मृत युवती ने खोला राज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिस युवती को पुलिस ने 16 वर्ष पूर्व मृत करार दिया था, वह कोर्ट पहुंच गई। चौंकानेवाला यह मामला गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र का है। वर्ष 2009 में अपहरण मामले में उसके भाई ने गांव के रउफ अंसारी व रंगीला यादव पर अपहरण की एफआइआर कराई थी। बरामदगी में असफल रहने पर पुलिस ने एक शव बरामद कर उसे युवती का बताते हुए अपहरण के मामले को हत्या में तब्दील कर चार्जशीट भी समर्पित कर दिया। अब लड़की ने कोर्ट में उपस्थित होकर अपहरण से इंकार कर दिया है।

थाना कांड संख्या 05/ 2009 में एक किशोरी के अपहरण का मामला उसके भाई ने दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच शुरू की। इसी क्रम में एक नदी से जलता हुआ शव बरामद किया। इसे उस युवती का बताते हुए अपहरण कांड की धारा को परिवर्तित करते हुए हत्या की धारा 302 आइपीसी में चार्जशीट 11 अप्रैल 2009 को आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में समर्पित कर दिया। इसका सेशन ट्रायल अपर जिला सत्र न्यायधीश लवकुश कुमार के न्यायालय में चल रहा है। शुक्रवार को युवती न्यायालय में उपस्थित हुई। उसने कहा कि उसका अपहरण नहीं हुआ था। यह भी बताया कि आरोपित रउफ अंसारी से उसने शादी कर ली थी।

युवती ने बताया कि वह नौवीं में पढ़ती थी जब उसके स्वजन बड़ी उम्र के लड़के से शादी करना चाहते थे। इसके बाद उसने रउफ से शादी कर ली। पुलिस का दबाव पड़ने के कारण पति ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। तब वह रऊफ के बहन के घर थी। पुलिस को भी जिंदा होने की सूचना दी थी, लेकिन पुलिस नहीं मानी ।उ समें न्यायालय में बोली कि झूठा मुकदमा किया गया है। रंगीला यादव से मुझे या मेरे पति का कोई मतलब नहीं है। पति को मुकदमा से मुक्ति की चाहती हूं। सबसे आश्चर्य की बात है कि प्राथमिकी 2 जनवरी 2009 को हुई थी । उसके बाद पर्यवेक्षण हुआ ।

# जसुपा प्रत्याशी देव कुमार सिंह के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**एकमा से देवकुमार सिंह व मांझी से यदुवंश गिरि को विजयी बनाने की अपील**

## कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** एकमा विधानसभा क्षेत्र के जन सुराज प्रत्याशी देव कुमार सिंह के प्रधान चुनाव प्रचार कार्यालय का वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर उद्घाटन शनिवार को उनके पैतृक आवास परिसर स्थित बिशुनपुरा कला गांव में किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जन सुराज आंदोलन जनता की उम्मीदों का प्रतीक है। सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर एकमा विधानसभा के प्रत्याशी देव कुमार सिंह और सीमावर्ती मांझी विधानसभा के प्रत्याशी यदुवंश गिरि को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की।

इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष बच्चा राय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार पांडेय, सारण जिला वाहिनी प्रमुख प्रकाश प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष मनान खान, जिला संगठन महासचिव अशरफ राजा खान, अभिषेक तिवारी, रमेश गिरि, विकास सिंह, प्रखंड अध्यक्ष एकमा- रामनाथ मांझी, प्रखंड अध्यक्ष लहलादपुर - सुजीत कुशवाहा, हरेंद्र तिवारी, प्रो. अवध बिहारी मिश्र, त्रिलोकी यादव, अनिल सिंह, प्रशांत कुमार, राजेश सिंह, नागेंद्र सिंह, मधु सिंह, विश्वनाथ सिंह, कन्हैया सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग, स्थानीय कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

# बिहार में चुनाव कराने गयी जवानों की 23 कंपनियां

## दीपावली व छठ को ले जवानों की छुट्टियां रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए झारखंड पुलिस की 23 कंपनियां भेजी गईं हैं। ये कंपनियां झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) व इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की हैं। प्रत्येक कंपनी में 78 जवान हैं। इनमें तीन दारोगा, 20 हवलदार, 52 जवान, दो रसोइया व एक झाड़ूकश शामिल हैं। कुल 1794 जवान बिहार भेजे गए हैं। इनका नियंत्रण जैप-6 जमशेदपुर के कमांडेंट आनंद प्रकाश के पास होगा।

चार डीएसपी को भी टीम प्रबंधन के लिए भेजा गया है। इनमें डीएसपी पतरस बरुआ, डेविड ए. डोडराय, अजय कुमार केसरी व ढिल्लू लोहार शामिल हैं। सभी जवानों की 14 नवंबर के बाद वापसी होगी।

राज्य में दीपावली व छठ के लिए जवानों की छुट्टियां रद कर दी गईं हैं।

### चार डीएसपी भी टीम प्रबंधन के लिए भेजे गए

बिहार विधानसभा चुनाव में जो कंपनियां भेजी गईं हैं, वे राज्य में सामान्य जगहों पर तैनात थीं। संवेदनशील जगहों पर तैनाती पूर्व की तरह यथावत है।

दीपावली व छठ के मद्देनजर सभी जिलों में अतिरिक्त तैनाती की गई है। त्योहारों पर आपसी सौहार्द न बिगड़े इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अग्निशमन दस्ता सतर्क है।

धार्मिक स्थलों के आसपास अतिरिक्त बल की तैनाती है, ताकि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटा जा सके। छठ घाट तालाबों, नदी-डैमों के आसपास एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की तैनाती की जाएगी।

# जगदीशपुर विस क्षेत्र में आठ प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब कुल 8 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र तकनीकी खामियों के कारण रद कर दिया गया।

मालूम हो कि जगदीशपुर विधानसभा से कुल 18 उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। वहीं, शाहपुर विधानसभा से सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन को वैध घोषित किया गया है।

जगदीशपुर के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम संजीत कुमार के नेतृत्व में संवीक्षा कार्य शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

बताया गया कि जगदीशपुर में कई प्रत्याशियों के दस्तावेजों में त्रुटि, अधूरी जानकारी और सत्यापन की कमी पाई गई, जिसके चलते उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया।

इससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। जगदीशपुर विधानसभा से जिन 10 उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया है उनमे एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार भगवान कुशवाहा, महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार किशोर कुणाल उर्फ राजू यादव, जनसुराज के विजय सिंह उर्फ अंटू सिंह, निर्दलीय राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया, बसपा के संजय कुमार चतुर्वेदी, जनशक्ति जनता दल से नीरज राय, बीरेन्द्र कुमार सिंह, अमरदीप कुमार जय, मूगा लाल राम, हीरालाल सिंह शामिल हैं।

जिनका नामांकन तकनीकी कारणों से रद किया गया है उनमें 8 उम्मीदवार मुन्ना प्रसाद, मधुकांत सिंह, मधुबाला शर्मा, कृष्णमोहन सिंह, मुकेश कुमार सिंह, अभिताभ कुमार पाठक, सरस्वती देवी, भगवान सिंह शामिल हैं।

वहीं शाहपुर विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी-सह-डीसीएलआर अमरेंद्र कुमार ने बताया कि शाहपुर के सभी 12 उम्मीदवारों एनडीए गठबंधन समर्थित भाजपा के राकेश ओझा, महागठबंधन समर्थित राजद के राहुल तिवारी, जनसुराज की पद्मा ओझा, जनशक्ति जनता दल से मदन यादव सहित सभी का नामांकन संवीक्षा के दौरान सभी कागजात सही पाए गए।

जिससे इनका नामांकन वैध घोषित किया गया। संवीक्षा के बाद अब दोनों विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों की स्थिति लगभग साफ हो गई है। जगदीशपुर में उम्मीदवारों की संख्या घटने से मुकाबला अब और रोचक हो गया है। सोमवार तक प्रत्याशी नाम वापसी कर सकते हैं, जिसके बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी।

# 57 लाख की कार से चलते हैं भाजपा प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों द्वारा दायर किए गए शपथ पत्र के अनुसार, भाजपा प्रत्याशी सह वर्तमान विधायक सुरेंद्र मेहता महंगी गाड़ी के स्वामी हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी शिव प्रकाश गरीब दास पैतृक संपत्ति के मामले में सबसे अमीर उम्मीदवार हैं।

भाजपा प्रत्याशी के पास टाटा सफारी (14 लाख) एवं टोयोटा फार्च्यूनर (57 लाख) की गाड़ियां हैं। भाकपा प्रत्याशी अवधेश कुमार राय के पास टाटा टियागो (नौ लाख रुपये की) जबकि कांग्रेस प्रत्याशी के पास मारुति सुजुकी (तीन लाख रुपये) की गाड़ी है। इस प्रकार वाहनों के मूल्य के आधार पर भाजपा प्रत्याशी सबसे आगे हैं।

संपत्ति के मामले में कांग्रेस प्रत्याशी शिव प्रकाश गरीब दास के पास 10 एकड़ कृषि भूमि कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये एवं 10 कट्ठा गैर-कृषि भूमि मूल्य 20 लाख रुपये दर्ज है। भाकपा प्रत्याशी अवधेश राय के पास 10 एकड़ भूमि मूल्य 10 लाख एवं भाजपा प्रत्याशी के पास 11.5 डिसमिल भूमि मूल्य 10 लाख रुपये है। शैक्षणिक योग्यता में भी कांग्रेस प्रत्याशी सबसे आगे हैं। उन्होंने एम.काम मगध विश्वविद्यालय, गया से पढ़ाई की है, जबकि भाजपा प्रत्याशी इंटरमीडिएट एवं भाकपा प्रत्याशी भी इंटर तक शिक्षित हैं।

भाजपा प्रत्याशी के पास 50 हजार नकद, पत्नी के पास 20 हजार एवं स्टेट बैंक में 4.18 लाख रुपये जमा हैं। उनके पास पांच ग्राम सोना, जबकि पत्नी के पास 30 ग्राम सोना है।

कांग्रेस प्रत्याशी के पास 22 भरी सोना-चांदी, जबकि भाकपा प्रत्याशी के पास कोई आभूषण नहीं है। कानूनी मामलों में कांग्रेस और भाकपा प्रत्याशियों पर कई मामले दर्ज हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र मेहता के विरुद्ध अब तक कोई मामला नहीं है।

# हाजीपुर में बदल पायेगा राजनीतिक समीकरण ?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** विधानसभा चुनाव 2020 में लोकतंत्र के आंगन वैशाली में भाजपा और जदयू बराबरी पर चार-चार सीटों पर चुनाव लड़ी थी। चुनाव में भाजपा ने तीन सीटों हाजीपुर, लालगंज और पातेपुर में अपनी जीत दर्ज कराई थी।

वहीं एक सीट राघोपुर में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव में सबसे ज्यादा फजीहत सत्ताधारी जदयू को हुई थी। लोजपा रामविलास के प्रत्याशियों के वोट काट लेने के कारण जदयू को चार में तीन सीटों पर करारी हार का सामना करना पड़ा था।

राजापाकर में जदयू प्रत्याशी को तो महज 1796 वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं पार्टी महनार एवं महुआ में हार गई थी। बड़ी मुश्किल से पार्टी की लाज वैशाली में बच पाई थी। जदयू की हार का कारण बने इन प्रत्याशियों को राजद ने वैशाली और महनार से मौका दिया है, जबकि लोजपा रामविलास की पार्टी ने महुआ से मौका दिया है।हैरत की बात तो यह भी है कि वैशाली में तब महागठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी संजीव सिंह के हार का कारण बने अजय कुशवाहा को राजद ने अपने सिंबल पर इस बार चुनाव मैदान में उतारा है।

विधानसभा चुनाव 2025 में वैशाली जिले के 08 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक 04 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने अपने तीनों सिटिंग विधायक हाजीपुर से अवधेश सिंह, लालगंज से संजय कुमार सिंह और पातेपुर सुरक्षित सीट से लखेंद्र पासवान को मैदान में उतारा है।

इधर, भाजपा ने दो बार से लगातार तेजस्वी के हाथों पराजित हो रहे सतीश कुमार को इस भी मौका दिया है। वहीं, जदयू को पिछली बार से एक सीट कम मिला है। जदयू ने वैशाली से अपने सिटिंग विधायक सिद्धार्थ पटेल के अलावा महनार से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा और राजापाकर सुरक्षित से बीते चुनाव में काफी कम मतों के अंतर से पराजय का सामना करने वाले महेंद्र राम को मैदान में उतारा है। महुआ की सीट जदयू की जगह लोजपा रामविलास को दी गई है, जहां से पार्टी ने संजय कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू बराबरी पर 04-04 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। भाजपा के जीत का स्ट्राइक रेट काफी अच्छा रहा और उसके तीन प्रत्याशी हाजीपुर से अवधेश सिंह, लालगंज से संजय कुमार सिंह एवं पातेपुर से लखेंद्र पासवान ने जीत दर्ज कराई थी। भाजपा के प्रत्याशी सतीश कुमार राघोपुर से चुनाव हार गए थे।इधर, जदयू के जीत का स्ट्राइक रेट काफी खराब रहा। 04 में तीन सीट पर पार्टी के प्रत्याशी, राजापाकर से महेंद्र राम, महनार से उमेश सिंह कुशवाहा और महुआ से डा. आसमां परवीन को पराजय का सामना करना पड़ा था।

# वंदे भारत में बढ़ी कोचों की संख्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में भारतीय रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल से चलने वाली ट्रेन नंबर 20871/20872 हावड़ा-राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस में कोचों की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 19 अक्टूबर से मौजूदा 8 कोच के बजाय 16 कोच के साथ संचालित होगी। इस वृद्धि में आठ वातानुकूलित कुसीर्यान सवारी डिब्बे लगाना शामिल है।

इसका उद्देश्य यात्री प्रतीक्षा सूची को कम करना, उच्च फुटफॉल को समायोजित करना और सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन सेवा को बढ़ावा देना है। हालांकि हावड़ा-राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का समय और ठहराव अपरिवर्तित रहेगा। वंदे भारत एक्सप्रेस में अब 12 एसी चेयर कार, 2 एक्जीक्यूटिव चेयर कार और 2 क्रू चेयर कार कोच शामिल होंगे।

# सोन में नहाने गये दो किशोरों की डूबने से मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** थाना क्षेत्र के बकनौरा गांव स्थित सोन नदी में शनिवार को नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव के आधा दर्जन से अधिक युवक दोपहर के समय सोन नदी में नहाने गए थे।

नहाने के क्रम में सभी लड़के धीरे-धीरे नदी के गहरे हिस्से में चले गए। जैसे ही पानी गहराने लगा, सभी घबरा गए और एक-दूसरे को बचाने की कोशिश करने लगे। इस बीच अफरातफरी मच गई।

कुछ युवक किसी तरह किनारे तक पहुंच गए, लेकिन दो किशोर गहरे पानी में समा गए। घटना की खबर मिलते ही नदी किनारे बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।

स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने दोनों किशोरों के शवों को पानी से बाहर निकाला।

ग्रामीणों ने दोनों को आनन-फानन में रोहतास प्रखंड स्थित पीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 13 वर्षीय आयुष कुमार, पिता सुजीत कुमार, निवासी हैदरनगर, झारखंड और 15 वर्षीय पीयूष कुमार, पिता भरत सिंह निवासी बकनौरा, रोहतास के रूप में हुई है।

C M Y K

# तारकिशोर प्रसाद, मनोज शर्मा, वीरेंद्र सिंह ने भरा नामांकन

## एनडीए की नीतियां गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित : भूपेंद्र पटेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के मतदान को लेकर नामांकन में तेजी आ गई। भाजपा एनडीए की ओर से आज विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस क्रम में नामांकन सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और बिहार भाजपा के दिग्गज नेता शामिल हुए और एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। भाजपा एनडीए के प्रत्याशी के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने कटिहार से नामांकन दाखिल किया तो अररल से पूर्व विधायक मनोज शर्मा, बिस्फी से हरिभूषण ठाकुर बचौल, वजीरगंज से वीरेंद्र सिंह, गुरुआ से उपेंद्र दांगी और रामगढ़ से अशोक कुमार सिंह ने नामांकन भरा। इसके अलावा मोहनियां से संगीता कुमारी, प्राणपुर से निशा सिंह, राजनगर से सुजीत पासवान, ढाका से पवन जायसवाल, बगहा से राम सिंह, रामनगर से नंद किशोर राम, नरकटियागंज से संजय पांडेय, पीरपैंती से मुरारी पासवान और औरंगाबाद से त्रिविक्रम सिंह ने भी आज अपना नामांकन पत्र भरा। वजीरगंज, अरवल और गुरुआ में उम्मीदवारों के नामांकन पत्र भरने के बाद आयोजित नामांकन सभा को संबोधित करने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मंत्री जनक राम पहुंचे। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। एनडीए की नीतियां गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित हैं। विकास और सुशासन की इस यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए एनडीए उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने एनडीए सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बिहार को विकास के क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रयासरत हैं। एनडीए के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। पहले की सड़क और अब की सड़क को देख लीजिए कितना कुछ बदल चुका है। यह विकास एनडीए सरकार में ही संभव है जब देश का हर राज्य विकसित और प्रगतिशील होगा, सभी लोगों का विकास होगा। इधर, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और राजभूषण निषाद बिस्फी, मधुबनी, राजनगर और ढाका पहुंचे और नामांकन सभा में एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। इसके अलावा हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और सांसद प्रदीप सिंह कटिहार, त्रिवेणीगंज में जबकि राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद भैरवा और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रामगढ़, मोहनियां और सासाराम में आयोजित महती नामांकन सभा में एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। नामांकन सभा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने जहां जंगलराज की स्थिति और वर्तमान सरकार की तुलना की, वहीं बिहार के विकास के लिए एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। इधर, त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा, केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे और सांसद संजय जायसवाल बगहा, रामनगर और नरकटियागंज पहुंचे और नामांकन सभा में उपस्थित होकर एनडीए प्रत्याशियों के लिए लोगों से वोट की अपील की। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और रामनाथ ठाकुर पीरपैंती और औरंगाबाद में नामांकन सभा को संबोधित किया।

# चंदौली मझवार-गंजख्वाजा खंड में रेल फ्रैक्चर पर त्वरित कार्रवाई

## फील्ड स्टाफ की सजगता से संरक्षित रहा परिचालन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेल संरक्षा की दृष्टि से ट्रैक किनारे कार्यरत फील्ड स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनकी सतत निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया ही संरक्षित रेल संचालन की नींव है। 18 अक्टूबर 2025 को डीडीयू मंडल के चंदौली मझवार और गंजख्वाजा स्टेशनों के बीच समपार फाटक संख्या 78 से कुछ मीटर दूर अप लाइन पर एक रेल फ्रैक्चर की समय पर पहचान और समन्वित कार्रवाई ने परिचालन को पूर्णतः संरक्षित बनाए रखा। प्रातः 08:57 बजे कीमैन श्रवण कुमार ने नियमित निरीक्षण के दौरान फ्रैक्चर को पहचाना। उन्होंने तुरंत स्टेशन मास्टर संतोष कुमार को सूचना दी और फाटक की तरफ दौड़े। फिर स्टेशन मास्टर ने सतर्कता दिखाते हुए समपार फाटक पर गेटमैन दिनेश कुमार को सूचित किया। गेटमैन ने संरक्षा के लिए तत्काल गेट सिग्नल बंद कर दिया जिससे आ रही ट्रेन संख्या 22307 (हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस) को संरक्षित रूप से रोका जा सका। स्टेशन मास्टर संतोष कुमार तथा स्टेशन मास्टर विनय कुमार ने तत्काल कंट्रोल ऑफिस को भी सूचित किया और टीपीसी कंट्रोल द्वारा ओवरहेड उपकरण बंद किया गया। इस तरह उस दौरान संबंधित उप रेलखंड में परिचालन नियंत्रित कर पूर्ण संरक्षा सुनिश्चित की गई। वरिष्ठ अनुभाग अभियंता की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक मरम्मत की और 09:30 बजे ट्रैक को 30 किमी/घंटा की गति सीमा के साथ संरक्षित रूप से फिट घोषित किया। इस पूरे घटनाक्रम में कीमैन श्रवण कुमार, गेटमैन दिनेश कुमार और स्टेशन मास्टर संतोष कुमार की त्वरित, समन्वित और संरक्षा-केंद्रित कार्रवाई ने परिचालन को बिना किसी बाधा के संरक्षित बनाए रखा। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही उत्कृष्ट संरक्षा कार्य हेतु कीमैन श्रवण कुमार , स्टेशन मास्टर संतोष कुमार, स्टेशन मास्टर विनय कुमार और गेटमैन दिनेश कुमार को शाबाशी देते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। यह घटना डीडीयू मंडल की संरक्षा संस्कृति का जीवंत उदाहरण है जहां प्रत्येक कर्मचारी संरक्षित संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। मंडल प्रशासन ऐसे कर्मठ और सजग कर्मचारियों की सराहना करता है जिनके प्रयासों से संरक्षा सुनिश्चित होती है।

# सिंदुआरी हत्याकांड में आरोपित को आजीवन कारावास की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** पुलिस की सक्रियता और साक्ष्यों के आधार पर कोंच थाना क्षेत्र के बहुचर्चित सिंदुआरी हत्याकांड मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला शनिवार के दोपहर 2 बजे सुनाया। कोंच थाना कांड संख्या 137/2020 के तहत दर्ज इस मामले में आरोपित विमलेश यादव को एडीजे-01, गया की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने दोषी पर 31 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि इस प्रकरण में पुलिस ने घटना के बाद तत्परता दिखाते हुए ठोस साक्ष्य जुटाए थे। जांच पूरी कर समर्पित चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की गई और तत्पश्चात मामले का स्पीडी ट्रायल चलाया गया। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने विमलेश यादव को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 149 और 307 के अंतर्गत दोषी पाया। यह फैसला न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे अपराधियों में कानून का भय बढ़ेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक ने इस सफलता पर केस से जुड़े अधिकारियों और टीम की सराहना की है। न्यायालय के इस निर्णय से मृतक के परिजनों को भी न्याय की प्राप्ति हुई है।

# राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दीपोत्सव का आयोजन

## दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, अन्याय पर सत्य की विजयः विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विद्यापीठ के अंतर्गत देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में दीपोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा पारंपरिक दीप, कलात्मक तोरण एवं विविध सृजनात्मक थीम पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त ने दीपोत्सव के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और अन्याय पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि विभिन्न थीम पर आधारित दीपोत्सवों का आयोजन कर हमें भारत की विविध एवं समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को समझने और सहेजने का अवसर प्राप्त होता है। शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय विभाग की निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश ने दीपोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षण संस्थान में पर्वों का उत्सव केवल आनंद का नहीं, बल्कि संस्कार, सह-अस्तित्व और सृजनशीलता के विकास का माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि हर बार इन उत्सवों को नवाचार और विविधता के साथ मनाने से शिक्षण संस्थान संस्कृति-संवर्धन के केंद्र बनते हैं। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, अपर सचिव डॉ. श्यामानंद चौधरी, संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण, वित्त मंत्री नीरज सिन्हा, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा सहित विद्यापीठ के अन्य अधिकारीगण, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन सहायक प्राध्यापिका रिंपल कुमारी के कुशल निर्देशन में हुआ। दीपत्सव की प्रसन्नता, सृजनशीलता और भारतीय सांस्कृतिक आत्मा का अद्‌भुत संगम दिखाई दिया जिसने इस दीपोत्सव को सचमुच 'ज्ञान के आलोक का पर्व' बना दिया।

# वीआइपी के राजेश सहनी, बिट्टू पासवान, राजेश प्रजापति सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल

## डॉ. दिलीप जायसवाल ने सभी को दिलाई सदस्यता और पार्टी में किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रदेश प्रवक्ता और जिला पार्षद राजेश सहनी, बिट्टू पासवान और पूर्व मुखिया सह वीआईपी के नेता राजेश प्रजापति ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इन सभी लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और भाजपा में स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अभी चुनाव चल रहा है और विपक्ष की स्थिति देखकर लोगों का मोह भंग हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बिहार को विकास के क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रयासरत हैं। एनडीए के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। बिहार की पहले क्या स्थिति थी, लोगों से छिपी नहीं थी। एनडीए की सरकार में लालटेन समाप्त हो गई है। आज गांव-गांव में एलईडी की रोशनी पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि लोगों का भाजपा एनडीए के प्रति आकर्षण बढ़ा है। लोग भाजपा और एनडीए की नीतियों को पसंद कर रहे हैं जिसमें केवल विकास ही विकास है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि भाजपा एक परिवार है और आप सभी आज से इस परिवार के सदस्य हो गए हैं।

# मतदान महादान, हर वोट कीमती : नीतू नवगीत ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिला निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन एवं प्रसिद्ध लोकगायिका नीतू कुमारी नवगीत ने रविवार को गांधी मैदान, कारगिल चौक, खादी मॉल तथा आसपास के क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। जनसमूह को संबोधित करते हुए नीतू नवगीत ने कहा कि मतदान महादान है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद मतदान ही है, इसलिए हर मतदाता को अपने वोट के अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत का फैसला कई बार एक वोट से तय होता है, ऐसे में हर वोट देश और राज्य के भविष्य को दिशा देने वाला होता है। नीतू नवगीत ने लोगों से अपील की कि वे मतदान के दिन घर से जरूर निकलें और पहले मतदान, फिर जलपान के संकल्प के साथ मतदान केंद्र पर जाकर अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर राजेश केशरी, कुमार संभव, कपिल देव, हर्ष कुमार, शाजिया परवीन, अजीत कुमार, सोनू कुमार, सतीश कुमार, आरती कुमारी और मोहित कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# राजद महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव हीरामनी तांती भाजपा में हुईं शामिल

## भाजपा की नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी में जुड़ रहे समर्पित लोग : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजद महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय पान महासंघ की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष हीरामनी तांती आज अपने कई समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने हीरामनी तांती को भाजपा की सदस्यता दिलाई और भाजपा परिवार में उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' से प्रेरित होकर पार्टी में जुड़ रहे समर्पित कार्यकर्ता संगठन को और मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा में आपके जुड़ने से बिहार में एनडीए को मजबूती मिलेगी और इस चुनाव में विजय दिलाने के संकल्प को और नई ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने भाजपा परिवार में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के पार्टी में आने से युवाशक्ति का नया जोश और समाजसेवा के प्रति नई ऊर्जा मिली है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद हीरामनी तांती ने भी भाजपा की नीतियों को सराहा और महिलाओं के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की तारीफ की।

# सीयूएसबी में इंटर-स्कूल वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के गेम्स एंड स्पोर्ट्स कमिटी द्वारा आयोजित इंटर-स्कूल वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला वर्ग) का भव्य फाइनल मुकाबला विश्वविद्यालय के मिल्खा सिंह खेल परिसर में गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आयोजित किया गया। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. नरेंद्र कुमार राणा थे। उनके साथ छात्र कल्याण डीन प्रो. पवन कुमार मिश्रा, शिक्षा संकाय के डीन प्रो. रविकांत तथा उपकुलसचिव प्रतीश कुमार दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गेम्स एंड स्पोर्ट्स कमिटी के अध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए खेलों के महत्व, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, एकता और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। इसके पश्चात रजिस्ट्रार प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने अपने प्रेरणादायक उद्‌बोधन में कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# दीपोत्सव ने बढ़ाई बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता : विजय प्रकाश

## स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, पटना में दीपोत्सव का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** शनिवार को स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, पटना में दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 300 छात्रों ने पारंपरिक रंगोली कला और 'घरोंदा' निर्माण के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विजय प्रकाश, अध्यक्ष ए.पी.सी.एल., ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि दीपोत्सव केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर बच्चों ने जिस संवेदनशीलता और सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया, वह भविष्य के सृजनशील समाज की नींव है। 'घरोंदा' निर्माण जैसी पारंपरिक तकनीकें बच्चों में सृजन की समझ और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला प्रकाश ने कहा कि दीपोत्सव जैसे आयोजन अब केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं रहे, बल्कि इन्हें शैक्षणिक प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा माना जाना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन बच्चों में सृजनात्मकता, सहयोग और सौंदर्यबोध का विकास करते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने समसामयिक और सांस्कृतिक विषयों पर रंगोली बनाकर अपनी कला का परिचय दिया। कक्षा 10 के छात्रों ने ल्लकमल थीम, कक्षा 9 के छात्रों ने ऑपरेशन सिन्दूर, कक्षा 8 के छात्रों ने युद्ध और शांति, कक्षा 7 के छात्रों ने पहलगाम हमला और कक्षा 6 के छात्रों ने सुख, समृद्धि और वैभव विषयों पर रंगोली प्रस्तुत की। कक्षा 1 से 5 तक और प्रारंभिक कक्षाओं (एल.के.जी. एवं यू.के.जी.) के बच्चों ने हमें भी जीने दो विषय पर रंगोली बनाकर सभी का दिल जीत लिया। छात्रों ने पारंपरिक रंगोली के साथ मंडल आर्ट के सुंदर चित्र भी तैयार किए। वहीं, कंदील निर्माण प्रतियोगिता में बनाए गए रोबोटिक दीप ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

# रेलवे का सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ बड़ा एक्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ अब सख्त कदम उठाने जा रही है। इस त्योहार के सीजन में कुछ सोशल मीडिया हैंडल्स पर पुरानी या भ्रामक वीडियो वायरल कर यात्रियों में भ्रम और असंतोष फैलाया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने कहा कि अब तक 20 से ज्यादा ऐसे सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर एफआईआर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेलवे द्वारा सोशल मीडिया पर 24 घंटे मॉनिटरिंग कर ऐसे असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। रेलवे ने सभी सोशल मीडिया यूजर से अपील की है कि बिना तथ्यों की जांच किए स्टेशनों पर भीड़भाड़ एवं अन्य वीडियो को साझा करने से बचें। रेलवे का यात्रियों से अनुरोध है कि केवल आधिकारिक रेलवे नोटिफिकेशन और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब @RailMinIndiaपर ही भरोसा करें।

# सर सैयद अहमद खां की जयंती मनाई गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन, बिहार चैप्टर द्वारा आधुनिक शिक्षा के प्रवर्तक और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खां की 208वीं जयंती का आयोजन अभिलेख भवन, पटना के सेमिनार हॉल में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाहिद कमाल द्वारा पवित्र कुरआन शरीफ की तिलावत से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरुद्दीन अब्दाली, मुख्य डाक महा अधीक्षक, बिहार सर्कल उपस्थित थे। मौके पर अब्दाली ने कहा कि सर सैयद अहमद खां की विरासत आज भी शिक्षा, सामाजिक सुधार और साम्प्रदायिक सद्‌भाव को बढ़ावा देने में प्रेरणास्रोत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ए.एम.यू. के पूर्व छात्र सर सैयद के आदर्शों पर चलते हुए शिक्षा, एकता और समाज उत्थान के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने ए.एम.यू. एलुमनाई एसोसिएशन, बिहार चैप्टर द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्रों में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था कलाकार तहसीन मुनव्वर द्वारा प्रस्तुत सर सैयद अहमद खां पर आधारित नाटक जिसका निर्देशन डॉ. सईद आलम ने किया। यह नाटक सर सैयद के जीवन और उनके संदेश पर आधारित था जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। संघ के अध्यक्ष नदमी सिराज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हम सभी पूर्व छात्रों का कर्तव्य है कि हम सर सैयद की विरासत को आगे बढ़ाएं—समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करें, सामाजिक समझ को मजबूत करें और ऐसे संस्थान स्थापित करें जो उनके प्रगतिशील विचारों को आगे ले जाएं।

# लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति ने किया दीपोत्सव समारोह का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति के सहयोग से दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगी सजावट, दीपों की रोशनी और उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगोली, कला, शिल्प, तोरण, मधुबनी चित्रकला, झरोखा, घरौंदा, दीया, लीपन कला, गुल्लक, कंडील, फोटो फ्रेम और फूलदान प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की रचनात्मकता और पारंपरिक कला के प्रति लगाव ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लायन रोहित संकर, लायन शिवानी भार्गव, लायन राजीव भार्गव और लायन नवीन कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की शिक्षिकाओं रेवा, जागृति, निक्की, वंदना और रानी की उपस्थिति में बच्चों को विभिन्न प्रकार की शिल्पकलाओं का प्रशिक्षण दिया गया।

# दानापुर मंडल में विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत रेलवे ट्रैकों पर चला सफाई अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** 31 अक्तूबर 2025 तक चलने वाले विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 18.10.2025 को दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्रनगर टर्मिनल, पाटलिपुत्र, मोकामा, पटना साहिब, दानापुर स्टेशनों एवं दानापुर कॉलोनी में अमृत संवाद का आयोजन किया गया। यह पहल अमृत काल की भावना और पंच प्रण के सिद्धांतों पर आधारित है जिसका उद्देश्य नागरिकों को रेलवे के विकास में भागीदार बनाना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्टेशनों पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों ने यात्रियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने स्टेशनों पर सुविधाओं व सुधारों जैसे प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट, आधुनिक टिकटिंग व्यवस्था, एस्केलेटर, वाई-फाई, दिव्यांग अनुकूल सेवाओं सहित जन औषधि केंद्र जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। यात्रियों से इन सुधारों पर प्रतिक्रिया ली गई और आगे की अपेक्षाओं व सुझावों को जाना गया। यह संवाद यात्रियों को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए स्वच्छता और स्टेशन की देखरेख में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता गतिविधियां सक्रिय रूप से जारी हैं। साथ ही साथ दानापुर मंडल के स्टेशनों पर लगे बोतल क्रशर मशीन की साफ-सफाई, संचालन एवं इसकी उपयोगिता से यात्रियों को अवगत कराया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साथ मंडल के बड़े स्टेशनों जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र, राजेंद्रनगर टर्मिनल, आरा, बक्सर व अन्य के अलावा मंडल के छोटे स्टेशनों पर जैसे दिलदारनगर, फुलवारी शरीफ, भदौरा, फतुहा व अन्य छोटे स्टेशनों पर सघन सफाई अभियान चलाया गया।

## संपादकीय

# नकली दवाओं और खतरनाक सौंदर्य प्रसाधनों पर अब सरकार कसेगी नकेल

हाल ही में कुछ राज्यों में खांसी की दवा पीने से कई बच्चों की मौत की खबरें आईं और इससे हर तरफ चिंता पैदा हुई।किसी भी रोग की दवा से लेकर रसायनों के मिश्रण से तैयार हर वह पदार्थ हमेशा ही संबंधित एजंसियों की निगरानी के दायरे में होना चाहिए, जो इंसानी सेहत के लिए जोखिम का कारक बन सकते हैं। हालांकि सरकार के मातहत इसके लिए बाकायदा एक तंत्र है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की बिक्री खुलेआम होती रहती है, जिनके उपयोग के बाद स्वास्थ्य कई तरह के जोखिम के दायरे में आ जाता है।ऐसा नहीं है कि इस तरह के खतरनाक रसायनों के इस्तेमाल पर रोक के लिए कानून नहीं हैं, लेकिन या तो वे अपर्याप्त हैं या फिर उन्हें सख्ती से लागू करने को लेकर सरकारी एजंसियों के भीतर कोई इच्छाशक्ति नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के इस्तेमाल से कई बार नाहक ही लोगों की मौत होने या स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचने की खबरें आती रहती हैं।यों तो सरकार को इससे संबंधित नियम-कायदों को पहले ही सख्ती से लागू करना चाहिए था, लेकिन अब नए सिरे से नकली या जोखिम का वाहक बनने वाली दवाओं और नुकसानदेह सौंदर्य प्रसाधनों पर नकेल कसने की तैयारी हो रही है।दरअसल, हाल ही में कुछ राज्यों में खांसी की दवा पीने से कई बच्चों की मौत की खबरें आईं और इससे हर तरफ चिंता पैदा हुई। अब केंद्र सरकार दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी के लिए कानून लाने जा रही है। इस संबंध में 'औषधि, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 2025' का मसविदा संसद के आगामी सत्र में पेश किया जा सकता है। देश भर में आए दिन नकली दवाओं की बिक्री और उससे पैदा खतरों को लेकर सवाल उठते रहते हैं। तब थोड़ी सख्ती और कार्रवाई होती दिखती है। मगर आमतौर पर कार्रवाई के दायरे में निचले स्तर के कुछ कर्मचारी या अधिकारी ही आते हैं। मामला शांत होने के बाद फिर दवाओं के निर्माण को लेकर गुणवत्ता और तय कसौटियों में व्यापक लापरवाही बदस्तूर जारी रहती है।इसी के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ-साथ विश्व भर के कई बड़े स्वास्थ्य नियामकों की ओर से भारतीय दवा निर्माताओं की गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियों को लेकर बार-बार शिकायतें और चिंता दर्ज कराई गई।

**कल्पना कीजिए-एक शिक्षक जो प्रशासनिक काम भी करता है, मिड-डे मील की निगरानी भी करता है और साथ में सभी कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाता है। क्या वह शिक्षक शिक्षक रह जाता है या व्यवस्था का बोझ उठाने वाला मज़दूर बन जाता है? भारत में आज भी कई सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चे सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी विषय पढ़ रहे हैं।**

# एक लाख एकल शिक्षक स्कूलों की त्रासदी से त्रस्त शिक्षातंत्र

(ललित गर्ग)

शिक्षा मंत्रालय के साल 2024-25 के आधिकारिक डेटा के मुताबिक देश के कुल 1,04,125 स्कूलों में एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं एवं सभी विषयों को पढ़ा रहे हैं। यह आंकड़ा हमारे शिक्षा तंत्र की विफलता को दर्शाता ही नहीं रहा है बल्कि चिन्ताजनक स्थिति को बयां कर रहा है। ये आंकड़े हमारे शैक्षणिक विकास पर एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर रहे हैं। शिक्षा किसी राष्ट्र की आत्मा होती है। स्वामी विवेकानंद का यह वाक्य आज भारत की शिक्षा व्यवस्था पर एक कसक बनकर उभरता है। जब शिक्षा की आत्मा घायल होती है तो राष्ट्र का शरीर कभी स्वस्थ नहीं रह सकता।

शिक्षा मंत्रालय के ये हालिया आंकड़े बताते हैं कि एकल शिक्षक स्कूलों में करीब पौने चौंतीस लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे ज्यादा थी, जबकि उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक तो हमारे देश में शिक्षा का बजट पहले ही बहुत कम है, फिर उस धन का सही उपयोग नहीं हो पाना एक भ्रष्टाचार ही है। इसमें दो राय नहीं कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के मूल में हमारे नीति-नियंताओं की अनदेखी ही प्रमुख कारक है। आखिर हम अपने नौनिहालों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं? आखिर उनके बेहतर भविष्य की हम कैसे उम्मीद करें? जाहिर बात है कि एक शिक्षक सामाजिक विषय, भाषा, विज्ञान, अंग्रेजी और गणित में माहिर नहीं हो सकता। एक शिक्षक छात्रों की हाजिरी दर्ज करेगा या पढ़ाई कराएगा? एकल शिक्षक स्कूलों का परिदृश्य भारत के विकास की पौल खोलने वाला है। भले ही एकल शिक्षक स्कूलों में पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई हो, फिर इतनी बड़ी संख्या में ऐसे स्कूलों का होना हमारी शिक्षा व्यवस्था की बड़ी नाकामी को ही उजागर कर रहा है। यह स्थिति किसी एक आंकड़े की नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की गहरी त्रासदी की तस्वीर है।

कल्पना कीजिए-एक शिक्षक जो प्रशासनिक काम भी करता है, मिड-डे मील की निगरानी भी करता है और साथ में सभी कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाता है। क्या वह शिक्षक शिक्षक रह जाता है या व्यवस्था का बोझ उठाने वाला मज़दूर बन जाता है? इन बच्चों की शिक्षा कैसी होगी, जिनके लिए ज्ञान का



एकमात्र द्वार ही थकान, उपेक्षा और तंगहाली से भरा है? यह संकट केवल ग्रामीण भारत तक सीमित नहीं है। शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी सैकड़ों स्कूल ऐसे हैं जहाँ विषय विशेषज्ञों की कमी, प्रयोगशालाओं की अनुपस्थिति और शिक्षण संसाधनों का अभाव है। नई शिक्षा नीति 2020 समग्र शिक्षा की बात करती है, लेकिन जब आधारभूत ढाँचा ही अपूर्ण हो तो नीतियाँ केवल दस्तावेज़ बनकर रह जाती हैं। हम 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना कर रहे हैं, पर क्या एकल शिक्षक स्कूलों की यह स्थिति उस दिशा में कोई सार्थक कदम का संकेत है?

यह विडंबना है कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, पर उसके बचपन की शिक्षा का यह हाल है। शिक्षा पर सरकारी व्यय जीडीपी का केवल 2.9 प्रतिशत है, जबकि विकसित देशों में यह 5 से 6 प्रतिशत तक है। जब शिक्षा ही निवेश नहीं बनेगी, तो विकास का आधार कहाँ से आएगा? समस्या केवल शिक्षक संख्या की नहीं, बल्कि शिक्षकों की भर्ती, प्रशिक्षण और संसाधनों की भी है। राज्यों में नियुक्ति प्रक्रियाएँ वर्षों तक लटकी रहती हैं, स्थानांतरण नीति अव्यवस्थित है, और जो शिक्षक हैं भी, उन्हें आधुनिक शिक्षा पद्धति, डिजिटल शिक्षण, नवाचार और नैतिक मूल्य आधारित शिक्षण के प्रशिक्षण से वंचित रखा गया है। यह स्थिति उस समय और अधिक विडंबनापूर्ण लगती है जब हम हर मंच पर 'नया भारत', 'विकसित भारत' और 'विश्वगुरु भारत' के नारे लगाते हैं। शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखने की आवश्यकता है। रक्षा और स्वास्थ्य की तरह शिक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

शिक्षक भर्ती में पारदर्शिता और समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित हो, दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों का समुचित समायोजन किया जाए, तकनीक के माध्यम से डिजिटल शिक्षा का विस्तार हो और शिक्षकों को केवल वेतनभोगी कर्मचारी नहीं बल्कि राष्ट्रनिर्माता के रूप में सम्मान मिले। महात्मा गांधी ने कहा था, 'यदि हमें भारत को पुनः महान बनाना है, तो शिक्षा को पुनः मानवीय बनाना होगा।' आज शिक्षा केवल परीक्षा और नौकरी तक सीमित हो गई है, जबकि उसका उद्देश्य चरित्र निर्माण और विवेक जागरण होना चाहिए। यदि 34 लाख बच्चे एकल शिक्षक के भरोसे हैं, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक संवेदनहीनता का प्रमाण है। भारत तभी विकसित होगा जब हर बच्चा पढ़ेगा-सिर्फ स्कूल में नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में शिक्षित होगा। अन्यथा, एकल शिक्षक की यह पीड़ा आने वाले भारत की मौन त्रासदी बन जाएगी। शिक्षक दीपक की तरह होते हैं, वे स्वयं जलकर समाज को प्रकाश देते हैं। पर जब दीपक ही अकेला रह जाए, तो अंधकार स्वाभाविक है। अब समय है कि हम इस अंधकार को दूर करने का संकल्प लें, क्योंकि शिक्षा ही राष्ट्र का भविष्य है और शिक्षक उस भविष्य के निर्माता हैं।

सोचने वाली बात है कि एक स्कूल की सारी कक्षाओं को एक शिक्षक कैसे पढ़ाता होगा? छात्र-छात्राएं कैसी और कितनी शिक्षा ग्रहण कर पाते होंगे? शिक्षा का मतलब छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्हें पढ़ाई के साथ पाठ्यसहगामी क्रियाओं का भी ज्ञान दिया जाना जरूरी होता है। लेकिन जब स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक ही नहीं होंगे तो किताबी पढ़ाई कैसी होगी, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। स्कूल में सिर्फ पढ़ाई ही महत्वपूर्ण नहीं होती। बच्चों का शारीरिक विकास पूरी तरह हो, उसके लिए खेलकूल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों एवं योग-व्यायाम जैसी कक्षाओं की सख्त जरूरत होती है। लेकिन जब शिक्षक ही पर्याप्त नहीं होंगे तो शिक्षा के साथ चलने वाली इन गतिविधियों की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती है। निस्संदेह, हम छात्रों के बीमार भविष्य की बुनियाद ही रख रहे हैं और ऐसी बीमार बुनियाद पर खड़ा राष्ट्र कैसे स्वस्थ, सक्षम एवं उन्नत होगा?

शिक्षा के प्रति यह उपेक्षा हमारे सत्ताधीशों की संवेदनहीनता का भी पर्याय है। शिक्षकों की नियुक्ति में जिस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले विभिन्न राज्यों में सामने आए हैं, उससे शिक्षा विभाग की प्रदूषित कार्य संस्कृति का बोध होता है। आखिर क्या वजह है कि देश में प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यह स्थिति हमारे तंत्र की विफलता को ही उजागर करती है। एक समस्या यह भी है कि शिक्षक जटिल भौगोलिक स्थितियों वाले स्कूलों में काम करने से कतराते हैं। यदि इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति हो भी जाती है तो वे दुर्गम से सुगम स्कूलों में अपना तबादला ज्वाइन करने के तुरंत बाद करवा लेते हैं। जिसमें राजनीतिक हस्तक्षेप से लेकर विभागीय लेन-देन की भी शिकायत होती रहती है। यही वजह है कि शहरों व आसपास के इलाकों में स्थित स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती जरूरत से ज्यादा भी देखी जाती है।

कैसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सड़कों पर बेरोजगारों की लाइन लगी हैं और स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं। बताया जाता है कि माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में करीब साढ़े आठ लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके बावजूद कि हमारे यहां प्रशिक्षित शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। कहने को तो हमारे गाल बजाते नेता भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश कहते इतराते हैं, लेकिन इन नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि कुंठित होती युवा पीढ़ी के लिये उन्होंने क्या खास किया है? नौकरियों की भर्ती निकलती नहीं है। तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों का होना देश के नीति-निर्माताओं एवं नायकों के लिये शर्म का विषय होना चाहिए।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## इतिहास से टकराव के मूड़ में हैं चिदम्बरम या फिर सत्य की खोज में 'बोल' कर कांग्रेस को असहज कर रहे हैं?

(नीरज कुमार दुबे )

यह पहला अवसर नहीं जब चिदंबरम ने इस तरह की राजनीतिक असुविधा पैदा की हो। कुछ सप्ताह पहले उन्होंने खुलकर कहा था कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद भारत ने 'अंतरराष्ट्रीय दबाव' में आकर पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई नहीं की थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने एक बार फिर ऐसा वक्तव्य दे दिया है जिसने पार्टी नेतृत्व की पेशानी पर बल डाल दिए हैं। पहले 26/11 के मुंबई हमलों पर उनका खुलासा और अब ऑपरेशन ब्लू स्टार को 'गलत रास्ता' बताने वाला बयान, दोनों ने कांग्रेस को असहज स्थिति में ला खड़ा किया है। सवाल यह है कि चिदंबरम आखिर लगातार ऐसे संवेदनशील विषयों पर क्यों बोल रहे हैं जो पार्टी की आधिकारिक लाइन से टकराते हैं? क्या यह बौद्धिक ईमानदारी का प्रदर्शन है या किसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा? चिदंबरम का कहना है कि 1984 में स्वर्ण मंदिर पर सेना की कार्रवाई 'गलत तरीका' थी और 'इंदिरा गांधी ने उसकी कीमत अपने जीवन से चुकाई।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि सेना, पुलिस, खुफिया तंत्र और सिविल प्रशासन– सबकी सामूहिक विफलता थी। सच कहें तो यह बयान कांग्रेस के उस ऐतिहासिक नैरेटिव को चुनौती देता है जिसके सहारे पार्टी तीन दशक से 'राष्ट्रीय सुरक्षा की अपरिहार्यता' का तर्क देती आई है। इंदिरा गांधी के समय की राजनीतिक जटिलताओं और पंजाब के चरमपंथी दौर की पृष्ठभूमि में कांग्रेस ने हमेशा यह रेखांकित किया कि ब्लू स्टार 'राष्ट्र की रक्षा'के लिए आवश्यक कदम था। ऐसे में चिदंबरम का 'गलत रास्ता' कहना, पार्टी की नैतिक भूमि को हिला देता है।यह पहला अवसर नहीं जब चिदंबरम ने इस तरह की राजनीतिक असुविधा पैदा की हो। कुछ सप्ताह पहले उन्होंने खुलकर कहा था कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद भारत ने 'अंतरराष्ट्रीय दबाव' में आकर पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई नहीं की थी। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलीज़ा राइस की उस सलाह का भी ज़िक्र किया जिसमें भारत को संयम बरतने को कहा गया था। इस बयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अवसर दिया कि वह कांग्रेस पर 'विदेशी दबाव में झुकने' का आरोप दोहराएँ। नतीजा यह हुआ कि एक बार फिर कांग्रेस को अपने ही वरिष्ठ नेता के शब्दों का स्पष्टीकरण देने की नौबत आई। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो दोनों बयान कांग्रेस के लिए दोहरा खतरा बनाते हैं। पहला, इससे विपक्ष को यह कहने का मौका मिलता है कि कांग्रेस के भीतर भी उसके अतीत और सुरक्षा नीति को लेकर असहमति है। दूसरा, इससे उन समुदायों और मतदाताओं में भ्रम पैदा होता है जो पहले से ही इन घटनाओं के कारण भावनात्मक रूप से संवेदनशील हैं। पंजाब में सिख भावनाएँ और राष्ट्रीय स्तर पर 'राष्ट्रीय सुरक्षा' की छवि, दोनों ही कांग्रेस के लिए नाजुक क्षेत्र हैं। ऐसे में चिदंबरम की 'आत्ममंथनकारी' टिप्पणियाँ पार्टी के लिए आत्मघाती भी साबित हो सकती हैं। पर सवाल यह भी है कि क्या किसी लोकतांत्रिक दल में वरिष्ठ नेता को इतिहास और नीति पर स्वतंत्र राय रखने का अधिकार नहीं होना चाहिए? निस्संदेह होना चाहिए, परंतु राजनीति में वक्त और सन्दर्भ का भी मूल्य होता है। जब पार्टी पहले से चुनावी दबाव में हो, जब उसके नेतृत्व पर एकरूपता बनाए रखने की चुनौती हो, तब इस तरह के बयान आत्मनिरीक्षण से अधिक आत्मघाती बन जाते हैं। चिदंबरम एक अनुभवी राजनेता हैं, विद्वान भी हैं। उनके विचार निश्चय ही अकादमिक विमर्श के स्तर पर मूल्यवान हो सकते हैं, पर जब वही विचार सार्वजनिक मंच से राजनीतिक आरोपों के बीच आते हैं, तो वह कांग्रेस के लिए बोझ बन जाते हैं। यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व ने संकेत दिया है कि 'यह आदत नहीं बननी चाहिए।' दिखता है। कांग्रेस के लिए इस विवाद से सीख यही है कि आत्ममंथन का साहस रखे, लेकिन आत्मघात का नहीं। इतिहास पर ईमानदार चर्चा तभी फलदायी होती है जब वह संगठनात्मक रूप से तय सीमाओं में की जाए, न कि व्यक्तिगत बयानों से। चिदंबरम ने जो कहा, वह सैद्धांतिक रूप से गलत नहीं भी हो सकता– पर राजनीति में 'सत्य' केवल तथ्य नहीं, प्रभाव भी होता है। और इस बार प्रभाव स्पष्ट है कि कांग्रेस असहज, विपक्ष उत्साहित और इतिहास फिर एक बार राजनीतिक बहस के केंद्र में है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# साहित्य के नोबल विजेता लाजलो क्रासनाहोरकाई प्रलयंकारी भय के बीच कला-शक्ति की पुष्टि ..!

(डॉ. विजय शर्मा)

अक्तूबर आते ही साहित्य में अटकलों का बाजार गर्म हो जाता है। इस साल यही हुआ। विदेशी अटकलबाजों की मानें तो उनके कल्पना में दूर-दूर तक कोई हिन्दी लेखक न था। मगर अटकल का ठेका केवल उनका नहीं है। हिन्दी वाले भी अटकल लगाते लगाते हुए न मालूम किस-किस को नोबेल देना चाहते हैं।

अटकल मैंने भी लगाई, मेरी हार्दिक इच्छा थी, मुराकामी या रुश्दी को मिले, वे डिजर्व करते हैं। एक मजेदार बात और हुई, एक राजनेता की भांति किसी लेखक ने छाती ठोंक कर नहीं कहा, यह मुझे मिलना चाहिए, यदि मुझे नहीं मिला तो यह मेरे देश का अपमान होगा। लेखक होता, तो आगे जोड़ता, मेरी भाषा का अपमान होगा। हां, हिन्दी वालों को लग रहा है कि नोबेल न दिए जाने से हिन्दी भाषा का अपमान हो रहा है।नोबेल समिति ने 9 अक्टूबर 2025 की शाम एक हंगेरियन रचनाकार लाजलो क्रासनाहोरकाई को यह सम्मान दिया।

5 जनवरी 1954 को हंगरी एवं रोमानिया की सीमा पर स्थित गियुला में लाजलो का जन्म हुआ। समिति ने घोषणा में कहा, 'उनके प्रभावशाली एवं दूरदर्शी साहित्यिक कार्यों केलिए दिया गया है, जो प्रलयंकारी भय के बीच कला-शक्ति की पुष्टि करता है।' घोषणा के पश्चात जब रस्मी टेलिफोनिक वार्ता में जेनी राइडेन ने उनसे पूछा, कैसा लग रहा है, पुरस्कार पाकर? लाजलो ने सैमुअल बेकेट को कोट करते हुए कहा, 'आपदा' से बढ़कर है। वे बहुत प्रसन्न एवं गर्वित हैं। गर्वित हैं, क्योंकि अब वे महान लेखकों/ कवियों की पंक्ति में आ गए हैं। पुरस्कार उनके लिए एक सरप्राइज की तरह आया है। उनकी भाषा हंगेरियन एक नई भाषा है, मात्र 200 साल पुरानी। अत~ वे इसमें भरपूर प्रयोग करते हैं। अपनी भाषा बदलने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि हिन्दी में भाषा को तोड़ने का प्रयास करने वाले की खूब हुज्जत होती है। वे खूब लम्बे-लम्बे वाक्य लिखते हैं। अभी मैंने उनकी नवीनतम किताब 'चेजिंग होमर' (2021) समाप्त की है। किताब बहुत छोटी (70 पन्ने) है, कई पन्ने चित्रों (जर्मन कलाकार मैक्स न्युमान) को दिए गए हैं और कई पन्ने सादे छोड़े गए हैं। मगर 19 छोटे-छोटे अध्यायों में बंटी यह किताब उनके लेखन का नमूना है, क्योंकि पूरे-पूरे अध्याय को एक वाक्य में अभिव्यक्त किया गया है। इसीलिए जब पेज नंबर 25 पर तीन शब्दों का एक वाक्य, 'बट देयर'ज मोर.' आया तो आश्चर्य हुआ। ये लो! किताब का अंतिम अध्याय भी मात्र छ~ शब्दों का ('नो, आई वाज नेवेर गिविंग अप') है और अंत में पूर्ण विराम भी है। किताब एक अंतहीन यात्रा है, अंतिम वाक्य आशा का संचार करता है। किताब में क्यूआर कोड्स की सहायता से हंगेरियन जाज संगीतज्ञ सिल्वेस्टर मिक्लोस को सुना जा सकता है, सुना, झन्नाटेदार संगीत। यह किताब कला, संगीत एवं साहित्य की जुगलबंदी है। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है, मैंने इस लेखक/कवि को नहीं पढ़ा है, हालांकि फिल्म के माध्यम से मेरा उनसे परिचय हुआ और कुछ किताबें जुटा ली थीं। 'विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया' लिखते समय सिने-निर्देशक बेला टार को जाना। बेला टार ने प्रयोगात्मक फिल्में बनाई हैं, वे धीमी गति की फिल्म बनाने हेतु जाने जाते हैं। लाजलो ने छ~ फिल्मों का स्क्रीनप्ले लिखा है, जिस पर इस निर्देशक ने फिल्म बनाई हैं। एक तो बहुत लंबी करीब साढ़े सात घंटे की है। मगर लाजलो स्वयं को फिल्मी दुनिया का आदमी नहीं मानते हैं। लाजलो ने ऑपेरा भी तैयार किया है। क्लासिकल, खासकर काफ़्का के प्रशंसक ने आज के अंधकारपूर्ण समय के विषय में लिखा है। उनके अनुसार कड़ुवाहट उनकी गहन प्रेरणा है, अप्रसन्नता एवं शोक के तहत वे लिखते हैं। वे आज की दुनिया की स्थिति से बहुत उदास हैं, इस गहन कड़वाहट को अगली पीढ़ी हेतु प्रेरणा मानते हैं। लिखना उनके लिए बहुत निजी मामला है, वे इसके बारे में बात नहीं करते हैं। प्रकाशक को पाण्डुलिपि पकड़ा कर पहले से बेहतर लिखने का प्रयास करते हुए अगले लेखन की ओर बढ़ जाते हैं। फंतासी उनके लिए महत्वपूर्ण है। अपने पाठकों को धन्यवाद देते हुए, वे किताबें पढ़ने को पृथ्वी पर इस कठिन समय में बचे रहने की शक्ति देने वाला कहते हैं। लाजलो क्रासनाहोरकाई हंगरी के नोबेल पाने वाले दूसरे साहित्यकार हैं। 2002 में इमरे कर्टीज को यह मिला था। वे द्वितीय विश्वयुद्ध की उपज थे। एक किशोर के रूप में उन्हें यातना शिविर में लेजाया गया और कंकाल के रूप में वे लौटे। बाहर की दुनिया उनके लिए अजनबी थी। 1956 के हंगेरियन आंदोलन के कुछ पहले लाजलो का जन्म हुआ। लेकिन हंगरी अत्याचार से मुक्त न हुआ भले ही स्टालिन की क्रूरता से छुटकारा मिला। हताशा, सर्वनाश, नास्तिवाद, अराजकता आदि इनके मुख्य कथानक हैं। लाजलो के पहले उपन्यास 'सैटनटैंगो' में यह देखा जा सकता है। इसी पर बेला टार ने फिल्म बनाई है। परदे पर उजाड़ स्थान में कागज उड़ते देखना बर्बादी को देखना है। बस यहां कुछ होने का इंतजार है। तकनीक विशेषताओं से लैस फिल्म में क्रूरता है, तनाव है। इस फिल्म को देखना एक चुनौती है। नोबेल पुरस्कार समिति के कुछ सदस्य बहुभाषी हैं, अत~ हंगरी जैसी भाषा बिना अनुवाद के उन तक नहीं पहुंच सकती है। लाजलो के कार्य का कई भाषा में अनुवाद हुआ है। वे अपने अनुवादकों के साथ मिल कर काम करते हैं। उनके कई कार्य का इंग्लिश अनुवाद जॉर्ज सियरटिस ने किया है। जॉर्ज के अनुसार क्रासनाहोरकाई का प्रमुख सार है, कुचक्र, अपराध, बेवफाई, भाग निकलने की आशा और सबसे ऊपर विश्वास एवं निरंतर विश्वासघात। उनके अनुसार 'सैटनटैंगो' के केंद्र में शराब पीकर किया गया शैतान का नृत्य है, कभी टैंगो के संदर्भ में, कभी चारडास (हंगेरियन नृत्य) के रूप में है। यह स्थानीय सराय में चल रहा है, जहां पीकर सब धुत हैं।... कॉमिक तथा ट्रैजिक के बीच खोई हुई, उनकी दुनिया रुखड़ी है। यहां मृत्यु का नृत्य है।' पूर्व की संस्कृति से प्रभावित लाज्लो बुद्ध एवं लाओत्से को याद करते हैं, वे कई बार जापान गए हैं, भारत आना चाहते थे, सत्ता से इसकी अनुमति नहीं मिली। उनका 'द मेलनकली ऑफ़ रेजिस्टेंस', 'वारएंड वार', 'एनिमलइनसाइड', 'डिस्ट्रक्शन एंड सोरो बिनीथ द हेवन', 'द लास्ट वुल्फ़ एंड हर्मन', 'द वर्ल्ड गोज ऑन', 'स्पेडवर्क फ़ॉर ए पैलस~ एंटरिंग द मैडनेस ऑफ अदर्स', 'ए माउंटेन टू द नॉर्थ, ए लेक टू द साउथ, पाथ्स टू द वेस्ट, ए रिवर टू दि ईस्ट', 'हर्स्ट 07769' आदि कार्य इंग्लिश में उपलब्ध है। 'मेरे काम को अब केवल ईश्वर समझता है' कहने वाले नोबेल पुरस्कृत लाजलो क्रासनाहोरकाई के जटिल काम को ईश्वर की भांति समझने की कोशिश कर रही हूं। यह लेखक के निजी विचार हैं।

New page 7_page 12 29.05.2025.qxd 18-10-2025 21:45 Page 1



# नक्सलियों के बैनर पोस्टर से सनसनी

▶ क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान शुरू

▶ पोस्टर नक्सलियों की हताशा का संकेत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा** । चाईबासा स्थित सारंडा जंगल में नक्सलियों की सक्रियता से एक बार फिर से सुरक्षा बल सतर्क हैं। नक्सलियं की हर एक गतिविधियों पर पैनी नजर है। एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। वहीं, घटना के बाद नक्सलियों ने सड़क किनारे बैनर और पोस्टर लगाए हैं, जिनमें पुलिस और अर्धसैनिक बलों को चेतावनी दी गई है। पोस्टरों में लिखा है सादे कपड़ों में और निहत्थे हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या बंद करो, वरना उसका बदला उसी तरह लिया जाएगा।

इससे पहले भी नक्सलियों ने सारंडा और चाईबासा क्षेत्र में कई मोबाइल टावरों को नुकसान पहुंचाया था, जिससे क्षेत्र की मोबाइल सेवाएं बाधित हुई थीं।पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना माओवादियों के प्रतिरोध सप्ताह के दौरान हुई है। इस अवधि में नक्सली अपनी ताकत दिखाने के लिए सड़क जाम, पोस्टरबाजी और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं करते हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात में जंगल की ओर से चेनसॉ जैसी आवाजें सुनाई दी थीं। सुबह जब लोग बाहर निकले तो देखा कि सड़क पर पेड़ गिरे हुए हैं और नक्सली बैनर लगाए गए हैं। सूचना मिलते ही जराईकेला थाना पुलिस और सीआरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। वन विभाग की मदद से पेड़ों को हटाकर सड़क को दोबारा खोलने का काम चल रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि नक्सली बैनर जब्त कर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह घटना नक्सलियों की हताशा का संकेत है, क्योंकि हाल ही में सुरक्षा बलों ने उनके कई ठिकाने ध्वस्त किए हैं। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले इसी इलाके में नक्सलियों ने एयरटेल मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया था और आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया था।

# उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों की कार्यशाला

## शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावी बनाना उद्देश्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव के नेतृत्व में सभी सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यपक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं एक अन्य शिक्षक के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाना था। कार्यशाला में स्कूलों में प्रबंधन और वित्तीय योजना, सकारात्मक और संगठित शिक्षण-अधिगम वातावरण बनाना, स्कूल के कर्मचारियों और छात्रों की समस्याओं का समाधान, नई शिक्षा नीतियों और सरकारी योजनाओं पर चर्चा, शिक्षा प्रणाली में सुधार और परिवर्तन लाने के तरीके आदि विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही विद्यालयों के प्रबंधन और बेहतर शिक्षण-अधिगम वातावरण बनाने जैसे विषयों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने की बात कहीं। कहा कि बच्चों के विकास में उनके अभिभावकों और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह ध्यान रखें कि विद्यालय का संचालन समयानुसार हो, बच्चों को उचित शिक्षा मिलें, भोजन मिलें, विद्यालयों का नियमित साफ-सफाई हो। बच्चे नियमित विद्यालय आए और शिक्षा ग्रहण करें। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी प्रधानाध्यापकों से शिक्षकों के रोस्टर, पढ़ाई की गुणवत्ता, शिक्षक समय से विद्यालय आते है या नहीं आदि जानकारियां प्राप्त की और पूरी समयबद्धता के साथ शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को समय-समय विद्यालयों का भ्रमण करने और गुणवतापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु अपने स्तर से बेहतर प्रयास करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि वैसे शिक्षक जो विद्यालय संचालन में बाधा उत्पन्न या पढ़ाने में लापरवाही करते है, उन पर कड़ी से कड़ी कारवाई करें। किसी भी परिस्थिति में बच्चों की शिक्षा बाधित न हो, यह सभी संबंधित अधिकारी और शिक्षक सुनिश्चित करें।

# कर्मियों की बैठक में कई बिंदुओं पर की गई चर्चा

## नवपदस्थापित बीपीओ का किया गया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बीआरसी भवन में बीआरपी, सीआरपी, आरटी, एमआईएस एवं अन्य सभी प्रखंड स्तरीय कर्मियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे सर्वप्रथम नवपदस्थापित बीपीओ भोला कुमार राय का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। बैठक में विभागीय निदेर्शानुसार बच्चों का अपार आईडी बनाने, ड्राप बॉक्स ,सावित्री बाई फुले ,हैबिटैशन मैपिंग, एमएसवीपी वेरिफिकेशन आदि पर चर्चा की गई एवं सभी विभागीय कार्यों को समय से पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

बैठक में सीआरपी संतोष गुप्ता, सदानंद प्रजापति, रितेश बरनवाल, सुशील मिश्रा,मनमीत गुप्ता,, रविंद्र कुमार,संजीत कुमार,किरण कु वर्मा,प्रदीप विश्वकर्मा,मदन मोहन सिंह,अमलेन्दु सिन्हा, बीआरपी पुरुषोत्तम कुमार,नवीन कुमार आरटी मो जफर ,महताब आलम, सरजील अहमद और आदित्य मंडल उपस्थित थे।

# झारखंड में टाइगर सफारी प्रोजेक्ट की तैयारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लातेहार जिले में प्रस्तावित टाइगर सफारी प्रोजेक्ट की तैयारियों को गति देने के लिए शुक्रवार को आवासीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

यह झारखंड का पहला टाइगर सफारी प्रोजेक्ट होगा, जिसका निर्माण लातेहार के पुटूवागढ़ क्षेत्र में पलामू टाइगर रिजर्व से बाहर प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए ताकि इसे समयबद्ध और मानकों के अनुरूप पूरा किया जा सके।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि टाइगर सफारी बेतला नेशनल पार्क के निकट बनाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के इको टूरिज्म सर्किट, जो नेतरहाट, बेतला, केचकी से लेकर मंडल डैम तक विस्तारित है, को मजबूती प्रदान करेगा। इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री को बताया गया कि डालटनगंज, बरवाडीह और मंडल डैम क्षेत्र के निवासियों को आजीविका का बेहतर साधन मिलेगा। प्रोजेक्ट के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्माण कार्य सभी निर्धारित मानकों का पालन करते हुए हो।

टाइगर सफारी पर्यटकों को बाघों और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा। यह प्रोजेक्ट न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि झारखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को भी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पर्यटकों के लिए यह एक नया आकर्षण होगा, जो झारखंड के इको टूरिज्म को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को इसे पर्यावरण के अनुकूल और स्थानीय समुदाय के हित में लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के साथ-साथ इसकी गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वाइल्डलाइफ) परितोष उपाध्याय, पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एस.आर. नाटेश, उप निदेशक प्रजेश जेना, कंसल्टेंट अशफाक अहमद सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# डीएफओ को सौंपा मांग पत्र

**गिरिडीह।** भाकपा माले और अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में पीरटांड़, मधुबन कोरिया बस्ती के प्रतिनिधि, आज डीएफओ पूर्वी जॉन मनीष तिवारी से मिले। डीएफओ मनीष तिवारी को दिये आवेदन में मुख्य मांगें है किसी भी गरीब को वन विभाग से नोटिस नहीं जाए,वन पट्टा देने का प्रावधान है,उसको तत्काल करने का प्रयास किया जाय, इसके अलावा पूरे पीरटांड़ प्रखंड में आदिवासियों और दलितों को भी वन पट्टा दिया जाय। माले नेता राजेश सिन्हा,कन्हाई पांडेय और अजीत राय तीनों जिला कमिटी के नेता भी इस मुलाकात में शामिल थेद्ध डीएफओ ने सकारात्मक बात की है। राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय कहा कि गरीबों के साथ भेद भाव सरकार नहीं करें,वही जिला कमिटी सदस्य अजीत राय धनेश तुरी,प्रखंड सचिव मसूदन कोल,हराधन तुरी,सुभाष तुरी ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में हजारों दलित और आदिवासियों को वन पट्टा दिलाएगा माले,दलित आदिवासी माले के साथ आंदोलन में खड़े रहे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# महागठबंधन से अलग हुई झामुमो

## बिहार विस चुनाव में छह सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के छह प्रत्याशी उतरेंगे। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के समापन पर बिहार आए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्षी गठबंधन को लेकर कई तरह की संभावनाएं जताई थी, लेकिन बिहार में महागठबंधन के अंदर सीटों के बंटवारे पर सार्थक बातचीत नहीं देख अब झारखंड मुक्ति मोर्चा में यह फैसला लिया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पांच प्रत्याशी उतारे थे। पांचों प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। ऐसे में महागठबंधन को लेकर संभावनाएं तलाशी जा रही थी। झारखंड में राजद और कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ है, यह भी ऐसी तैयारी हो रही थी। जिन छह सीटों पर पार्टी ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं, उनमें चकाई, धमदाहा, कटोरिया, पिरपैंती, मनीहारी और जमुई शामिल हैं। यह सभी छह सीटें बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की है। बता दें कि पहले जेएमएम बिहार विधानसभा चुनाव में 16 सीटें देने की मांग कर रहा था। बाद में वह 12 सीटों पर आ गया। इसे लेकर जेएमएम के कुछ नेता पटना भी गये थे। तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के कई बड़े नेताओं से बातचीत की, लेकिन बात नहीं बनी तो वापस लौट आये। शनिवार को पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है।

# होटल में दो नाबालिग छात्राओं से सामूहिक दुष्कर्म की घटना से रोष

▶ पुलिस ने चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

▶ होटल से शराब की बोतलें सहित अन्य बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची थाना क्षेत्र के आम बागान के साना कॉम्पलेक्स में स्थित कैलाश उर्फ डोरोमेन होटल में दो नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों छात्रा है।घटना 16 अक्टूबर की देर शाम की है। शिकायत के बाद साकची थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।आरोपितों में सोनारी थाना क्षेत्र बिहार ग्रीन निवासी कैलाश मिश्रा, चतरा जिले के ईटखोरी के कुर्जून निवासी करण कुमार राणा, कदमा थाना क्षेत्र शास्त्री नगर ब्लाक संख्या चार निवासी रौनक कुमार दास उर्फ श्रेयश और सोनारी सीपी क्लब क्षेत्र निवासी तरुण शर्मा उर्फ गोलू है।

साकची थाना प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि कैलाश मिश्रा होटल का मालिक और करण कुमार राणा होटल का कर्मचारी है। दोनों नाबालिग गोलमुरी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। आरोपितों के विरुद्ध साकची थाना में एक नाबालिग की मां की शिकायत पर दुष्कर्म करने और पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने कमरे की जांच में संदिग्ध वस्तुओं और आरोपितों का मोबाइल जब्त किया है। कमरे से बीयर और शराब की बोतल, सिगरेट, शीतल पेय की बोतल समेत अन्य सामान बरामद किया है। दोनों नाबालिग को रौनक कुमार दास ने होटल में बहला-फुसलाकर बुलाया था, जहां आरोपितों ने घटना को अंजाम दिया।

पूछताछ में आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। नाबालिगों का पुलिस ने मेडिकल जांच कराई। दोनों का बयान अदालत में दर्ज करवाएगी। नाबालिगों के स्वजन को जानकारी होने पर मामला साकची थाना तक पहुंचा। नाबालिगों ने घटना की जानकारी स्वजन को दी थी।

नाबालिगों की पहचान से आरोपितों की गिरफ्तारी हुई। गौरतलब है कि इससे पहले साना कॉम्पलेक्स के एक होटल में देह व्यापार में शामिल युवती ने अपने सहेली के साथ विवाद होने के बाद आत्महत्या कर ली थी।

# बैठक में शब्बीर कुमार का जन्मदिन मनाने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** एकता कल्चरल फाउंडेशन मनायेगा लेजेंडरी सिंगर शब्बीर कुमार के 71वां जन्मदिन मनाने जा रहा है आने वाले 2 नवम्बर को और ये एकता कल्चरल फाउंडेशन 36वां प्रोग्राम करने जा रहा है।

एकता कल्चरल फाउंडेशन बैठक में निर्णय लिया गया है सभी संगीत प्रेमियों को आमन्त्रित किया जायेगा।

बैठक में अध्यक्ष बब्लू सानु, चेयरमैन राजेश सिन्हा, महासचिव पंकज शर्मा, सचिव कासिम खां, कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार, फाउंडेशन के मैनेजर ताहिर इमाम (बब्बन) ऐनोसर मास्टर सैययुम, विक्रम शर्मा, रियाज अहमद, मासूम अली खां, इकबाल अहमद (बब्लू) संदीप अग्रवाल, मुन्ना प्रदीप,सकील अख्तर, बाबू, कदीर, नवाजिश, रिनटु, मो जममिल, अजय ताती, राजेश कुमार शामिल थे।

## बिहार में सीएम फेस का मुद्दा

# चिराग ने मिलाया अमित शाह के सुर में सुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में बिहार चुनाव के बाद सीएम फेस को लेकर उठे सवाल पर सियासत गरमाने लगी है। राष्ट्रीय जनता दल के बाद अब कांग्रेस लगातार यह बात कह रही है कि विधानसभा सभा के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं होंगे। कांग्रेस ने एक बार फिर वीडियो शेयर किया। इसमें केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का बयान है। वीडियो में चिराग कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री कौन होगा? यह तो चुनाव के बाद विधायक तय करेंगे। अब कांग्रेस की ओर से जारी चिराग पासवान का यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें कांग्रेस ने लिखा है कि पीएम मोदी के चिराग ने एलान किया है कि नीतीश कुमार सीएम नहीं होंगे। हालांकि जिस वीडियो को बिहार कांग्रेस ने शेयर किया उसने चिराग यह बात नहीं कह रहे हैं कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं होंगे। वह गृह मंत्री अमित शाह के बयान का समर्थन करने हुए केवल मुख्यमंत्री चुने जाने की प्रक्रिया की बात कह रहे हैं। लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने पत्रकारों से बातचीत दौरान कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने सामान्य प्रक्रिया की बात की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमलोग चुनाव लड़ रहे हैं। हर विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री चुने जाने की प्रकिया होती है। गठबंधन में मुख्यमंत्री चुने जाने की यही प्रकिया है। एनडीए पांच दलों का गठबंधन है। चुनाव के बाद सारे दलों के विधायक आपस में बैठकर मुख्यमंत्री तय करेंगे। यह एक संवैधानिक प्रकिया है। हम सभी को इसका सम्मान करना चाहिए।

गृह मंत्री अमित शाह से एक चैनल पर दिए गए इंटरव्यू में जब सवाल किया गया कि अगर बिहार चुनाव में एनडीए जीतता है तो क्या आप नीतीश कुमार बनाएंगे? तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं भला कौन होता हूं किसी को मुख्यमंत्री बनाने वाला। इतनी सारी पार्टियों का गठबंधन है। बिहार चुनाव के बाद जब सभी दल एकजुट होंगे विधायक दल के नेता बैठेंगे तो अपना नेता तय कर लेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है नीतीश कुमार पर न सिर्फ भाजपा बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री कौन होगा? इसका फैसला विधायक दल के नेता आपस में बैठकर तय कर लेंगे।

# हाजिरी कटने से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में पनप रहा रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने शनिवार को कामकाज ठप कर दिया और एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। आउटसोर्सिंग कर्मचारी एक दिन के हाजिरी काटे जाने पर खफा है।

कर्मचारियों का कहना है दीपावली और छठ जैसे पर्व आ गए हैं। ऊपर से सभी कर्मचारियों की एक दिन की हाजिरी आउटसोर्सिंग एजेंसी ने काट ली है। जब एजेंसी के पदाधिकारी से इस बारे में जानकारी ली जा रही है, तो कोई कुछ नहीं बता रहा है।

नाराज आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने शनिवार की सुबह इमरजेंसी विभाग और ओपीडी विभाग के सामने काम कर छोड़कर विरोध शुरू कर दिया। इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मामले की जानकारी अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर दिनेश कुमार गिनदोरिया को दी गई है। फिलहाल प्रबंधन की ओर से विरोध कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मनाने का काम शुरू किया गया है।

अस्पताल में एजेंसी के माध्यम से 450 आउटसोर्सिंग कर्मचारी सेवा दे रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि अचानक से एक दिन की हाजिरी काट ली गई है। पहले से ही कर्मचारियों को कम मानदेय मिलता है। इस बारे में श्रम विभाग में केस भी चल रहा है।

विरोध करने पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दी जाती है। ऐसे में लगातार कर्मचारियों का यहां शोषण हो रहा है। अस्पताल के ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर सहित अन्य जगहों के कर्मचारी विरोध जाता रहे हैं। दूसरी और अस्पताल के अधीक्षक में कहा कि इस संबंध में आउटसोर्सिंग प्रबंधन से बातचीत की जा रही है।

# चुनाव से पहले बिखर जायेगी कांग्रेस ?

## आनंद माधव का कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर कांग्रेस में बगावत हो गई है। कांग्रेस के कई नेताओं ने अपनी ही पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

कांग्रेस के रिसर्च सेल के अध्यक्ष एवं प्रवक्ता आनंद माधव, खगड़िया सदर विधायक छत्रपति यादव, पूर्व विधायक पूर्व विधायक गजानंद शाही, पूर्व विधायक सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी, बांका जिलाध्यक्ष कंचना कुमारी सिंह, सारण जिला अध्यक्ष बच्चू कुमार वीरू, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार राजन, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी नागेन्द्र पासवान विकल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य मधुरेन्द्र कुमार सिंह, खेल प्रकोष्ठ के चेयरमैन प्रद्युमन कुमार सिंह के साथ एक दर्जन से अधिक नेताओं ने टिकट बंटवारे में धनबल, पक्षपात और सिफारिश का आरोप लगाया है।

शनिवार को पटना में इन नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और विधायक दल के नेता शकील अहमद खान को दलाल बताते हुए टिकट वितरण में भारी धांधली और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को गुमराह करने का आरोप लगाया।

बागी नेताओं ने कहा कि यह लोग मिलकर राहुल गांधी के हाथ को कमजोर कर रहे हैं। पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

आनंद माधव ने कहा कि टिकट वितरण में मेहनती और जमीनी कार्यकताओं को दरकिनार कर धनबल और सिफारिश वालों को तरजीह दी गई।

बिहार प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने राहुल गांधी के निदेर्शों की अवहेलना करते हुए निजी स्वार्थ के तहत टिकट बांटे गए हैं। उन्होंने टिकट बंटवारे में दलाली की जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि वे राहुल गांधी और कांग्रेस हाईकमान को पूरी रिपोर्ट भेजेंगे। इसके लिए एक प्रतिनिधिमंडल जल्द दिल्ली जाएगा और टिकट घोटाले से जुड़े सबूत सौंपेगा। अगर इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो वे संगठनात्मक आंदोलन शुरू करेंगे।

इस बार बेटिकट हुए विधायक छत्रपति यादव ने कहा कि प्रभारी अल्लावारू और कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता शकील अहमद खान ने सिंडिकेट बनाकर टिकट बेचा। कांग्रेस में वे एक मात्र यादव उम्मीदवार थे पर उनके साथ धोखा किया गया।

पूर्व विधायक गजानंद शाही ने कहा कि पार्टी कार्यालय दलालों का अड्डा बन गया है, जहां निष्ठा नहीं, नोट का भाव चलता है।

जिस तरीके से उम्मीदवारों की सूची बनाई गई, उसमें न तो संगठन की राय ली गई और न ही क्षेत्रीय संतुलन का ख्याल रखा गया। नेताओं ने इसे राहुल गांधी के साथ गद्दारी और धोखा करार दिया।

कांग्रेस प्रवक्ता और रिसर्च विभाग के अध्यक्ष आनंद माधव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र में लिखा है कि वह पार्टी में लगातार 2015 से संघर्षरत हैं।

मीडिया में बड़े पद की नौकरी छोड़कर कांग्रेस में आए थे लेकिन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करने के बावजूद कुछ व्यक्तियों के अहंकार को संतुष्ट नहीं कर पाए।

# नाबालिग का फर्जी आधार बना कर दिया धर्मांतरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरहड़वा (साहिबगंज)।** हरियाणा के सेक्टर 24 गुरुग्राम नाटोपुर तोताराम चौक की रहनेवाली 13 साल की हिंदू नाबालिग लड़की व उसको भगाने तथा मतांतरण के प्रयास के आरोपित पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के शुरून के साहेल अली को हरियाणा की पुलिस अपने साथ लेकर चली गई।

आरोपित को वहीं कोर्ट में पेश किया जाएगा तथा किशोरी की मेडिकल जांच कराई जाएगी। उधर, अपनी बेटी को सकुशल पाकर किशोरी के माता-पिता की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

साहेल अली ने किशोरी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और उसे लेकर वहां से फरार हो गया। किशोरी की वास्तविक उम्र मात्र 13 साल है लेकिन युवक ने 18 साल की रेशमा खातून के नाम से आधार कार्ड बनवा लिया। बंगाल ले जाकर किशोरी का मतांतरण कराने की योजना थी।

हालांकि, रास्ते में ही किशोरी को साजिश की भनक लग गई और मौका देखकर बरहड़वा रेलवे स्टेशन पर वह उतर गई। उसे समझाने बुझाने के लिए साहेल अली भी उतर गया। इसी क्रम में गश्ती कर रहे आरपीएफ कॉन्स्टेबल अनिल कुमार व प्रलयंकर कुमार की नजर दोनों पर पड़ी।

कॉन्स्टेबल दोनों को हिरासत में लेकर आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। मामले की छानबीन शुरू की तो पूरा भेद खुल गया। इसके बाद बच्ची के स्वजन के साथ-साथ संबंधित थाने की पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई। वहां से स्वजन व पुलिस पदाधिकारी सड़क मार्ग से पहुंचे और सोमवार को दोनों को लेकर चले गए। किशोरी नेपाली मूल की है।

किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के मामले में गिरफ्तार साहेल अली हरियाणा के गुरुग्राम में नाबालिग किशोरी के मकान के सामने के मकान में ही रहता था। पूछताछ में साहेल अली ने बताया कि उसके पिता मन्नान अली का स्वर्गवास हो चुका है। उसके रिश्तेदार भी दिल्ली में रहते हैं।

## आरईसी लिमिटेड को क्यू2 में 4414.93 करोड़ का नेट प्रॉफिट, डिविडेंड का भी ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंपनी आरईसी लिमिटेड का नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 4,414.93 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। आरईसी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्तवर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में उसे 4,037.72 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बता दें, दूसरी तिमाही में कंपनी की आय 10.62 प्रतिशत बढ़कर 15,162.38 करोड़ रुपये हो गयी जो एक साल पहले इसी तिमाही में 13,706.31 करोड़ रुपये थी। महारत्न कंपनी ने दूसरी तिमाही के नतीजों के साथ डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। कंपनी ने दी जानकारी में बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 4.60 रुपये का डिविडेंड निवेशकों को दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 27 अक्टूबर 2025 की तारीख, दिन सोमवार को रिकॉर्ड डेट तय किया है। बता दें, कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि योग्य निवेशकों को 14 नवंबर या उससे पहले भुगतान कर दिया जाएगा। आरईसी लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को बाजार के बंद होने समय पर 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 374.70 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। 2025 में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 25 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 30.90 प्रतिशत गिरा है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 573 रुपये और 52 वीक लो लेवल 348.65 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 98,666.90 करोड़ रुपये का है।

## 3 महीने में 1000 करोड़ रुपये का फायदा

**मुंबई, एजेंसी।** अरबपति उद्योगपति अनिल अग्रवाल के वेदांता ग्रुप की कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने तगड़ा मुनाफा कमाया है। चांदी की वजह से कंपनी के मुनाफे में तेज उछाल आया है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में टैक्स चुकाने के बाद हिन्दुस्तान जिंक का कंसॉलिडेटेड प्रॉफिट 2649 करोड़ रुपये रहा है। तिमाही आधार पर कंपनी का मुनाफा 19 पर्सेंट बढ़ा है। कंपनी के कुल मुनाफे में अकेले चांदी की हिस्सेदारी 40 पर्सेंट रही है, जो कि करीब 1060 करोड़ रुपये है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, दुनिया के टॉप-5 सिल्वर प्रॉड्यूसर में से एक है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में हिन्दुस्तान जिंक ने 1706 करोड़ रुपये का सिल्वर रेवेन्यू हासिल किया। तिमाही आधार पर कंपनी के सिल्वर रेवेन्यू में 10 पर्सेंट का और सालाना आधार पर 20 पर्सेंट का उछाल आया। वैश्विक बाजार में चांदी की कीमतें बढ़ने से कंपनी को यह सिल्वर बोनांजा मिला है और कंपनी ने मजबूत परफॉर्मेंस दिखाया है। लेड और जिंक ओर्स के साथ चांदी प्राकृतिक रूप से पायी जाती है, इसकी माइनिंग और रिफाइनिंग हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड करती है। कंपनी की अर्निंग्स में इसकी हिस्सेदारी बढ़ रही है। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने दूसरी तिमाही में अब तक का सबसे ज्यादा रेवेन्यू हासिल किया है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 8,549 करोड़ रुपये रहा है, जो कि तिमाही आधार पर 10 पर्सेंट ज्यादा है। दूसरी तिमाही में कंपनी का इबिट्डा मार्जिन 52 पर्सेंट रहा है। कंपनी ने टेक्नोलॉजी अपग्रेड्स और ऑपरेशनल इफीशिएंसी से 5 साल की सबसे कम जिंक प्रॉडक्शन कॉस्ट हासिल की है। साल 2025 में अब तक चांदी में जबरदस्त तेजी आई है। श्वअस्त्र ने पहले ही लोगों का पैसा दोगुना कर दिया है। फ्यूचर मार्केट में चांदी की कीमतों में करीब 70 पर्सेंट का उछाल आया है।

# डेटा सेंटर वाली कंपनी का आ रहा आईपीओ

● सेबी की मंजूरी का इंतजार ● आईपीओ में 2,500 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों का इश्यू

**मुंबई, एजेंसी।** डेटा सेंटर को-लोकेशन सर्विस प्रोवाइडर कंपनी-सिफी इन्फिनिट स्पेसेस लिमिटेड ने 3,700 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इस आईपीओ में 2,500 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों का इश्यू और मौजूदा शेयरधारकों-कोटक डेटा सेंटर फंड (643 करोड़ रुपये) और कोटक स्पेशल सिचुएशंस फंड (557 करोड़ रुपये) - द्वारा 1,200 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी 500 करोड़ रुपये तक का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट भी कर सकती है, जिससे नए इश्यू का आकार कम हो जाएगा।




यह कंपनी सिफी टेक्नोलॉजीज द्वारा प्रवर्तित सिफी समूह का एक हिस्सा है। यह कंपनी मुंबई, चेन्नई, नोएडा, हैदराबाद, बेंगलुरु और कोलकाता में 14 को-लोकेशन डेटा सेंटर संचालित करती है, जिसकी संयुक्त निर्मित आईटी पावर क्षमता 30 जून, 2025 तक 188.04 मेगावाट है। 31 मार्च, 2025 तक भारत में आईटी क्षमता का निर्माण करके इसकी बाजार हिस्सेदारी 15.26 प्रतिशत थी।

### क्या होगा पैसे का

नए इश्यू से मिले रकम का उपयोग कंपनी के चेन्नई-2 डेटा सेंटर में टावर बी के निर्माण और नवी मुंबई स्थित रबाले डेटा सेंटर में टावर 11 और 12 के निर्माण के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा, जिसका अनुमान क्रमशः 465 करोड़ रुपये और 860 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त, 600 करोड़ रुपये उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए दिए जाएँगे, और शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। जेएम फाइनेंशियल, सीएलएसए इंडिया, जेपी मॉर्गन इंडिया, कोटक महिंद्रा कैपिटल और मॉर्गन स्टेनली इंडिया इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## त्योहारी मौसम में अस्थायी रोजगार पाने के लिए भी डिजिटल कौशल अनिवार्य

### टीमलीज एडटेक की रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** देश में त्योहारी मौसम के दौरान होने वाली अल्पकालिक भर्तियों में भी अब तीन-चौथाई नियोक्ता डिजिटल कौशल को अनिवार्य कर रहे हैं। टीमलीज एडटेक की रिपोर्ट के मुताबिक, अग्रिम पंक्ति और आपूर्ति भूमिकाओं से इतर करीब 76 फीसदी नियोक्ता अब मौसमी भूमिकाओं के लिए भी तकनीकी दक्षता जरूरी कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल मंच, भंडारण प्रणाली और कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित ऑर्डर प्रबंधन में कुशल कर्मचारियों को बार-बार अल्पकालिक अनुबंध मिलने की संभावना अधिक होती है। टीमलीज एडटेक के संस्थापक एवं सीईओ शांतनु रूज ने कहा, त्योहारी मौसम में नियुक्तियां अब केवल सीटें भरने के बारे में न होकर ऐसे प्रतिभाशाली लोगों की तलाश के बारे में हैं, जो डिजिटल टूल, प्लेटफॉर्म और एआई-सक्षम प्रणाली का उपयोग कर सकें। त्योहारी सत्र में बढ़ी मांग को देखते हुए डिजिटल कौशल वाले कर्मचारी इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए सबसे उपयुक्त स्थिति में होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पारंपरिक त्योहारी नौकरियों के अलावा नियोक्ता एआई-चालित ग्राहक जुड़ाव और त्योहारी रुझानों के विश्लेषण प्रबंधन के लिए प्रॉम्प्ट इंजीनियर, प्रक्रिया स्वचालन विश्लेषकों और डाटा मार्केटिंग अधिकारियों की भी भर्ती कर रहे हैं।

### आज, अपने अनूठे वेंचर से उनका सालाना टर्नओवर 50 लाख का है

# सुपरबूस्टर से 50 लाख सालाना का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
महाराष्ट्र की महिला उद्यमी सलोनी गोडबोले तिवारी ने कैंसर रिसर्च के क्षेत्र को छोड़कर भारत के पशुपालन में क्रांति ला दी है। सह-संस्थापक डॉ. मिलिंद निफाडकर के साथ मिलकर उन्होंने 2018 में ओकैमी बायोसाइंस की नींव रखी थी। उनका मिशन साधारण था। ग्रामीण किसानों के लिए किफायती माइक्रोब-आधारित समाधान पेश करना। उन्होंने महसूस किया कि अगर प्रोबायोटिक्स इंसानों को लाभ पहुंचा सकते हैं तो मवेशियों को क्यों नहीं। इसी सोच के साथ उन्होंने पशुओं के लिए च्यवनप्राश जैसे न्यूट्रास्यूटिकल्स विकसित किए। आज, अपने अनूठे वेंचर से उनका सालाना टर्नओवर 50 लाख का है। आइए, यहां सलोनी गोडबोले तिवारी की सफलता के सफर के बारे जानते हैं।

### दवाओं पर निर्भरता में कमी

सलोनी का मिशन केवल पशु स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस -एएमआर की बढ़ती वैश्विक चुनौती का भी समाधान करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अनजाने में दूध की मात्रा और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए एंटीबायोटिक या हार्मोन इंजेक्शन का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। इससे फूड चेन प्रदूषित होती है। सलोनी का वेंचर पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करके किसानों को इन हानिकारक दवाओं पर निर्भरता कम करने में मदद करता है। यह वन हेल्थ नजरिया खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है। मीथेन उत्सर्जन को कम करके जलवायु स्थिरता के लक्ष्यों के साथ भी जुड़ता है।



### अब 50 लाख का टर्नओवर

एक महिला और शहरी उद्यमी होने के नाते सलोनी को ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक और लैंगिक पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ा। अक्सर खेत और पशुधन की देखभाल महिलाएं करती हैं। लेकिन, महत्वपूर्ण वित्तीय निर्णय पुरुष लेते हैं। ग्रामीण पुरुषों को महिला के साथ व्यापार पर चर्चा करने में संकोच होता था। सलोनी ने जल्द ही इसे महसूस किया। इन चुनौतियों को दूर करने के लिए उन्होंने ग्रामीण पुरुषों की एक क्षेत्रीय टीम का गठन किया। साथ ही महिला किसानों को प्रशिक्षित किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में न्यूट्रास्यूटिकल डिवीजन का वार्षिक कारोबार लगभग 50 लाख रुपये रहा। कंपनी अगले 5 वर्षों के लक्ष्यों के लिए धन जुटा रही है। इसका उद्देश्य भारत और विश्व स्तर पर विस्तार करना है। अपनी 20 कर्मचारियों की टीम के साथ कंपनी का लक्ष्य भारत के 766 जिलों में कम से कम 1 व्यक्ति को रोजगार देना है।

इन सप्लीमेंट्स से महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु सहित पूरे भारत के किसानों को लाभ हुआ है।

### *पशुओं के लिए च्यवनप्राश जैसे न्यूट्रास्यूटिकल्स विकसित किए। आज, अपने अनूठे वेंचर से उनका सालाना टर्नओवर 50 लाख का है*

### नौकरी छोड़कर लिया बड़ा फैसला

माइक्रोबायोलॉजिस्ट सलोनी गोडबोले तिवारी ने एक्ट्रेक में जूनियर रिसर्च साइंटिस्ट की नौकरी छोड़कर पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में कदम रखा। यह बदलाव अचानक नहीं था। अलबत्ता, उद्देश्य-प्रेरित था। सलोनी इस बात से चिंतित थीं कि जीवन रक्षक विज्ञान ग्रामीण भारत और किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने देखा कि दूध की गिरती गुणवत्ता और एंटीबायोटिक दवाओं का अंधाधुंध इस्तेमाल एक प्रणालीगत समस्या पैदा कर रहा है। इसी समस्या को सुलझाने के लिए उन्होंने डॉ. मिलिंद निफाडकर के साथ मिलकर 2018 में ओकैमी बायोसाइंस की शुरुआत की। उनका उद्देश्य विज्ञान आधारित प्राकृतिक सप्लीमेंट्स (न्यूट्रास्यूटिकल्स) को भारत के कोने-कोने तक पहुंचाना है ताकि न केवल पशु स्वस्थ रहें, बल्कि मानव स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों का भी समाधान हो सके।

### किसानों के बीच हिट हुए प्रोडक्ट

सलोनी के उत्पाद सरल, प्रभावी और किसान-हितैषी हैं। ये गाय और बकरियों के च्यवनप्राश से मशहूर हैं। इन्हें सिंथेटिक दवाओं के बजाय लाभदायक रोगाणुओं यानी माइक्रोब्स, अमीनो एसिड, प्रोबायोटिक्स और प्राकृतिक तत्वों का इस्तेमाल करके बनाया जाता है। उनके प्रमुख इनोवेशन में रक्षक (रोग प्रतिरोधक क्षमता और प्रजनन के लिए), बोवी बूस्टर (दूध की मात्रा और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए) और बक बूस्टर (बकरियों में वजन बढ़ाने के लिए) शामिल हैं।

### इटरनल में दीपिंदर गोयल की कुल हिस्सेदारी 3.83 प्रतिशत की है। उनके पास 36,94,71,500 शेयर हैं

# मिनटों में ही दीपिदंर गोयल के डूब गए 556 करोड़

**मुंबई, एजेंसी।**
जोमैटो को ऑपरेट करने वाली कंपनी इटरनल के फाउंडर और सीईओ दीपिंदर गोयल को भारी नुकसान हो गया है। उन्होंने मिनटों में 55 करोड़ रुपये गंवा दिए। इसकी वजह शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का प्रदर्शन है। शुक्रवार का दिन इटरनल के लिए अच्छा नहीं रहा है। कंपनी के शेयरों का भाव 4.2 प्रतिशत तक टूट चुका है। जिसकी वजह से स्टॉक लुढ़ककर 333.75 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गए। बता दें, इटरनल में दीपिंदर गोयल की कुल हिस्सेदारी 3.83 प्रतिशत की है। उनके पास 36,94,71,500 शेयर हैं।

बीएसई में आज शुक्रवार को इटरनल के शेयर 340.30 रुपये के लेवल पर खुले थे। कंपनी के शेयर एक वक्त पर 347.75 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर भी पहुंचे। लेकिन बिकवाली के दबाव में यह स्टॉक 333.75 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल तक आ गया।

### मिनटों में हुआ भारी नुकसान

इटरनल के शेयरों में गिरावट की वजह से दीपिंदर गोयल के शेयरों की वैल्यू घटकर 12331.11 करोड़ रुपये आ गई। शेयरों में गिरावट से पहले उनके शेयरों की वैल्यूएशन 12,887.16 करोड़ रुपये थी। डाटा के अनुसार दीपिंदर गोयल को कुल 556.05 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।



### तिमाही नतीजों से टूटा शेयर

दीपिंदर गोयल सहित करोड़ों निवेशकों को तिमाही नतीजों से झटका लगा है। इटरनल का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 63 प्रतिशत टूटा है। जुलाई से सितंबर 2025 के दौरान इटरनल का नेट प्रॉफिट 65 करोड़ रुपये था। कंपनी के रेवन्यू में 183 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस बार दूसरी तिमाही में इटरनल का रेवन्यू 13590 करोड़ रुपये रहा है।

**शेयरों के प्रदर्शन को लेकर एक्सपर्ट की क्या राय:** बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार एक्सपर्ट्स की राय इटरनल के शेयरों के प्रदर्शन को लेकर अलग-अलग है। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि कंपनी के शेयर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। तो वहीं कुछ को बिकवाली की उम्मीद है।

## धाकड़ डिफेंस कंपनी ने फ्रांस की इस कंपनी से मिलाया हाथ

**मुंबई, एजेंसी।** चर्चित डिफेंस कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने एक बड़ा समझौता ज्ञापन साइन किया है। इस चर्चित सबमरीन बनाने वाली कंपनी ने फ्रांस के नेवल ग्रुप के साथ समझौता ज्ञापन साइन किया है। दोनों कंपनियों के बीच यह समझौता 16 अक्टूबर को हुआ है। दोनों कंपनियां मिलकर दोस्ता सम्बंध रखने वाले देशों के लिए मिलकर सबमरीन बनाएंगी। इसी साल जुलाई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने नेवल ग्रुप के साथ कावेरी सबमरीन में एनर्जी सिस्टम लगाने के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को लेकर एक औपचारिक एग्रीमेंट साइन किया था। इस साल दिसंबर 2024 में डिफेंस मिनिस्ट्री ने करीब 2867 करोड़ रुपये के दो कॉन्ट्रैक्ट साइन किए थे। डिफेंस मिनिस्ट्री इस प्रोजेक्ट के जरिए भारतीय सबमरीन की क्षमताओं का बढ़ाना चाह रही है। पहला कॉन्ट्रैक्ट मझगांव डॉक के साथ है। जिसकी वैल्यू 1990 करोड़ रुपये की है। वहीं, दूसरा कॉन्ट्रैक्ट 877 करोड़ रुपये का है। जिसे फ्रांस के नेवल ग्रुप के साथ साइन किया गया है। शुक्रवार को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के शेयर 0.53 प्रतिशत की गिरावट के बाद 2817.05 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 6 महीने में मझगांव डॉक के के शेयरों की कीमतों में 3.90 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, एक साल में इस डिफेंस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 25.50 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक हाई 3778 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1917.95 रुपये है।

# यस बैंक में हिस्सेदारी नहीं बढ़ाएगा एसएमबीसी ग्रुप

**मुंबई, एजेंसी।** जापानी लेंडर सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन की भारत के यस बैंक में अपनी हिस्सेदारी 24.99 प्रतिशत से आगे बढ़ाने की तत्काल कोई योजना नहीं है। इस खबर के बीच सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी यस बैंक के शेयर में बड़ी गिरावट देखी गई। शुक्रवार को यस बैंक के शेयर करीब 5 पर्सेंट गिरकर 22.06 रुपये के निचले स्तर पर आ गए। बैंक के शेयर के 52 हफ्ते का लो 16.02 रुपये है। शेयर का यह भाव मार्च 2025 में था। एसएमबीसी समूह के भारत प्रभाग के समूह कार्यकारी अधिकारी और प्रमुख राजीव कन्नन ने कहा कि बैंक, यस बैंक के बोर्ड में सबसे बड़े शेयरधारक के रूप में योगदान देने पर केंद्रित है और ऋणदाता में कार्यकारी भूमिका निभाने का इरादा नहीं रखता है। कन्नन ने कहा कि हम यस बैंक में अपनी हिस्सेदारी नियामक द्वारा निर्धारित 24.99 प्रतिशत की सीमा से आगे बढ़ाने पर सक्रिय रूप से विचार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा-ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन पर यस बैंक को अभी भी काम करने की जरूरत है, और हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि जिन क्षेत्रों पर काम करने की उनकी योजना है, उन पर अमल हो रहा है।

सितंबर महीने में जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) ने यस बैंक में 4.22 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल कर ली थी। इस अधिग्रहण के साथ, यस बैंक में एसएमबीसी की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से बढ़कर 24.22 प्रतिशत हो गई है। एसएमबीसी ने 22 सितंबर को बाजार से इतर खरीद-बिक्री के माध्यम से 132.39 करोड़ शेयर हासिल किए। एसएमबीसी इस सौदे के साथ, यस बैंक का सबसे बड़ा शेयरधारक बन गया है, जबकि एसबीआई के पास 10 प्रतिशत से अधिक की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनी हुई है। एसबीआई और सात निवेशक वित्तीय संस्थानों ने मार्च, 2020 में यस बैंक पुनर्निर्माण योजना के तहत बैंक में निवेश किया था। सार्वजनिक क्षेत्र के एसबीआई के पास एक समय यस बैंक में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

# विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह कमी

### *10 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 00 बिलियन डॉलर के पार हुआ*

**मुंबई, एजेंसी।**
सोने के भाव में इन दिनों आश्चर्यजनक तेजी दिख रही है। शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 को इसका भाव 1,34,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर बंद हुआ। इससे हम-आप के लिए सोना खरीदना भले ही मुश्किल हो गया हो, लेकिन रिजर्व बैंक को फायदा हुआ है। इसके भंडार में जितना सोना है, उसका मूल्य बीते 10 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान पहली बार100 बिलियन डॉलर के पार हो गया है। हालांकि इसी सप्ताह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर से कमी दिखी है। यह लगातार चौथा सप्ताह है जबकि अपना विदेशी मुद्रा भंडार गिरा है।

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में खूब कमी हुई है। 10 अक्टूबर 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपनेएफसीए में 5.605 बिलियन की कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 4.049 बिलियन की गिरावट हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार घट कर 572.103 बिलियन रह गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

### रिजर्व बैंक को फायदा हुआ है



### कहां तक गिर गया भंडार

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 10 अक्टूबर 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.176 बिलियन की कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 276 मिलियनकी कमी हुई थी। अब अपना भंडार घट कर 697.784 बिलियन का रह गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन के रिकार्ड उच्चतम स्तर पर था। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। सोने की कीमत इस समय आसमान में चली गई है। कल ही यानी 17 अक्टूबर 2025 को 24 कैरेट सोने का भाव 1,34,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर बंद हुआ था। इस वजह से रिजर्व बैंक के भंडार में जितना सोना है, उसका भी वैल्यू बढ़ गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक बीते 10 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने सोने के भंडार में 3.595 बिलियन की बढ़ोतरी हुई। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 3.753 बिलियन की बढ़ोतरी हुई थी। इसी के साथ अब अपना सोने का भंडार बढ़ कर स्ष्ठ 102.365 बिलियन का हो गया है। इस समय आरबीआई के पास सोने का भंडार 880 टन तक पहुंच गया है। यह देश के कुल फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का 14.7 फीसदी बैठता है।



# इंडस्ट्री के उभरते कलाकारों को अजय देवगन की सलाह

अभिनेता अजय देवगन हाल ही में बॉलीवुड के उभरते अभिनेताओं को सुझाव देते दिखे। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक अजय देवगन ने नए उभरत सितारों को सलाह दी है कि वे अपना पैशन फॉलो करें और खुद पर यकीन बनाए रखें। एक्टर ने कहा, वे पूरे दिल से अपने जुनून का अनुसरण करें। डर और सेल्फ डाउट को अपने लक्ष्य पर हावी न होने दें।

## दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज

बता दें कि अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो काफी दिलचस्प है। उनकी यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म इस साल बाल दिवस पर यानी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अजय देवगन के अलावा इस सीक्वल फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, आर माधवन, मीजान जाफरी और जावेद जाफरी भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है। इसे टी-सीरीज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन और तरुण जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के लिए दिल्ली पहुंची। इस मौके पर अजय देवगन ने फिल्म इंडस्ट्री में तीन दशकों से ज्यादा समय तक काम करने के बाद बॉलीवुड में प्रासंगिक बने रहने का अपना सूत्रा शेयर किया। अभिनेता ने आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया और लोगों को सुझाव दिया कि वे सेल्फ बिलीव को मानें साथ ही कठिन मेहनत करते रहें। अजय देवगन ने कहा, आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। खुद पर यकीन रखना होगा और मेहनत करते रहनी होगी। मुझे नहीं लगता कि असुरक्षा की कोई जगह है। इसके लिए जिंदगी बहुत छोटी है।

## दिल की जरूर सुननी चाहिए

अजय देवगन ने अपने जीवन के सिद्धांतों पर जोर देते हुए युवा और उभरते कलाकारों से कहा, सफलता और असफलता की चिंता किए बिना, जीवन में पूरे मन से अपने जुनून को फॉलो करना चाहिए। अजय देवगन ने कहा, मैं युवा पीढ़ी से यही कहता रहता हूं। अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आगे बढ़ें और उसे करें। यह काम करेगा या नहीं, यह हम बाद में देखेंगे। अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आपको उसे करना चाहिए।



# श्रिया पिलगांवकर बनीं ऑल लिविंग थिंग्स एनवायर्नमेंटल फिल्म फेस्टिवल की जूरी सदस्य

पर्यावरण और सिनेमा के संगम का जश्न मनाने वाला ऑल लिविंग थिंग्स एनवायर्नमेंटल फिल्म फेस्टिवल इस साल अपने छठे संस्करण के साथ लौट रहा है। 4 दिसंबर से शुरू हो रहे इस 11 दिवसीय फिल्म फेस्टिवल में दुनियाभर की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा जो पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, संरक्षण और टिकाऊ जीवन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को उजागर करेंगी। इस साल फेस्टिवल की शुरुआत मुंबई से होगी और 14 दिसंबर को इसका समापन होगा। खास बात यह है कि इस बार अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर और अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त फिल्म निर्देशक पान नलिन को फेस्टिवल की जूरी में शामिल किया गया है। जूरी सदस्य के रूप में अपनी भूमिका को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने खुशी जताई और कहा, फेस्टिवल का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है। अक्सर कलाकार यह बात करते हैं कि सिनेमा में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, लेकिन फेस्टिवल इस ताकत का इस्तेमाल जागरूकता और संवेदना बढ़ाने के लिए करता है, जिससे समाज में वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है।

श्रिया का मानना है कि पर्यावरण का मुद्दा हमारी रोजमर्रा की जिंदगी, स्वास्थ्य और भविष्य से सीधा जुड़ा हुआ विषय है। श्रिया ने आगे कहा, यह फेस्टिवल मुझे याद दिलाता है कि कहानियों में वह शक्ति होती है जो सोच को बदल सकती है, दिमाग खोल सकती है, और हमें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का एहसास करा सकती है। उन्होंने बताया कि जूरी की प्रक्रिया के दौरान उन्होंने कई प्रभावशाली फिल्में देखीं, जो नए नजरिए से सोचने और सीखने का मौका देती हैं। बता दें कि इस फेस्टिवल में फीचर फिल्में, डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म्स, और स्टूडेंट पर आधारित फिल्मों को दर्शकों के सामने लाया जाएगा। इन सभी फिल्मों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि दर्शकों को प्रेरित करना, सोचने पर मजबूर करना और प्रकृति से जुड़ने का एहसास कराना है।

# प्रेग्नेंसी के दौरान की थी दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग

बॉलीवुड एक्ट्रेस इशिता दत्ता बहुत जल्द फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करती दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि जब वह गर्भवती थीं तभी उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। यह उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण दौर था, लेकिन उन्होंने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इशिता ने यह भी बताया कि शूटिंग के समय उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज को सीक्रेट रखा ताकि काम पर असर न पड़े। दो बच्चों, बेटे वायु और बेटी वेदा की मां बनने के बाद यह उनकी पहली फिल्म है जो रिलीज होने जा रही है। इशिता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में 'दे दे प्यार दे 2' के पोस्टर के बगल में अपनी एक तस्वीर साझा की। इसमें अभिनेत्री ने बताया कि इतने लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हूं... दोनों बच्चों के बाद मेरी पहली फिल्म। इसकी शूटिंग के दौरान मैं गर्भवती थी। 4 साल बाद वापसी करना बहुत अजीब लग रहा है, मानो एक नई शुरुआत हो... आप सभी का आशीर्वाद चाहिए... क्या मैं कह सकती हूं कि मैं पोज देना भूल गई हूं, एक नई शुरुआत के लिए उत्साहित हूं। हाल ही में फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ था। इसमें आयशा नाम की लड़की की स्टोरी है जो एक ऐसे शख्स से प्यार करती है जो उम्र में उनसे काफी बड़ा है। इसमें अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में दिखाई देंगे।



# प्रनूतन बहल ने की नेपोटिज्म पर बात

अभिनेत्री प्रनूतन बहल फिल्म इंडस्ट्री के एक मशहूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वह मोहनीश बहल की बेटी और दिग्गज अभिनेत्री नूतन की पोती हैं। उन्हें सिनेमाई पहचान विरासत में मिली है। हालांकि प्रनूतन मानती हैं कि उनके लिए इंडस्ट्री में जगह बनाना आसान नहीं रहा। प्रनूतन बहल बॉलीवुड में स्टार किड के संघर्ष के बारे में बात करती हैं। अभिनेत्री ने बॉलीवुड में एक स्टार किड होने के अपने अनुभव और इस सफर में आई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की। एचटी से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अभिनेताओं से घिरी रहती थीं, इसलिए उनके लिए यह समझना आसान हो गया कि यह एक मुश्किल इंडस्ट्री है। उन्हें पता था कि कई बार बिना काम के भी कई दौर गुजारने पड़ेंगे। उन्हें इस बारे में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इंडस्ट्री में जिन लोगों के माता-पिता नहीं होते, उन्हें चीजें समझ नहीं आतीं, जिससे उनका सफर और भी मुश्किल हो जाता है।

## फिल्मों के लिए पैसे नहीं देता परिवार

बहल ने आगे कहा हर स्टार किड को सब कुछ आसानी से नहीं मिल जाता, और मैं इसका जीता जागता सबूत हूं। ऐसा नहीं है कि मैं एक एक्टर की संतान हूं इसलिए मुझे सब कुछ आसानी से मिल गया है या मेरा परिवार पीछे से फिल्मों के लिए पैसे दे रहा है।

2018 में मिली पहली फिल्म

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्हें एक एक्टर होने के नाते भावनात्मक उथल-पुथल से नहीं जूझना पड़ा, इसलिए उनके लिए सब कुछ कोई झटका नहीं था। उन्होंने कहा कि उन्होंने 2016 में अपने ऑडिशन शुरू किए और 2018 में उन्हें अपनी पहली फिल्म मिली।

काम की बात करें तो प्रनूतन ने 2019 में जहीर इकबाल के साथ फिल्म नोटबुक से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म के प्रोड्यूसर सलमान खान थे। वह जल्द ही हिंदी-अंग्रेजी फिल्म कोको एंड नट का हिस्सा होंगी।







# डीजल में अभिनय करना शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था

तमिल सिनेमा के उभरते सितारे हरीश कल्याण की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर डीजल 17 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में हरीश ने पहली बार एक एक्शन हीरो का किरदार निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन शन्मुगम मुथुसामी ने किया है। एक इंटरव्यू में हरीश कल्याण ने बताया कि डीजल में काम करना शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बेहद थकाऊ था। हरीश कल्याण ने कहा, निर्देशक शन्मुगम मुथुसामी की रिसर्च और डिटेलिंग ने मुझे हैरान कर दिया। उनकी स्क्रिप्ट की गहराई ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया और मुझे पूरा यकीन है कि दर्शक भी इसे खूब पसंद करेंगे। पेट्रोल और डीजल हर किसी की जिंदगी से जुड़े हैं, और सोने से ज्यादा वैल्यूएबल कच्चा तेल, जिसे ब्लैक गोल्ड कहते हैं, दुनिया का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला रिसोर्स है। हम रोज पेट्रोल पंप जाते हैं, लेकिन कच्चे तेल की उस डार्क वर्ल्ड के बारे में शायद ही सोचते हैं। डीजल उसी दुनिया को एक्सप्लोर करेगी।

उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म ग्लोबल ऑडियंस के लिए एक फ्रेश और अनोखा एक्सपीरियंस लेकर आएगी। इसे गहराई और पर्पज के साथ क्राफ्ट किया गया है, और बड़े स्केल पर प्रोड्यूस किया गया है। हमने क्रिएटिव रिस्क लिए हैं जो कुछ अलग लेवल के हैं। दुनिया की सबसे बिजी लोकेशन्स पर शूटिंग करना सच में एक बड़ा चैलेंज था, लेकिन साथ ही एक्साइटिंग भी। बताया जा रहा है कि अभिनेता हरीश कल्याण ने इस रोमांचक थ्रिलर पर बड़ा दांव लगाया है। इसमें वह पहली बार एक्शन करते दिखाई देंगे। हरीश ने कहा, डीजल शारीरिक और मानसिक रूप से दोनों ही तरह से चुनौतीपूर्ण था। गानों और जबरदस्त एक्शन सीन्स तक, हर चीज के लिए काफी मेहनत की जरूरत थी। लेकिन इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के बाद मुझे काफी संतुष्टि का अहसास हुआ। अगर दर्शक मुझे एक्शन के क्षेत्र में अपनाते हैं, तो इस शैली में मेरे लिए और फिल्मों के दरवाजे खुलेंगे। डीजल का निर्माण थर्ड आई एंटरटेनमेंट और एसपी सिनेमाज ने किया है। शन्मुगम मुथुसामी ने ही इस फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में हरीश कल्याण, अतुल्य रवि, विनय राय, साई कुमार, बोस वेंकट, रमेश थिलक, काली वेंकट, विवेक प्रसन्ना, सचिन खेडेकर, जाकिर हुसैन और अपूर्व सिंह जैसे कलाकार हैं।



# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में दूल्हे के रोल में दिखेंगे संजय मिश्रा किरदार को टर्निंग प्वाइंट बताया

**बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा की नई फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का अनाउंसमेंट हाल ही में हुआ था। इस फिल्म में वह एक दूल्हे के रोल में दिखाई देंगे। ऐसा दूल्हा जो दूसरी बार शादी करने वाला है और शादी के लिए लड़की वालों को दहेज तक देने को तैयार है।**

संजय मिश्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, दुल्हन मिल गई है, अब तैयार हो जाइए क्योंकि बारात जल्द ही आने वाली है, आपके नजदीकी या थोड़ी दूर सिनेमाघरों में।

इस पोस्टर में महिमा चौधरी को दुल्हनिया के रूप में दिखाया गया है, जबकि संजय मिश्रा उनकी तस्वीर लिए बैठे दिख रहे हैं। संजय मिश्रा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि यह किरदार उनके लिए क्यों खास है। अभिनेता ने कहा, दुर्लभ प्रसाद एक ऐसा किरदार है जिसे आप उसकी सादगी और मासूमियत के लिए पसंद करेंगे। इमोशन के साथ कॉमेडी हमेशा खास होती है, और इस फिल्म में दोनों ही भरपूर हैं। मैं दर्शकों को इस अनोखे दूल्हे और उसके अनोखे सफर से रूबरू कराने के लिए उत्साहित हूं।

वहीं, फिल्म के निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन ने बताया कि इस फिल्म की कहानी ऐसी है जो दर्शकों को हंसाने के साथ ही सोचने को भी मजबूर कर देगी। इसमें एक गहरा सामाजिक संदेश भी छिपा है। इससे पहले फिल्म की घोषणा करते हुए एक पोस्ट में संजय मिश्रा ने लिखा था, टैग करें, शेयर करें और जीवनसंगिनी ढूंढने में दुर्लभ प्रसाद का साथ दें। दुल्हन खोज अभियान से जुड़िए, कौन जाने आपका एक शेयर किसी की जिंदगी में प्यार भर दे।

दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में महिमा चौधरी, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया, और श्रीकांत वर्मा जैसे कलाकार भी हैं। एका एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में एक ऐसे बेटे की कहानी है जो विधुर पिता की दूसरी शादी करवाना चाहता है। इस फिल्म को सिद्धांत राज सिंह ने डायरेक्ट किया है। फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट नहीं आई है।



# जैनिक सिनर के सामने जोकोविच का मास्टरप्लान फेल

## सेमीफाइनल हुआ एकतरफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोवाक जोकोविच और जैनिक सिनर के बीच सिक्स किंग्स स्लैम 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में जोकोविच की रणनीति पूरी तरह ध्वस्त हो गई। सेर्बियाई स्टार, जो अपनी टैक्टिकल ब्रिलियंस और मानसिक मजबूती के लिए जाने जाते हैं, मैच को लंबा खींचकर सिनर की सहनशक्ति को आजमाने की योजना लेकर आए थे। लेकिन इतालवी खिलाड़ी ने केवल एक घंटे से थोड़ी अधिक में सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से उन्हें हराकर योजना को धराशायी कर दिया।



**एक योजना जो नहीं बन सकी-** हार के बाद जोकोविच ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि उनका मास्टरप्लान सिनर को लंबा और शारीरिक मुकाबला खेलने के लिए प्रेरित करने का पूरी तरह फेल हो गया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा, मैंने कम से कम लंबे मैच की कोशिश की, लेकिन इतालवी खिलाड़ी के स्तर के सामने यह असंभव था। जैनिक सिनर अब जोकोविच के खिलाफ बढ़ती श्रेष्ठता दिखा रहे हैं। उनका हेड-टू-हेड रिकॉर्ड अब 6-4 सिन्नर के पक्ष में है, जिसमें उन्होंने पिछले पांच आधिकारिक मुकाबले जीते हैं। इसके अलावा, जोकोविच ने सिन्नर से 2024 और 2025 के सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी मुकाबलों में भी हार झेली है।

### जोकोविच का हल्का-फुल्का रुख

हार के बावजूद जोकोविच ने अपनी खेल भावना और हास्य दिखाया। रियाद के दर्शकों के सामने उन्होंने मजाक किया- मुझे खेद है कि आप आज लंबा मैच नहीं देख सके, यह उसकी गलती है, मेरी नहीं! उन्होंने सिनर की अविरल ऊर्जा की तारीफ की और बताया कि आखिरी गेम में 0-15 पर उन्हें डराने की कोशिश भी असफल रही। मैं बस टिके रहने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह बहुत अच्छे थे। उन्हें बधाई और फाइनल में शुभकामनाएं।

हार के बावजूद जोकोविच ने अपने खेल और स्थान का संतुलित मूल्यांकन किया, भले ही किसी ने कोर्ट पर आपको इस तरह हराया हो, लेकिन यह अद्भुत है कि मैं अभी भी उच्च स्तर पर खेल पा रहा हूँ, टॉप 10 और टॉप 5 में। इस हार ने जोकोविच को सिनर की तेजी से बढ़ती क्षमता का एहसास दिलाया और उन्हें अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की चुनौती दी। वहीं, सिन्नर की जीत ने उन्हें टेनिस की अगली प्रमुख ताकत के रूप में मजबूत किया।

## विदेश में होगा आईपीएल ऑक्शन

# दुबई, मस्कट या दोहा में 15 से 18 दिसंबर के बीच नीलामी, 20 मार्च से आईपीएल हो सकता है

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल की नीलामी एक बार फिर विदेश में होगी। 2026 सीजन के लिए होने वाले इस मिनी ऑक्शन का आयोजन 15 से 18 दिसंबर के बीच दुबई, मस्कट या दोहा में से एक शहर में किया जाएगा ।यह जानकारी एक सीनियर अधिकारी ने दैनिक भास्कर को दी है। उसने नाम न



छापने की शर्त पर बताया कि पिछले हफ्ते कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इस बार की नीलामी भारत के किसी शहर में होगी। पिछले साल 2024 में आईपीएल का मेगा ऑक्शन सऊदी अरब के जेद्दाह शहर में हुआ था। तब भी भारत में वेन्यू की कमी और लॉजिस्टिक चुनौतियों को वजह बताया गया था।

### मेजबानी की रेस में दुबई सबसे आगे

ऑक्शन के लिए इस बार दुबई, मस्कट और दोहा के नाम चर्चा में हैं। इनमें से दुबई को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि वहां न केवल बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है, बल्कि दुबई पिछले कई सालों से भारतीय क्रिकेट बोर्ड वहां कई इवेंट्स सफलतापूर्वक करा चुका है। 2014 में जब आम चुनावों के कारण भारत में आईपीएल के शुरुआती मैच विदेश में कराए गए थे, तब भी यूएई को ही चुना गया था।

## महिला विश्व कप 2025

# सेमीफाइनल की रेस से 3 टीमें बाहर!




### ● भारत की किस्मत बदल सकता है पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और श्रीलंका की मेजबानी में जारी महिला वर्ल्ड कप 2025 के 18वें मुकाबले में शुक्रवार को साउथ अफ्रीका ने अपनी चौथी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल की दावेदारी ठोस कर ली है। अब बचे हुए दो मैचों में से एक भी जीत प्रोटियाज को अंतिम 4 का टिकट दिलवा सकती है। वहीं श्रीलंका की टीम ने एक भी मैच अभी तक टूर्नामेंट में नहीं जीता है और इस मैच में उसे तीसरी हार मिली। हालांकि, बारिश के कारण रद्द हुए दो मैचों के कारण उसके दो अंक हैं। अब अगर सेमीफाइनल के समीकरण की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया की टीम अपनी जगह पक्की कर चुकी है। वहीं साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल का टिकट हासिल करने की दहलीज पर है। 21 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में ही उसे सेमीफाइनल में एंट्री मिल सकती है। रही बात इंग्लैंड की तो पाकिस्तान के खिलाफ हार से इंग्लैंड बाल-बाल बच गई। अब रविवार को उसका सामना भारत से है। इस मैच में जीत उसे सेमीफाइनल में एंट्री दिलवा सकती है। वरना यह इंतजार 22 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच तक बढ़ सकता है।

### सेमीफाइनल की रेस से 3 टीमें बाहर!

अगर अंक तालिका पर नजर डालें तो बांग्लादेश पांच मैचों में से चार हार के बाद महज 2 अंक लेकर छठे स्थान पर है। तो श्रीलंका की टीम 5 मैचों में से तीन हार और दो बेनतीजा मुकाबलों के बाद 2 अंक लेकर सातवें पायदान पर है।

पाकिस्तान ने 4 में से तीन मुकाबले गंवाए हैं और एक मैच बारिश के कारण रद्द होने की वजह से अंक तालिका में उसका खाता खुला है। अब बांग्लादेश को आखिरी दो मैच भारत और श्रीलंका से खेलने हैं। अगर टीम दोनों मैच भी जीती फिर भी 6 अंक ही हासिल कर पाएगी। मौजूदा हालात के मुताबिक 6 अंक से सेमीफाइनल का क्वालिफिकेशन मुश्किल दिख रहा है।

# गिल ने संभाली कमान

## कहा- रोहित और विराट से सीखना मेरे लिए गर्व की बात



**पर्थ, एजेंसी।** भारत के नए कप्तान शुभमन गिल ने आगामी ऑस्ट्रेलिया तीन-मैच ओडीआई श्रृंखला से पहले अपने विचार साझा किए और कहा कि वे किसी भी कठिन परिस्थिति में वरिष्ठ बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली से सलाह लेने में पीछे नहीं हटेंगे। रोहित और विराट अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया में अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय पारियाँ खेलेंगे, जिसमें पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन ओडीआई मैच शामिल हैं। गिल ने इस साल के शुरुआत में रोहित की टेस्ट कप्तानी की जगह ली थी और अब ओडीआई टीम की कमान भी संभाल रहे हैं। भारत की व्हाइट-बॉल टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा तीन ओडीआई और पांच टी-20 मैचों का है। ओडीआई श्रृंखला का पहला मैच 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि अन्य मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल और 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में होंगे। इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला खेली जाएगी, जिसकी कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। गिल ने कहा, वे ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें मैं बचपन से आदर्श मानता रहा हूं। उनका खेल और जीत की भूख मुझे हमेशा प्रेरित करती रही है। उनके जैसा खेलना और उनके अनुभव से सीखना मेरे लिए गर्व की बात है। सीरीज के दौरान भी कई मौके आए जब मैं उनके अनुभव से सीखूंगा और किसी कठिन स्थिति में उनके सुझाव लेने से कभी पीछे नहीं हटूंगा।

### रोहित-कोहली वही खिलाड़ी, जिन्हें बचपन में अपना आदर्श मानता था: कप्तान गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। गिल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे टीम की कमान संभालने जा रहे हैं। कप्तान ने बताया कि वह बचपन से ही रोहित-कोहली को अपना आदर्श मानते थे ।शुभमन गिल ऐसी टीम की अगुवाई कर रहे हैं, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे पूर्व



कप्तान मौजूद हैं। इसे आगामी वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी में शुरुआती कदम माना जा रहा है, जो साल 2027 में खेला जाएगा। हालांकि, गिल ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि दोनों वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ उनके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। कप्तान गिल ने पर्थ में खेले जाने वाले पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे लगता है कि बाहर की कहानी अलग है, लेकिन हमारे बीच कुछ भी नहीं बदला है। सब कुछ पहले जैसा ही है। यह बहुत मददगार है।

26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, जो कुछ भी वे महसूस करते हैं, उनका अनुभव, जो कुछ भी उन्होंने सीखा है, चाहे वह पिच को पढ़ना हो या किसी भी स्थिति का सामना करना, मैं उनके पास जाता हूं और पूछता हूं कि वे क्या सोचते हैं।



# शमी ने रणजी मैच में झटके 7 विकेट

## अपने प्रदर्शन से दिया अजीत अगरकर को मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर काफी चर्चा हो रही है। जहां एक तरफ भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर उन्हें अनफिट बता रहे हैं। वहीं शमी ने जो कहा था वो साबित भी कर दिया है। भारतीय पेसर ने रणजी ट्रॉफी 2025 की शुरुआत से पहले ही खुद को एकदम फिट बताया था। उन्होंने अपने प्रदर्शन से यह साबित भी कर दिया है। उत्तराखंड के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने करीब 40 ओवर दोनों पारियों में मिलाकर गेंदबाजी की और 7 विकेट लेकर अपनी फिटनेस को साबित कर दिया। इस तरह कहीं ना कहीं मोहम्मद शमी ने अजीत अगरकर के उन्हें अनफिट करार देने वाले बयान को भी झुठला दिया है। अजीत अगरकर ने कहा था कि शमी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले पूरी तरह फिट नहीं थे। 4 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए स्क्वाड का ऐलान हुआ था और 15 अक्टूबर से वह रणजी ट्रॉफी 2025 में अपनी टीम बंगाल के लिए खेल रहे हैं।

इससे पहले मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी में 5 मैचों में 9 विकेट लेकर उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। आईपीएल में भी वह खेलते नजर आए थे। शमी ने अपने बयान में यह कहा भी था कि अगर मैं आईपीएल खेल रहा हूं, रणजी खेल रहा हूं तो फिट कैसे नहीं हूं। वहीं अगरकर ने साफ-साफ उन्हें अनफिट कहे दिया था और रणजी में उनके प्रदर्शन को ट्रैक करने की बात कही थी। मोहम्मद शमी ने बंगाल के लिए उत्तराखंड के खिलाफ खेलते हुए पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार विकेट अपने नाम किए।

## सूर्यकुमार यादव की छिन जाएगी टी20 कप्तानी?

# कहा- हर किसी को डर लगता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर से शुरू हो रही वनडे सीरीज के जरिए शुभमन गिल 50 ओवर्स फॉर्मेट में भारतीय टीम की कप्तानी संभालने जा रहे हैं. शुभमन को रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है. इससे पहले शुभमन टेस्ट टीम के भी कप्तान बनाए गए थे क्योंकि रोहित ने क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था. शुभमन गिल को टेस्ट के बाद वनडे कैप्टेंसी सौंपकर भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में ये युवा बल्लेबाज तीनों ही फॉर्मेट में टीम का नेतृत्व करेगा. शुभमन को वनडे कप्तान बनाने के फैसले ने कुछ फैन्स को चौंकाया ही, टी20 कैप्टन सूर्यकुमार यादव के मन में हल्का-सा डर जरूर पैदा हुआ.



सूर्यकुमार यादव को लगा कि शायद उनका कप्तानी कार्यकाल अब ज्यादा लंबा नहीं बचेगा. शुभमन को वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी मिली ही, उन्हें एशिया कप 2025 में भारतीय टी20 टीम का उप-कप्तान बना दिया गया था. एशिया कप के जरिए शुभमन की एक साल बाद टी20 सेटअप में वापसी हुई. ऐसे में सूर्यकुमार को लगा कि कहीं उनकी टी20 कप्तानी 2026 वर्ल्ड कप से पहले ना चली जाए.

### शुभमन के लिए खुश हूं: सूर्यकुमार यादव

सूर्यकुमार यादव ने एक्सप्रेस अड्डा से कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा. हर किसी को डर लगता है. मगर यह एक ऐसा डर है जो आपको प्रेरित करता है. शुभमन गिल और मेरे बीच मैदान के अंदर और बाहर अच्छी बॉन्डिंग है. मुझे पता है कि वो किस तरह के खिलाड़ी और इंसान हैं. इसी चलते, यह मुझे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है. मैं उनके लिए बहुत खुश हूं कि वो दो फॉर्मेट में कप्तान बन गए हैं. उन्होंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है. सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने इस डर को कमजोरी नहीं, बल्कि मोटिवेशन की तरह इस्तेमाल किया. कप्तान सूर्या का मानना है कि शुभमन गिल के साथ उनका रिश्ता आपसी सम्मान और भरोसे पर टिका है. 30 साल की उम्र के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सूर्या कहते हैं कि वो दबाव में या डरकर खेलने वालों में से नहीं हैं. सूर्यकुमार यादव कहते हैं, अगर मैं डरता तो अपने पहले इंटरनेशनल मुकाबले में जोफ्रा आर्चर की गेंद पर पहला शॉट छक्का नहीं मारता. मैंने बहुत पहले डर को पीछे छोड़ दिया है. मेरा मानना है कि अगर कोई ईमानदारी से मेहनत करे, तो बाकी सब अपने-आप सही हो जाता है. भारतीय टीम एशिया कप 2025 जीतने में सफल रही थी, लेकिन सूर्यकुमार यादव का बल्ले से प्रदर्शन निराशाजनक रहा था.

# 14 चौके, 7 छक्के... 34 गेंद पर ठोक दिया शतक

## महिला क्रिकेट में कभी नहीं हुआ ऐसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट में एक नया इतिहास रचा गया है। किरण नवगिरे ने 17 अक्टूबर को नागपुर में खेले गए सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी मैच में महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए सिर्फ 34 गेंदों में शतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन के नाम था।

**किरण नवगिरे का कमाल-** उन्होंने 35 गेंदों पर 106 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 14 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत महाराष्ट्र ने 111 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 8 ओवर में 9 विकेट से हासिल कर लिया। यह रिकॉर्ड पहलेसोफी डिवाइन के नाम था, जिन्होंने जनवरी 2021 में वेलिंगटन के लिए ओटागो के खिलाफ 36 गेंदों में शतक बनाया था। नवगिरे की 106 रनों की पारी 302.86 के अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट से आई जिससे वह 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट पर शतक बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं।

**किरण ने रच दिया इतिहास-** उन्होंने इस मैच में मुक्ता मगरे के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रनों की अटूट साझेदारी की जिसमें मगरे ने सिर्फ 6 रन बनाए। महाराष्ट्र का 113 रनों का कुल स्कोर अब महिला टी20 क्रिकेट में सबसे कम टीम स्कोर है जिसमें किसी खिलाड़ी ने व्यक्तिगत शतक बनाया हो।



## डेनमार्क ओपन 2025:

# सत्विकसैराज-चिराग सेमीफाइनल में, लक्ष्य सेन हुए बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के स्टार पुरुष डबल्स खिलाड़ी सत्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि लक्ष्य सेन पुरुष सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में सीधे सेटों में हार गए। सत्विक-चिराग की जोड़ी, जिन्होंने इस साल क्क्ष्ड्ड वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, ने इंडोनेशिया की अनसीड जोड़ी मुहम्मद रियान आर्दियांतो और रहमत हिदायत को 21-15, 18-21, 21-16 से हराकर 65 मिनट तक चले कड़े क्वार्टरफाइनल में जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी अब अगले क्वार्टरफाइनल के विजेता का सामना करेगी, जिसमें आठवीं सीड चीन की चेन बो यांग और यी लियू या जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी होगी। सत्विक-चिराग की जोड़ी ने अपनी शुरुआती दो राउंड में स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर और मैथ्यू ग्रिमले और चीनी ताइपे की ली जे-हुई और यांग पो-ह्सुआन की जोड़ी को हराया था। वहीं, लक्ष्य सेन जिन्होंने गुरुवार को विश्व नंबर दो और स्थानीय पसंद एंडर्स एंटोनसेन को सीधे सेटों में हराकर चौंकाया था, शुक्रवार को सातवीं सीड फ्रांसीसी खिलाड़ी एलेक्स लानियर से 9-21, 14-21 से 44 मिनट में हार गए। पहला सेट फ्रांसीसी खिलाड़ी की पूरी पकड़ वाला रहा, जिन्होंने लगातार पांच पॉइंट लेकर 8-2 की बढ़त बनाई, जबकि लक्ष्य नेट पर संघर्ष करते नजर आए और कई अनफोर्स्ड एरर की।

# रिंकू सिंह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले जड़ा शानदार शतक, टी20 के बाद रेड बॉल क्रिकेट में ठोकी दावेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टी20 टीम के स्टार फिनिशर और बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने टी20 में कमाल करने के बाद अब रेड बॉल क्रिकेट में भी दावेदारी ठोकी है। रिंकू सिंह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टी20 सीरीज के लिए जाने से पहले रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले राउंड में बेहतरीन शतकीय पारी खेली। उन्होंने पहले राउंड के मुकाबले में आंध्र प्रदेश के खिलाफ अपना आठवां फर्स्ट क्लास शतक बनाया। दूसरे राउंड के मैच में रिंकू राष्ट्रीय ड्यूटी के कारण रणजी ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे। 29 अक्टूबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज होगी। रिंकू सिंह की बात करें तो 220 रन पर 6 विकेट गंवाने के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश की टीम को संभाला। भारतीय खिलाड़ी ने शतक जड़ते हुए विप्रज निगम के साथ 100 से ऊपर की साझेदारी की। फर्स्ट क्लास क्रिकेट यानी रेड बॉल फॉर्मेट में यह उनका 8वां शतक है। रिंकू ने 2016 में रणजी ट्रॉफी डेब्यू किया था। इस मैच में पहले खेलते हुए आंध्र प्रदेश ने 470 रन बनाए थे।

**संक्षिप्त समाचार**

## साइबर जालसाजों ने दिल्लीवालों से इस साल 1000 करोड़ रुपये ठगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में साइबर ठगी का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। तकनीकी दक्षता और अंतरराष्ट्रीय गिरोहों की रणनीतियों के चलते दिल्लीवासियों को अब तक एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 के दस महीनों में जालसाजों ने अक्टूबर तक दिल्ली के लोगों से कुल एक हजार करोड़ रुपये की ठगी की। हालांकि, पुलिस की कड़ी मेहनत और डिजिटल निगरानी के चलते इस बार ठगी की राशि का 20 प्रतिशत बैंक खातों में रोकने में सफलता मिली है, जो पिछले साल की तुलना में दोगुनी है। पुलिस उपायुक्त (इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस) विनीत कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष जालसाजों ने 1,100 करोड़ रुपये की ठगी की थी, जिसमें केवल 10 प्रतिशत राशि बैंक खातों में रोक पाई गई थी। उन्होंने कहा कि इस बार बैंकिंग प्रणाली के सहयोग से हमने ठगी की रकम का 20 प्रतिशत रोका और पीड़ितों को वसूली की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने कहा कि यह जनता के लिए थोड़ी राहत देने वाली कार्रवाई है। दिल्ली में साइबर ठगी के मामलों में न केवल वित्तीय नुकसान बढ़ा है, बल्कि यह मानसिक तनाव और अविश्वास की भावना भी उत्पन्न कर रहा है। पुलिस और बैंकिंग तंत्र के सहयोग से किए गए कदम कुछ हद तक राहत देने वाले हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि सतर्कता ही इस जालसाजी के खिलाफ सबसे मजबूत कवच है। बैंकों के साथ मिलकर ठगी पर लगाम ~ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक माह जालसाज सौ करोड़ रुपये की ठगी कर रहे हैं। ज्यादातर मामलों में आरोपियों ने विदेशी धरती से अपना गिरोह संचालित किया, लेकिन ठगी के लिए इस्तेमाल किए गए बैंक खाते भारतीय ही रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने विभिन्न बैंकों के साथ समझौते किए। शिकायत मिलने के बाद बैंक अधिकारियों के सहयोग से धोखाधड़ी वाली राशि को रोका जाता है और अदालत के आदेश के बाद पीड़ितों को वापस दिलाया जाता है। पुलिस के अनुसार, अब जालसाज कंबोडिया, लाओस और वियतनाम जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से ऑपरेशन चला रहे हैं। इन देशों में चीनी संचालित गिरोह बड़े पैमाने पर दुनियाभर के लोगों को निशाना बना रहे हैं। इसके लिए भारतीय मदद का सहारा लिया जाता है। जालसाज कमीशन का लालच देकर स्थानीय लोगों को शामिल करते हैं और फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक खाता और सिम कार्ड उपलब्ध कराते हैं। भारतीय सिम कार्ड का उपयोग करके विदेश से पीड़ितों को फोन कर ठगी की जाती है।

## दिल्ली में दो चचेरे भाइयों की गोली मारकर हत्या, पैसों के लेन-देन से जुड़ा विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में पैसों के लेन-देन के विवाद में दो चचेरे भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मामले का खुलासा तब हुआ जब गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को शास्त्री पार्क चौक के पास सर्विस रोड पर एक व्यक्ति के बेहोश पड़े होने की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और उसे जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दिल्ली के कैलाश नगर निवासी 25 साल के उमाम उर्फ ??उभम के रूप में हुई। इसके तुरंत बाद, उसी इलाके में फल मंडी के पास एक घायल व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली। घायल व्यक्ति की पहचान 27 वर्षीय नदीम के रूप में हुई, जो कैलाश नगर का ही निवासी था और पहले पीड़ित का चचेरा भाई था। उसे भी जेपीसी अस्पताल ले जाया गया और बाद में जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और अपराध शाखा और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीमों ने सबूत इकट्ठा करने के लिए दोनों जगहों का दौरा किया। घटना में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गईं। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान 23 साल के असरफ के रूप में हुई है। जांच के दौरान, पुलिस ने तीन ज़िंदा कारतूसों के साथ एक पिस्तौल और एक मोटरसाइकिल बरामद की। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चचेरे भाइयों और आरोपियों के बीच पैसों के लेन-देन के विवाद के कारण यह झड़प हुई।

# दिल्ली में अयोध्या जैसा भव्य होगा दिवाली का प्रोग्राम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश का राजधानी दिल्ली में भी इस बार अयोध्या की तर्ज पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली का कर्तव्यपथ चुना गया है। इस भव्य मौके पर खुद सीएम रेखा गुप्ता सहित पूरी कैबिनेट शामिल होगी। इस दौरान लगभग 2 लाख दिए जलाए जाएंगे। यही नहीं,कार्यक्रम में ड्रोन से लेजर शो का भी आयोजन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार,दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी की सरकार 18 और 19 अक्टूबर को कर्तव्य पथ को दो लाख दीयों से रोशन करेगी। इस दौरान रामायण पर आधारित लेजर एवं ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार,यह समारोह अयोध्या में होने वाले उत्सवों के अनुरूप होगा। पिछले आठ वर्षों में अयोध्या में दीपोत्सव एक विश्व प्रसिद्ध आयोजन बन गया है,जिसने सरयू नदी के किनारे और इस पवित्र शहर के प्रमुख मंदिरों में लाखों दीयों को जलाकर विश्व रिकॉर्ड कायम




किए हैं। एक अधिकारी ने बताया,कर्तव्य पथ 18 अक्टूबर को दो लाख दीयों से जगमगाएगा और अगले दिन भी इतने ही दीये जलाए जाएंगे। इस अवसर पर रामायण की थीम पर एक लेजर और ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता,उनके कैबिनेट मंत्री और विधायकों के मौजूद रहेंगे। भाजपा सांसदों के भी कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। दिल्ली के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सही ढंग से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## राहुल-प्रियंका बिहार में करेंगे तूफानी चुनावी दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बिहार में विधानसभा चुनाव प्रचार का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को बिहार चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा इसमें शामिल हैं।

इनके अलावा कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री,उपमुख्यमंत्री समेत विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी बिहार में प्रचार की कमान संभालेंगे। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को भी इसमें जगह दी गई है। इनके अलावा कन्हैया कुमार, अखिलेश प्रसाद सिंह, रंजीता रंजन, राजेश राम, शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, कृष्णा अल्लावरु के भी नाम हैं।

**ये हैं स्टार प्रचारकत** केसी वेणुगोपाल, सुखविंदर सिंह सुखु, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी, मीरा कुमार, सचिन पायलट, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नासिर हुसैन, चरणजीत सिंह चन्नी, गौरव गगोई, तारिक अनवर, मोहम्मद जावेद, मनोज



राम, अलका लांबा, पवन खेड़ा, इमरान प्रतापगढ़ी, शकील अहमद, जीतू पटवारी, सुखदेव भगत, राजेश कुमार राम, शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, अजय राय, जिग्नेश मेवानी, अनिल जयहिंद, राजेंद्र पाल गौतम, फुरकान अंसारी, उदय भानु चिब, सुबोध कांत सहाय का नाम भी स्टार प्रचारकों में है।

बिहार में दो चरणों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। 6 नवंबर को पहले चरण जबकि दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होंगे। इसमें महागठबंधन के किस पार्टी के कितने उम्मीदार मैदान में उतरेंगे इस पर क्लियर पिक्चर अभी तक नहीं आई है। कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष है। दरअसल महागठबंध में सीट का पेंच अभी तक फंसा है। शनिवार को पटना में कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है।

## जहां हैं, वहीं रुक जाएं और युद्ध खत्म करें..

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी बैठक के बाद कीव और मॉस्को से कहा कि जहां हैं, वहीं रुक जाएं और अपने क्रूर युद्ध को समाप्त करें। पिछले नौ महीनों में इस युद्ध को लेकर ट्रंप की नाराजगी कई बार सामने आ चुकी है, जब से वह दोबारा राष्ट्रपति बने हैं। लेकिन इस बार उन्होंने संकेत दिया कि यक्रेन को वह इलाका छोड़ देना चाहिए जो रूस ने कब्जे में ले लिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, काफी खून बह चुका है। अब जमीन की सीमाएं युद्ध और साहस से तय हो रही हैं। अब उन्हें वहीं रुक जाना चाहिए। दोनों ही पक्ष खुद को विजेता मानें और ऐतिहासिक फैसला करें। बाद में जब ट्रंप फ्लोरिडा पहुंचे (जहां वह साप्ताहांत बिता रहे हैं), तो उन्होंने दोनों देशों से तत्काल युद्ध बंद करने की अपील की और संकेत दिया कि रूस वही जमीन अपने पास रख सकता है, जो उसने यूक्रेन से ले ली है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, आप जंग के मोर्चे की जो स्थिति है, उसी को मानें। वरना मामला बहुत जटिल हो जाएगा। उसी मोर्चे पर रुकें और दोनों पक्ष घर जाएं, अपने परिवारों के पास लौटें, हत्या बंद करें। बस वही होना चाहिए। ट्रंप का रवैया समय के साथ बदलता रहा है। पहले वह यूक्रेन को जमीन छोड़ने की सलाह दे रहे थे। लेकिन हाल के हफ्तों में उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रति नाराजगी जताई और यूक्रेन की ज्यादा मदद करने की बात करने लगे थे। इसका मतलब है कि ट्रंप की सोच स्थिर नहीं रही। कभी वो यूक्रेन को समर्थन देने की बात करते हैं, तो कभी उसे समझौता करने के लिए कहते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात के बाद ट्रंप ने यहां तक कहा था कि उन्हें लगता है यूक्रेन वो सभी इलाके वापस ले सकता है।

## कंबोडिया ने 64 दक्षिण कोरियाई नागरिकों को देश से निकाला, चार्टर्ड उड़ान से उनके देश भेजा वापस

**कंबोडिया, एजेंसी।**
कंबोडिया में कथित ऑनलाइन धोखाधड़ी मामलों में हिरासत में लिए गए 64 दक्षिण कोरियाई नागरिकों को शनिवार को चार्टर्ड उड़ान से उनके देश भेजा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उनमें से अधिकांश को संदिग्ध के रूप में आपराधिक जांच का सामना करना होगा। यह बड़े पैमाने पर प्रत्यर्पण दक्षिण कोरिया में जनता के आक्रोश के बाद हुआ, जब कंबोडिया में एक दक्षिण कोरियाई कॉलेज छात्र को बेरहमी से प्रताड़ित कर मार दिया गया, जिसे एक आपराधिक गिरोह ने काम के बहाने लुभाया था। कोरियन एयर की उड़ान उन्हें पनाम पेन्ह के निकट टेको अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के पांच घंटे बाद सुबह 8-35 बजे इंचियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी।

दक्षिण कोरियाई सरकार की प्रतिक्रिया टीम कुछ दिन पहले कंबोडिया भेजी गई थी ताकि ऑनलाइन धोखाधड़ी में शामिल नागरिकों की सहायता की जा सके। जांच में पता चला कि विमान में चढ़ने के तुरंत बाद ही इन नागरिकों को हिरासत में लिया गया



था और उन्हें देशभर के पुलिस थानों में ले जाया जाएगा। कानून के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज वाली एयरलाइन में भी हिरासत वारंट लागू किए जा सकते हैं क्योंकि इसे दक्षिण कोरिया का हिस्सा माना जाता है। अगस्त में, एक दक्षिण कोरियाई विश्वविद्यालय छात्र को कंबोडिया में नौकरी के झांसे में लाकर प्रताड़ित और मार दिया गया था।

इस घटना ने कंबोडिया में बढ़ती धोखाधड़ी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें उच्च वेतन का झांसा देकर नागरिकों को फंसाया जाता है और उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। जिन लौटे नागरिकों को जांच का सामना करना है, वे कंबोडिया में अपराधी संगठनों के ऑनलाइन धोखाधड़ी मामलों में शामिल थे। कंबोडियाई अधिकारियों ने 59 को हिरासत में लिया, जबकि अन्य पांच को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद बचाया गया। यह एकल विदेशी देश से दक्षिण कोरियाई अपराधियों को लौटाने का अब तक का सबसे बड़ा अभियान था और इसका यह तीसरा संस्करण है। विमान में 190 पुलिस अधिकारी भी थे, जो संदिग्धों को पुलिस थानों तक पहुंचाने के लिए मौजूद थे। इंचियन हवाई अड्डे पर 23 वाहन तैयार रखे गए थे।

# भगोड़े मेहुल चोकसी को बड़ा झटका

**बेल्जियम एजेंसी।**
बेल्जियम की एक अदालत ने भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। अदालत ने यह फैसला भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा की गई उसकी गिरफ्तारी को वैध ठहराते हुए सुनाया। घटनाक्रम से जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह फैसला भारत के लिए एक बड़ी जीत माना जा रहा है, क्योंकि अदालत ने चोकसी की गिरफ्तारी को सही ठहराया है। हालांकि, मामला अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, क्योंकि चोकसी के पास एंटवर्प (बेल्जियम) की अदालत के इस फैसले के खिलाफ बेल्जियम की उच्च न्यायालय में अपील करने का विकल्प मौजूद है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आदेश हमारे पक्ष में आया है। अदालत ने भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा की गई उसकी गिरफ्तारी को वैध करार दिया है। अब उसे भारत लाने की कानूनी प्रक्रिया का



पहला चरण स्पष्ट हो गया है। बेल्जियम के अभियोजकों को भारत के विदेश मंत्रालय और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला, जिन्होंने अदालत में यह दलील मजबूती से रखी कि चोकसी ने अपने नजदीकी रिश्तेदार नीरव मोदी के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के करीब 13,000 करोड़ रुपये का घोटाला किया है।

अधिकारियों ने बताया कि अभियोजकों ने अदालत को यह भी बताया कि चोकसी के फरार होने का खतरा है, इसलिए उसे जेल से रिहा नहीं किया जा सकता। सितंबर के मध्य में हुई सुनवाई में बेल्जियम के अभियोजकों और चोकसी के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद, अदालत ने फैसला दिया कि उसकी गिरफ्तारी वैध थी। अधिकारियों ने बताया कि चोकसी (66) को सीबीआई के प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर 11 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। उसकी जमानत याचिकाएं वहां की विभिन्न अदालतों द्वारा खारिज कर दी गई हैं। भारत ने बेल्जियम के अधिकारियों को यह भी भरोसा दिलाया है कि अगर चोकसी को वहां से प्रत्यर्पित किया जाता है, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक संख्या 12 में रखा जाएगा।

मंत्रालय ने चार सितंबर को एक पत्र के माध्यम से बेल्जियम के अधिकारियों को सूचित किया कि जेल के बैरक संख्या 12 में प्रत्येक कैदी के लिए रहने का स्थान सजा के दौरान यातना की रोकथाम से संबंधित यूरोप की एक समिति की आवश्यकताओं के अनुरूप है। चोकसी धोखाधड़ी करके एंटीगुआ और बारबुडा भाग गया था और घोटाले का खुलासा होने से महीनों पहले उसने वहां की नागरिकता ले ली थी। मेहुल चोकसी के बेल्जियम में पकड़े जाने के बाद सीबीआई, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी ताकि उसे भारत लाकर उसपर मुकदमा चलाया जा सके। गृह मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि जिस कोठरी में चोकसी को कैद रखा जाएगा, वह लगभग 20 फुट लंबी और 15 फुट चौड़ी है और इसमें अलग शौचालय व वाशरूम है। पत्र में बताया गया है कि छत की ऊंचाई लगभग 15 फुट है, जिसमें तीन खिड़कियां, पांच ऊपरी वेंटिलेटर और एक ग्रिल वाला मुख्य दरवाजा है। अधिकारियों ने बताया कि चोकसी और उसका नजदीकी रिश्तेदार नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक के 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित हैं।

## भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा...ट्रंप ने फिर किया बड़ा दावा



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को फिर एक बार कहा कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना जल्द ही बंद कर देगा। यह बयान ट्रंप की उस रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है जिसमें वे मॉस्को पर दबाव बनाना चाहते हैं कि वह यूक्रेन युद्ध को खत्म करे।


ट्रंप ने दावा किया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे कहा है कि भारत बहुत जल्द रूस से तेल की खरीद बंद कर देगा। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रंप ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बताया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा, जिसके बाद भारतीय अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इस बातचीत की कोई जानकारी नहीं है।

इस दावे के बाद, भारत के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी बातचीत की जानकारी नहीं है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, भारत ने कभी भी यह घोषणा न तो की है और न ही ऐसी कोई योजना सार्वजनिक की है कि वह तुरंत रूस से तेल बंद करेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की विदेश और ऊर्जा नीतियाँ समर्थित निर्णय और समेकित सुरक्षा-आर्थिक सोच पर आधारित होती हैं, और ऐसी बड़ी घोषणा बिना तैयारी के नहीं होती। भारत वर्तमान में ओपेक और रूस दोनों से कच्चा तेल आयात करता है। भारत ने पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और आर्थिक दबावों के बीच ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विविध स्रोतों से तेल की खरीद को संतुलित किया है।

# पैरोल में चकमा देकर भागने वालों में दिल्ली के कैदी दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में पैरोल के दौरान चकमा देने वाले कैदियों की संख्या ने लोगों को हैरान कर दिया है। दिल्ली देश में ऐसा दूसरा राज्य है जहां पैरोल पर भागने वाले कैदियों की संख्या ज्यादा है। नेशनल प्रिजन्स इन्फॉर्मेशन पोर्टल के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में फिलहाल 167 ऐसे अपराधी हैं जो 1990 से अब तक पैरोल पर भाग चुके हैं। इस सूची में गुजरात सबसे ऊपर है,जहां 1,187 ऐसे मामले दर्ज हैं।

नए आंकड़ों के अनुसार,इस सूची में मध्य प्रदेश 108 पैरोल जंपर्स के साथ तीसरे स्थान पर है,जिसके बाद महाराष्ट्र 99 मामलों के साथ चौथे स्थान पर है। आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों उत्तर प्रदेश,हरियाणा और पंजाब में पैरोल पर भागने वालों की संख्या 10 से भी कम है। आंकड़ों से यह भी पता चला कि दिल्ली की सभी जेलों में कुल



19,993 कैदी हैं,जबकि गुजरात में 18,805 कैदी हैं।

मध्य प्रदेश में यह संख्या 43,234 और महाराष्ट्र में 40,497 है। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से कम से कम 75 प्रतिशत कैदी विचाराधीन हैं (जिन पर अभी मुकदमा चल रहा है) और बाकी दोषी करार दिए गए हैं। नए आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में हर 120 कैदियों में से एक व्यक्ति पैरोल जम्पर है,जबकि गुजरात में यह अनुपात हर 16 कैदियों पर एक पैरोल जम्पर(पेरोल में भागने वाला) का है।

दिल्ली पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पोर्टल यह भी दिखाता है कि दिल्ली में पैरोल पर ज़्यादा रिहाई होती है। अधिकारी के अनुसार,ऐसा इसलिए है क्योंकि अदालतें उदार हैं और कैदी अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक हैं।

अधिकारी ने बताया,हालांकि यह डेटा दिल्ली जेलों की ओर से हमारी मदद से दर्ज किया जाता है,लेकिन इसमें हमने पैरोल जंपर्स,साथ ही अंतरिम जमानत और फरलो पर भागे हुए लोगों के नाम भी शामिल किए हैं। सभी पैरोल जंपर्स दोषी करार दिए गए अपराधी होते हैं। चूंकि अदालतें इन रिहाइयों की अनुमति देती हैं,इसलिए कुछ कैदी पैरोल का फायदा उठाते हैं और कभी वापस नहीं लौटते। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस इस साल इस समस्या पर काम कर रही है। इस साल जनवरी से अक्टूबर के बीच 120 से ज़्यादा पैरोल जंपर्स और अंतरिम ज़मानत पर भागे हुए लोगों को पकड़ा गया है।

अधिकारी ने यह भी बताया,पड़ोसी राज्यों और कुछ अन्य राज्यों में कम पैरोल में भागने वालों का कारण यह है कि वे दोषसिद्धि पर अधिक जोर देते हैं और मुश्किल से ही पैरोल पर रिहाइयां देते हैं। वहीं,दिल्ली में हाई कोर्ट ऐसे मामलों को संभालने में अधिक उदार है। पोर्टल में 1994-2001 तक के पुराने मामले भी हैं,लेकिन यह दिखाता है कि अब तक सबसे ज्यादा पैरोल जंपर्स तिहाड़ जेल में दर्ज किए गए हैं,जो 120 से ज्यादा हैं। इस बीच,पिछले सप्ताह जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2023 के जेल आंकड़ों से पता चला है कि देश में दिल्ली की जेलों में भीड़भाड़ की दर सबसे ज्यादा है।

## बहुत शर्म की बात है; दिल्ली के जाम पर फूटा मशहूर लेखक का गुस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मशहूर लेखक और बिजनेसमैन सुहेल सेठ ने फिर एक बार निशाना साधा है और इस बार उनके रडार में दिल्ली की सरकार है। सुहेल सेठ ने दिल्ली के जाम और बाकी रखरखाव को लेकर सीएम रेखा गुप्ता और उनकी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शासन बहुत ही खराब है। यही नहीं उन्होंने दिल्ली पुलिस पर भी सवाल खड़े किए। मॉनसून के दौरान आई बाढ़ के लिए गुरुग्राम की स्थिति पर सैनी सरकार को कोसने वाले सुहेल सेठ ने इस बार दिल्ली की स्थिति पर सवाल उठा दिए हैं। लेखक सुहेल सेठ ने अपने एक्स हैंडल से लिखा कि यह सचमुच शर्म की बात है कि ट्रैफिक और रखरखाव दोनों के मामले में दिल्ली का शासन बहुत ही खराब है। जब मुख्यमंत्री सड़क पर झाड़ू लगाने और नदी में डुबकी लगाने में व्यस्त हैं,तो ऐसा ही होता है और जहां तक पुलिस की बात है, मुझे नहीं लगता कि अब उनका कोई अस्तित्व है। जब तक कि वे मिस्टर इंडिया की तरह अदृश्य न हों। बता दें कि मॉनसून में सुहेल सेठ ने गुरुग्राम में बदहाल व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा था कि गंभीरता से कहें तो गुरुग्राम पूरी तरह से खत्म हो चुका है। आप कल्पना भी नहीं कर सकते। इस शहर को बर्बाद करने वाले पहले शख्स मनोहर लाल खट्टर थे।

# बोकारो में दीपावली पर टेराकोटा सजावटी सामानों की धूम





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दीपावली के अवसर पर बोकारो शहर में बाजारों की रौनक बढ़ गई है। लोग अपने घरों को सजाने-संवारने के लिए तरह-तरह के सजावटी सामानों की खरीदारी में जुटे हुए हैं। इस बार बोकारो के बाजारों में कोलकाता से आए दुकानदारों द्वारा टेराकोटा (मिट्टी से बने) सजावट के सामानों की बिक्री खूब हो रही है। इन दुकानों में आकर्षक हाथी, घोड़े, कलश, दीये और अन्य कलात्मक मूर्तियाँ लोगों को अपनी ओर खींच रही हैं। टेराकोटा के ये सामान न केवल सुंदर दिखते हैं बल्कि पूरी तरह से स्वदेशी भी हैं। ग्राहकों का कहना है कि ये चीनी सामानों से कहीं बेहतर हैं और घर को पारंपरिक व आकर्षक लुक देते हैं। लोग इसे खरीदकर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन कारीगरों की मेहनत का भी सम्मान कर रहे हैं जो इन वस्तुओं का निर्माण करते हैं। दुकानदारों ने बताया कि ये सामान पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के निकट कृष्णनगर में तैयार किए जाते हैं, जो अपनी टेराकोटा कला के लिए प्रसिद्ध है। इनके निर्माण में मिट्टी, लोहे की धूल और पत्थर की धूल का उपयोग किया जाता है, जिससे ये न केवल मजबूत बल्कि पूरी तरह वाटरप्रूफ भी होते हैं। कीमतों की बात करें तो छोटे शोपीस मात्र ₹130 से शुरू होते हैं, जबकि सबसे महंगा सामान ₹3500 में मिलने वाला दो बड़े घोड़ों का जोड़ा है। दीपावली की खरीदारी के दौरान लोग बड़ी संख्या में इन सुंदर और टिकाऊ सजावट के सामानों को खरीद रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय बाजार में रौनक बढ़ी है, बल्कि स्वदेशी कला और कारीगरी को भी नया प्रोत्साहन मिला है।

# दीपावली पर मिट्टी के दीयों और सजावटी सामानों की मांग बढ़ी





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोशनी का त्योहार दीपावली नजदीक आते ही बोकारो के बाजारों में पारंपरिक मिट्टी के दीयों की बिक्री जोरों पर है। जिले के ग्रामीण इलाकों से आए कुम्हार परिवार बीते तीन महीनों की कड़ी मेहनत के बाद सड़क किनारे अपनी दुकानों को सजा चुके हैं। ये परिवार न केवल मिट्टी के दीये बल्कि घर की सजावट के लिए बनाए गए अनेक आकर्षक मिट्टी के सामान भी बेच रहे हैं। इस बार दीये ₹12 दर्जन के हिसाब से मिल रहे हैं, जो आम लोगों के बजट में भी हैं। लोग इन दीयों और सजावटी सामानों को खरीदकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन दे रहे हैं। खरीदारों का कहना है कि मिट्टी का दिया न केवल पवित्रता और सादगी का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण के लिए भी लाभदायक है। महिलाओं ने कहा कि हमें सबसे पहले उन कुम्हार परिवारों के घरों में दीये की रोशनी जलानी चाहिए, जिन्होंने मेहनत से इन्हें तैयार किया है। उनका मानना है कि चीनी लाइटों की बजाय मिट्टी के दीयों से ही असली दीपावली की चमक दिखाई देती है। कुम्हार परिवार के एक युवक ने बताया कि दीयों के निर्माण में महीनों की मेहनत लगती है, लेकिन जब लोग इन्हें खरीदकर सराहना करते हैं, तो सारा परिश्रम सार्थक लगने लगता है। उन्होंने कहा कि चीनी लाइटें अस्थायी होती हैं, जबकि मिट्टी का दिया हमारी परंपरा, संस्कृति और स्वदेशी आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इस दीपावली पर बोकारो के बाजारों में मिट्टी की महक और दीयों की रौशनी एक बार फिर परंपरा को जीवित कर रही है। लोग न केवल सजावट के लिए बल्कि स्वदेशी कारीगरों के समर्थन में भी इन दीयों को अपना रहे हैं। इससे जहां कुम्हार परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है, वहीं पर्यावरण के संरक्षण का संदेश भी फैल रहा है।

# बीएसएल के आईसीएसएफ एंड पीएस विभाग के कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के आयरन एंड स्टील फाउंड्री एवं पैटर्न शॉप विभाग द्वारा नियमित एवं संविदा कर्मचारियोंके उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान को सम्मानित करने हेतु एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स) के कार्यालय में किया गया. इस अवसर पर विभाग के विभिन्न अनुभागों के 15 कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय कार्य, समर्पण और नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) एवं अतिरिक्त प्रभार (शॉप्स) श्री शरद गुप्ता उपस्थित रहे. इस अवसर पर महाप्रबंधक (शॉप्स) श्री जयंता सरकार, उप महाप्रबंधक(शॉप्स) श्री पी. बुल्लिअब्बाय, वरीय प्रबंधक श्री अनिल कुमार, श्री सानी उराँव, श्री खेमनाथ महतो, उप प्रबंधक श्री अशोक कुमार मीणा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित थे. मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन, टीम भावना एवं नवाचार की सराहना करते हुए सभी सम्मानित कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी और उनके सतत योगदान की प्रशंसा की. उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में आईसीएसएफ एंड पीएस ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं. इनमें प्रमुख है दुगार्पुर स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस के लिए रिकॉर्ड समय-सीमा में 30 विशेष कूलिंग प्लेटों का सफल निर्माण एवं प्रेषण. प्रत्येक कूलिंग प्लेट, जिसकी अनुमानित लागत ₹1.2 लाख है, को आयरन एंड स्टील फाउंड्री की टीम ने सटीकता और उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ तैयार किया. तकनीकी उन्नयन के क्षेत्र में भी सराहनीय पहल करते हुए तीन पुरानी क्रेनों में बस-बार सिस्टम को ट्रेलिंग केबल सिस्टम से प्रतिस्थापित किया गया, जिससे परिचालन दक्षता में वृद्धि सुनिश्चित हुई. इसके अलावा, हाल ही में, बोकारो रेलवे स्टेशन स्थित ह्यइस्पात उद्यानह्ल में स्थापित स्मारक के लिए पैटर्न का निर्माण विभाग द्वारा किया गया, साथ ही दुगार्पुर और बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस-5 की मरम्मत हेतु जटिल कूलिंग प्लेट मोल्ड्स का विकास भी सफलतापूर्वक किया गया. आईसीएसएफ एंड पीएस की उपलब्धियाँ न केवल बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता और तकनीकी दक्षता को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि 'सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार' के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को और सशक्त कर रही हैं.




**सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी सम्बंधित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में चल रहे तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-12/ए, में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 84 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सतर्कता, ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है. विद्यार्थियों ने सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर चित्रकला एवं भाषण के माध्यम से अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. इस अवसर पर बीएसएल के श्री शनि रंजन, सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता), श्री पंकज कुमार, वरीय प्रबंधक (सतर्कता) के साथ श्री प्रवीण कुमार प्राचार्य एवं सतर्कता विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे. विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों में नैतिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया. कार्यक्रम का आयोजन सतर्कता विभाग की टीम द्वारा किया गया. कार्यक्रम के विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा. कार्यक्रम का सञ्चालन डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-12/ए के शिक्षक श्री मनोज कुमार मिश्रा एवं शिक्षिका सुश्री प्रियंका के द्वारा किया गया.

# मां दुर्गा के लिए अपशब्द का इस्तेमाल करने वाले अधिवक्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंबेडकर वादी अधिवक्ता संघ " नामक व्हाट्सऐप ग्रुप मे एक अधिवक्ता द्वारा मां दुर्गा के लिए अपशब्द का इस्तेमाल का मामला प्रकाश में आया है। एक अधिवक्ता ने बोकारो स्टील सिटी थाने में उक्त अधिवक्ता के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कहा गया है कि हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ की मंशा से टिप्पणी की गई है। खबर के अनुसार अधिवक्ता



मृत्युजंय मल्लिक ने अधिवक्ता अशोक महतो पर बीएस सिटी थाने में एक मामला दर्ज करवाया है। अधिवक्ता अशोक महतो के द्वारा मां दुर्गा को ऐसी - ऐसी गाली दी है, जिसको लिखने में भी शर्म महसूस किया जा सकता है। बोकारो बार में प्रैक्टिस करने वाले वकील मृत्युंजय मल्लिक ने इसी बार में प्रैक्टिस करने वाले अशोक महतो पर आज सिटी थाना में एक मामला दर्ज कराया है। अपने शिकायत पत्र में अधिवक्ता मृत्युंजय मल्लिक ने लिखा है कि अंबेडकर वादी अधिवक्ता संघ " नामक व्हाट्सऐप ग्रुप का संचालन वकील अशोक महतो और मोबाइल नंबर - 7209735337 के स्वामित्व वाला अज्ञात व्यक्ति करता है। इस ग्रुप में मां दुर्गा को लेकर बहुत ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। जिस मां दुर्गा को हम हिंदू शक्ति। स्वरूपा मानकर पूजा करते हैं, उनके लिए घृणित गाली का प्रयोग किया गया है। यह हिंदू की धार्मिक भावना को आहत करने, ठेस पहुंचाने, समाज में विद्वेष फैलाने, जातीय आधार पर जो सौहार्द है, उसको छिन - भिन्न करने आदि के उद्देश्य से किया गया है। यह भारतीय कानून का उल्लंघन है। इस पर यथाशीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाए। अधिवक्ता मल्लिक ने बताया कि अधिवक्ता अशोक महतो पहले किसी बैंक का कर्मचारी थे जो रिटायरमेंट के बाद वकालत कर रहे है।

# आयुर्वेद प्राचीनतम और विश्वसनीय चिकित्सा पद्धति : रवीन्द्र नाथ महतो



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनवंतरी दिवस के अवसर पर बोकारो के बियाडा हाउसिंग कॉलोनी में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने निवार्णा आयुर्वेद क्लीनिक का उद्घाटन किया। आयुर्वेद क्लीनिक के उदघाटन पर संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की आयुर्वेद हमारी जड़ों और संस्कार से जुड़ा हुआ है । हम सब गर्व से कह सकते हैं की यह संपूर्ण विश्व की सबसे प्राचीनतम और विश्वसनीय चिकित्सा पद्धति है । यह एक ऐसी पद्धति है जो किसी भी बीमारी को जड़ से समाप्त करती है । अब लोगों की रुचि फिर से अपने इस पद्धति को ओर खीच रहा है , और तो और पूरे विश्व में भी इसकी तरफ रुझान बढ़ा है । उन्होंने इस केंद्र की संचालक नीना नारायण और आराधना कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दिया । इस उद्घाटन कार्यक्रम में बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगरनाथ शाही , कांग्रेस जिला अध्यक्ष जवाहर लाल माहथा, झामुमो जिलाध्यक्ष डॉक्टर रतनलाल मांझी, भाजपा नेता कमलेश राय,झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव, भाजपा महामंत्री संजय त्यागी, झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी और शहर के गण्यमान लोग उपस्थित थे ।

# लोगों की सुरक्षा के लिए सभी अंचल व प्रखंड में क्यूआरटी गठित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर दीपावली के अवसर पर लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने जिले धनबाद, झरिया, पुटकी, गोविंदपुर, बलियापुर, निरसा, एगारकुंड, कलियासोल, तोपचांची, बाघमारा, टुंडी एवं पूर्वी टुंडी में क्विक रिस्पोंस टीम (कयूआरटी) का गठन किया है। टीम में संबंधित प्रखंड व अंचल के अंचल अधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा संबंधित थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी रहेंगे। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि 20 व 21 अक्टूबर 2025 को जिले में दीपावली, लक्ष्मी पूजा, काली पूजा मनायी जाएगी। इस अवसर पर लोगों के द्वारा अपने-अपने घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक स्थानों पर साज-सज्जा के साथ मूर्ति स्थापित कर विधि-विधान से पूजा करने की परम्परा है तथा विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पूजा पण्डाल बनाया जाता है एवं मेला का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें काफी संख्या में भीड़ जमा होती है। इसके साथ ही दीपावली के अवसर पर बड़े पैमाने पर पटाखे फोड़े जाते है। इसको लेकर कुछ स्थलों पर हाई डेसिबेल (उच्च ध्वनि तीव्रता) से पटाखा फोड़ने से संबंधित विवाद अथवा कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। इस दौरान आग लगने की घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके मद्देनजर सतत निगरानी, सतर्कता के साथ-साथ अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा व्यवस्था तथा अग्निशमन दस्ता की उपलब्धता अत्यंत अल्प अवधि में हो सके इसके लिए कयूआरटी टीम का गठन किया है। उन्होंने बताया कि पर्व के अवसर पर सिविल सर्जन धनबाद अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत सभी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक, पारा मेडिकल टीम तथा एम्बुलेंस की उपलब्धता हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। साथ ही धनबाद, झरिया तथा सिन्दरी के अग्निशमन पदाधिकारी को पर्व के अवसर पर अग्निशमन वाहन एवं अग्निशमन यंत्र चालू अवस्था में रखने के लिए निर्देशित किया है।

# सोने की चेन छीनकर भागे बाइक सवार अपराधी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरायढेला थाना क्षेत्र के कुसुम विहार फेज-1 में आज सुबह एक सोने की चेन छीनने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़ित सागर मिश्रा, जो कुसुम विहार, फेज-1 के निवासी हैं, उन्होंने ने बताया कि जब वे सड़क किनारे कुसुम विहार स्थित सनी जनरल स्टोर खड़े थे तभी दो बाइक सवार युवक पल्सर 220 से अचानक पहुंचे और उनकी सोने की चेन झपट कर फरार हो गए। यह घटना सुबह करीब 10:24 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित ने तत्काल सरायढेला थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के उउळश फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

# सांसद प्रतिनिधि के सम्मान में अभिनंदन समारोह

**भुली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूली बी ब्लॉक बुधनी हटिया स्थित पतंजलि योग केंद्र में नवनिर्वाचित सांसद प्रतिनिधि के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह मे कृष्णा देव मोदी को सिंदरी विधान सभा से शिक्षा विभाग का सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर उन्हें पुच्छ गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षा प्रतिनिधि ने योग मित्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पतंजलि योग केंद्र में नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार होता है इससे शरीर की लचीलापन मांसपेशियों की ताकत और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है जबकि तनाव चिंता और अवसाद कम होता है इसके अलावा योग एकाग्रता बढ़ाता है और बेहतर पाचन और श्रसन स्वास्थ्य में मदद करता है। पतंजलि योग केंद्र के प्रभारी अशोक गुप्ता ने सांसद प्रतिनिधि से योग केंद्र का मरम्मत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में यहां सभी योग मित्रों को योगा करने में बहुत दिक्कत होती है क्योंकि छत का अधिकतर एडवेंसटर टूट जाने के कारण बरसात के दिनों में बहुत समस्या होती है।

# रसल वाइपर सांप का जोड़ा मिलने से लोगों में दहशत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो शहरी इलाके में रसल वाइपर सांप लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। ताजा मामला सेक्टर 11 में सामने आया है ।जहां रिहाईसी इलाके में एक नर और एक मादा रसल वाइपर को बोकारो स्टील सीआईएसफ में तैनात एमके सिंह और बोकारो स्टील सिक्योरिटी में तैनात एम पांडे ने रेस्क्यू करते हुए जंगल में छोड़ने का काम किया है।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी थी इसके बाद काफी मशक्कत के बाद दोनों जोड़ा को झाड़ियां के बीच गड्ढे से निकल गया। बोकारो सिक्योरिटी विभाग में तैनात सर्पमित्र एम पांडे ने बताया कि रसल वाइपर इस वक्त जोड़ा लगते हैं अगर कहीं एक रसाल भाई पर आपको दिखा है तो दूसरा वहां मौजूद होगा इसकी गारंटी है। रसल वाइपर को को अजगर का बच्चा समझ कर लोग लापरवाही बररते हैं।जिस कारण यह लोगों को हानि पहुंचा रहे हैं ।बोकारो जनरल



अस्पताल में कई रसल वाइपर के शिकार मरीजों का इलाज सफलता के साथ किया जा चुका है। अगर आप हिम्मत के साथ बिना डरे इलाज कर रहे हैं तो इसका जहर भी असर नहीं करता है। समय पर अस्पताल पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि लोग इस विदेशी सांप रहते हैं लेकिन भारत में से विभिन्न नाम से जाना जाता है।

# डीएवी के बच्चों ने रंग-बिरंगे कार्ड पर उकेरी अपनी कल्पनाशीलता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीएवी सेक्टर-4 मे आपसी प्रेम सौहार्द और खुशी का त्यौहार दिवाली के अवसर पर अनेक तरह के कार्यक्रम किए गए। विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर बच्चों ने दिवाली पर्व से जुड़े विभिन्न पक्षों को बड़े ही प्रभावशाली एवं भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। वर्ग-3 से लेकर वर्ग-5 तक के बच्चों ने दिवाली पर कविता-पाठ, नाटक, दिवाली पर्व से जुड़ी महत्वपूर्ण कथाएं, दिवाली पर किए जाने वाले क्रियाकलाप एवं दिवाली पर अपनाई जाने वाली सावधानियाँ आदि विषयों को नाटक के रूप में मंचित कर अपनी प्रस्तुतियां दी। दिवाली पर्व की महत्ता और मान्यता पर अत्यंत ही प्रभावशाली ढंग से रखे गए तथ्यों को बच्चों ने बड़े ही सरलता और सहजता से आत्मसात किया। कक्षा छठी और सातवीं के बच्चों के लिए



अंतरसदनीय कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें प्रत्येक हाउस से आठ-आठ बच्चों ने सहभागिता की। दिवाली, नववर्ष, फागुन आदि विषयों पर बच्चों ने बड़े ही उत्कृष्ट और मोहक कार्ड तैयार किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री एसके मिश्रा ने कहा कि भारतीय पर्व त्यौहार हमारी सांस्कृतिक विरासत है और बच्चों को पर्व त्योहारों के महत्व और उनसे जुड़ी तथ्यों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए इसके अतिरिक्त पर्व त्यौहार हमारे अंदर अनेक मानवीय गुणों का संवर्धन करते हैं जो हम सबको एक श्रेष्ठ मानव बनने में मददगार होता है। बच्चों द्वारा निर्मित सुंदर-सुंदर कार्ड हेतु प्राचार्य महोदय ने बच्चों को बधाई दी और उनके रचनात्मक की प्रशंसा की। सभी शिक्षकवृंद और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया।

# बाल विवाह, बाल तस्करी और यौन हिंसा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

**चास/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाल विवाह, बाल तस्करी और बाल यौन हिंसा जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता लाने के उद्देश्य से चास प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंगा बाजार, नारायणपुर में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जागरूकता अभियान सहयोगिनी संस्था द्वारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिमा दास ने इन सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, "बाल विवाह जैसे मुद्दे को समाप्त करने के लिए हम सभी को एकजुट होना होगा और जन जागरूकता का कार्य करना होगा।" उन्होंने लड़कियों की कम उम्र में शादी के गंभीर परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे न केवल लड़कियों का जीवन प्रभावित होता है, बल्कि घर-परिवार, समाज और देश को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने भी छात्रों को संबोधित किया और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया। सहयोगिनी संस्था की एनिमेटर सोनी कुमारी ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा बोकारो जिले में बाल विवाह के खिलाफ एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य समुदाय के प्रत्येक सदस्य को इन बुराइयों के प्रति सचेत करना और उन्हें कानूनी जानकारी प्रदान करना है। जागरूकता कार्यक्रम का समापन बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने इन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK